तन्मित्रं यत्र विश्वासः सा भार्या यत्र निवृतिः।। (चाणक्यनीति-2/4)
22. सरग समान आहा अटे सेहि घर,
परस्पर स्नेह यहिँ थाए निरन्तर।। (ओड़िआ भागवत, जगन्नाथदास)
- यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः।। (मनुस्मृतिः - 3/56)
23. जामयो यान्ति गेहानि शपन्त्यप्रतिपूजिताः।
तानि कृत्याहतानीव विनश्यन्ति समन्ततः।। (मनुस्मृतिः - 3/58)
24. मातृवत् परदारेषु परद्रव्येषु लोष्टवत्।
आत्मवत् सर्वभूतेषु यः पश्यति स पण्डितः।।
25. अहिंसा सत्यमस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
एतं सामासिकं धर्मं चातुर्वर्ण्येऽब्रवीन्मनुः। (मनुस्मृतिः - 10/63)

● **A-39, Sector-5, Rourkela – 769002, Orissa**



समयुगीन संस्कृत-काव्यशास्त्र में काव्यदोष
(पूर्ववर्ती संस्कृत-काव्यशास्त्र के परिप्रेक्ष्य में)

पवन कुमार

(The काव्य-s cannot be flawless, because, they are afterall composed by human beings. So the faults in *Kāvyas* are inevitable. The later *Ācāryas* have analysed the common faults of काव्य-s. They have paid much attention towards the divisions of faults. The paper tries to establish the गुणापकर्षता as the fault of *Kāvya*.)

उन्नीसवीं शताब्दी से बाद के आचार्यों के काव्यदोषविषयक विचारों के प्रसङ्ग में हम देखते हैं कि दोष-सामान्य की अवधारणा के सम्बन्ध में हरिदास-सिद्धान्त 'वागीश' (अपकर्षका: काव्यस्य दोषा:) तथा छज्जूरामशास्त्री 'विद्यासागर' (काव्यापकर्षका दोषा:) ने प्राय: एक समान लक्षण करते हुए काव्य के अपकर्षकों को दोष माना है। इनके लक्षणों को विश्वनाथ कविराज (वाक्यं रसात्मकं काव्यं, दोषास्तस्यापर्षका:)[1] तथा नृसिंह कवि (दोष: काव्यापकर्षस्य हेतु:)[2] आदि आचार्यों के दोष-सामान्य के लक्षणों से प्रभावित मानकर उनकी सरणि में रखा जा सकता है। सीताराम चतुर्वेदी ने 'गुणापकर्षकता' को दोषसामान्य का लक्षण (गुणापकर्षका दोषा:) बताया है जिसका अभिप्राय है कि आकर्षणोत्पादक तत्त्वों (गुणों) के अपकर्षक ही दोष हैं।[3] आशय की दृष्टि से आचार्य चतुर्वेदी को वामन (काव्य-सौन्दर्याक्षपहेतवस्त्यागाय दोषा विज्ञातव्या . . .)[4] तथा जयदेव *(. .. ..येन सक्षता रमणीयता। ......दोषमुद्घोषयन्ति तम्)*[5] . *स्याच्चेतो विशता येन सक्षता रमणीयता। शब्देऽर्थे च कृतोन्मेषं दोषमुद्घोषयन्ति तम्*, से प्रभावित माना जा सकता है, किन्तु वामन व जयदेव से श्री चतुर्वेदी का भेद यह है कि वामन व जयदेव के कथनानुसार दोष सीधे काव्यसौन्दर्य या रमणीयता को हानि पहुँचाते हैं, जबकि श्री चतुर्वेदी के मत में दोष काव्याकर्षण के उत्पादक तत्त्वों को हानि पहुँचाते हैं। रेवाप्रसाद ने 'अपूर्णता'[6] या 'अनवद्यसकलावयवता'[7] को दोष माना है। उनके द्वारा कथित दोष का यह स्वरूप हरिदास सिद्धान्त 'वागीश' के इस विचार से तुलनीय है कि जिन अपकर्षक तत्त्वों के वर्जन के द्वारा ही निर्म्मीयमाण काव्य अपने कार्यक्षम आत्मस्वरूप को धारण करता है वे दोष होते हैं (येषामपकर्षकाणां वर्जनेन निर्म्मीयमाणं खलु काव्यं कार्य्यक्षममात्मस्वरूपं धत्ते, तेषां दोषाणामेव.....)[8]। राधावल्लभ ने काव्य के लिए अनपेक्षित या अनावश्यक वस्तु को निवारणीय या 'वर्ज्य-तत्त्व' माना है। कहने की आवश्यकता नहीं कि दोषों को आचार्यों द्वारा त्याज्य, वर्ज्य या हेय ही माना गया है।

काव्य के स्वरूप या लक्षण में 'वर्ज्य तत्त्व या दोष' की स्थिति अथवा भूमिका की दृष्टि से विचार करने पर हम पाते हैं कि 20वीं शताब्दी से लेकर 21वीं शताब्दी के प्रारम्भ तक के जिन काव्यशास्त्रियों के दोषविचारों की चर्चा ऊपर की गई है उनमें से किसी ने भी 'अदोषता' को सीधे-सीधे अपने काव्यलक्षण में सम्मिलित नहीं किया है। हाँ, राधावल्लभ त्रिपाठी ने 'निर्दुष्टता' को अपने काव्यलक्षण में प्रकारान्तर से संगृहीत अवश्य माना है।[9] शिवजी उपाध्याय ने भी 'निर्दुष्ट' काव्य को ही सुन्दर माना है।[10] रेवाप्रसाद ने अपने

काव्यलक्षणों[11] में 'अदेयता' का उल्लेख भले ही न किया हो, किन्तु उनकी दोषाभाव (अपूर्णतैव दोषस्तद् दोषाभावश्च पूर्णता)[12] की अवधारणा[13] से स्पष्ट है कि उन्हें काव्य में दोषों का प्रागभाव ही अभीष्ट है। इस प्रकार इन आचार्यों ने अपने-अपने काव्यलक्षणों में 'अदोषता' का सीधे-सीधे उल्लेख भले ही न किया हो, किन्तु प्रकारान्तर से वे 'अदोषता' का अपने काव्यलक्षण में उल्लेख करने वाले भोज, मम्मट, मङ्खक, हेमचन्द्र, जयदेव, राजचूड़ामणि दीक्षित, अच्युतराय 'मोडक' तथा श्रीकृष्ण कवि आदि आचार्यों के 'अदुष्ट या निर्दुष्ट की काव्यता' के सिद्धान्त को स्वीकार करते हैं। इस विषय पर हरिदास सिद्धान्त 'वागीश' के विचार अस्पष्ट से हैं।[14] छज्जूराम शास्त्री 'विद्यासागर' का मत है कि यद्यपि दोष सर्वात्मना त्याज्य या वर्जनीय हैं तो भी सर्वथा निर्दुष्ट काव्य की उपलब्धि असम्भव ही है।[15]

'सन्ति दोषाः शतं माघे रघुवंशकिरातयोः।
नैषधे च महाकाव्ये नवीनेषु तु कथा।' इति

अस्तु, विद्यासागर 'अदोषत्व' को अपने काव्यलक्षण में स्थान तो नहीं ही देते हैं, साथ ही 'अदोषत्व' को काव्यलक्षण में स्थान देने के विचार के विरोधी विश्वनाथ कविराज-आदि आचार्यों के मत का अनुसरण[16] भी करते हैं। इस दृष्टि से वे भरत[17], भट्टनायक[18] तथा विश्वनाथ कविराज[19] आदि आचार्यों की सरणि में आते हैं।

सीताराम चतुर्वेदी द्वारा प्रतिपादित 'दोषाङ्कुश' की अवधारणा, व्यवहार एवं चर्चा के स्तर पर पूर्ववर्त्ती समीक्षा एवं काव्यशास्त्र में भी (चन्द्रालोक में) भले ही उपलब्ध रही हो किन्तु संस्कृत-काव्यशास्त्रीय सिद्धान्त के रूप में इसे परिभाषित एवं प्रतिपादित किया जाना एक अभिनव एवं व्यावहारिक प्रयोग है। दोष होने पर भी जिन उपायों से उनका परिहार किया जा सके उन्हें 'दोषाङ्कुश' कहा जाता है। सैद्धान्तिक विमर्श की दृष्टि से इस बिन्दु पर रेवाप्रसाद के 'काव्यदोष-प्रध्वंसाभाव विरोधी विचार एवं युक्तियाँ'[20] स्मरणीय एवं तुलनीय हैं।

बीसवीं शताब्दी से लेकर इक्कीसवीं शताब्दी के अरुणोदय काल के कई आचार्यों ने वर्ज्य-तत्त्व या दोष के व्यवस्थित निरूपण में रुचि नहीं दिखाई है। ब्रह्मानन्द शर्मा, रमाशङ्कर तिवारी, शङ्करदेव 'अवतरे', रहसविहारी द्विवेदी तथा राजेन्द्र मिश्र 'अभिराज' आदि इसी श्रेणी में आने वाले आचार्य हैं। हाँ, हरिदास सिद्धान्त 'वागीश' और छज्जूराम शास्त्री 'विद्यासागर' ने काव्यदोषों का भेद-प्रभेदों सहित विवरणपूर्वक प्रतिपादन अवश्य दिया है। सीताराम चतुर्वेदी ने भी दोष एवं दोषांकुश का प्रतिपादन किया है, किन्तु यह वागीश एवं विद्यासागर के प्रतिपादनों की तुलना में पर्याप्त संक्षिप्त है। रेवाप्रसाद ने केवल दोषसामान्य की अवधारणा के विषय में विचार किया है तथा उसके भेद-प्रभेदों आदि के विवरण-वर्गीकरण से अपने को दूर रखा है। शिवजी उपाध्याय ने वर्ज्यतत्त्व या दोष के विषय में प्रसङ्गवश ही अपने विचार व्यक्त किए हैं। राधावल्लभ ने यद्यपि अपने 'अलङ्कारसिद्धान्त' के 'वारणतत्त्व' के अन्तर्गत 'वर्ज्यतत्त्व' के विचार को भी अन्तर्भूत किया है किन्तु एतद्विषयक उनका विवरण- प्रतिपादन संक्षेप में एवं प्रसङ्गवश ही हुआ है। किन्तु इस सब के बावजूद समीक्ष्य काल-खण्ड के वर्ज्य-तत्त्व-विचार में आचार्यों ने परम्परा को साधते हुए कुछ नए प्रस्तुतीकरण दिए हैं।

सन्दर्भ

1. साहित्यदर्पणः, विश्वनाथ कविराज, शालिग्राम शास्त्री की विमला व्याख्या सहित, मोतीलाल बनारसीदास, नवम संस्करण, 1977, पुनर्मुद्रण, 2004, प्रथम परिच्छेद, कारिका 3 का द्वितीय चरण, पृष्ठ 21
2. दोषः काव्यापकर्षस्य हेतुः। (नञ्जराजयशोभूषणम्, पृ. 33)
– आधुनिक संस्कृत-काव्यशास्त्र, आनन्द कुमार श्रीवास्तव, द्र.पादसन्दर्भ 63, पृ. 176 से उद्धृत
3. साहित्यानुशासनम्, सीताराम चतुर्वेदी, चौखम्भा राष्ट्रभाषा ग्रन्थमाला - 11, चौखम्भा संस्कृत सिरीज आफिस, वाराणसी, प्रथम संस्करण, 1970, सूत्र 16 का पूर्वार्ध, पृ. 522। तत्रैव, सूत्र 15, पृष्ठ 496

4. ......काव्यसौन्दर्याक्षेपहेतवस्त्यागाय दोषा विज्ञातव्या ......।
- काव्यालङ्कारसूत्राणि, वामन, काव्यालङ्कार-कामधेनु-टीका सहित, काशीसंस्कृत ग्रन्थमाला 2009, चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, द्वितीय संस्करण, 1976, सूत्र 2.1.1 की उपक्रमवृत्ति, पृष्ठ 44
- चन्द्रालोकः, जयदेव, चौखम्भा सुरभारती ग्रन्थमाला -29, चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, संस्करण, 2005, द्वितीय मयूख, कारिका 1, पृ.19
6. अपूर्णतैव दोषस्तद् ....
- काव्यालङ्काकारकारिका, रेवाप्रसाद द्विवेदी, चौखम्भासुरभारती स्टडीज-1, चौखम्भासुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, प्रथम संस्करण, 1997, कारिका 148 का उत्तरार्ध, पृष्ठ 222
- वहीं, कारिका 28 की वृत्ति, पृष्ठ 53
7. अनवद्यसकलावयवतैव हि पूर्णता।
(A) अनवद्यसकलावयवतैव हि पूर्णता। .... एवं च यदिदं सर्वावयवानवद्यत्वं काव्यस्य सैव तस्य पूर्णता। सा च स्वयंप्रकाशा सहृदयानाम्। नास्ति तत्रान्वक्षिकी-प्रतिपर्यनुयोगः। अनुभव एव तत्र परमश्चरमश्च। तामिमां पूर्णतामेवारूढं काव्यम् अदोषम्। अपूर्णता च विकलाङ्गता। सा च व्यक्तमेव दोषः।
- तदेव, कारिका, 148 की वृत्ति, पृष्ठ 223-24
(B) यह भी ध्यातव्य है कि रेवाप्रसाद ने 'अलङ्कार' को काव्य की आत्मा माना है तथा अलङ्कार का अर्थ अलंभाव किया है, जो कि 'पर्याप्तता या पूर्णतास्वरूप' होता है
(I) आत्मवानर्थसंघातविज्ञानं काव्यमिष्यते। आत्मा चालङ्कृतिः सा च पर्याप्तिः, तत्र हेतवः।।
- तदेव, कारिका 1 के वृत्तिभाग में स्थित संग्रहोपस्कारकारिका 3, पृष्ठ 7
(II) अलंभावो ह्यलङ्कारः स च सौन्दर्यतत्कृतोः।
विभक्तात्मा विभुर्जीवब्रह्मणोश्चिद्घनो यथा।। - तत्रैव, कारिका 28,पृष्ठ 52
(III) अलंभावोऽलंत्वम्। तच्च पर्याप्ततापरर्यायपूर्णतारूपम्
8. येषामपकर्षकाणां वर्ज्जनेन निर्म्मीयमाणं खलु काव्यं कार्य्यक्षममात्मस्वरूपं धत्ते, तेषां दोषाणामेव प्रथमं वर्णनौचित्यं ....
- काव्यकौमुदी, हरिदास सिद्धान्त 'वागीश', 'सिद्धान्त विद्यालय, 41-देवलेन, इटानी, कलिकाता' से भवेशचन्द्र भट्ठाचार्य द्वारा बङ्गाब्द 1362 में प्रकाशित, सूत्र 10.1 की वृत्ति, पृष्ठ 70
9. (A) लोकानुकीर्त्तनं काव्यम्।।
- अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्रम्, राधावल्लभ त्रिपाठी, पण्डित बटुकनाथशास्त्री खिस्ते ग्रन्थमाला, पञ्चम पुष्प, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, प्रथम संस्करण, 2005, सूत्र 1.1.1, पृष्ठ 1
(B) अनुकीर्तनशब्दैः पुनराविष्करणम्। शब्दाश्च भवन्ति सार्थाः। इत्थमनुकीर्तनमिति पदेन निर्दुष्टयोः सगुणयोः सालङ्कारयो रसाभिव्यञ्जकयोश्च शब्दार्थयोः सङ्ग्रहः - वहीं, सूत्र 1.1.7-1. की वृत्ति , पृष्ठ 7
10. निर्गलद्रसनिर्व्युढं गुणालङ्कारसञ्चितम्। निर्दुष्ट-भावभूयिष्ठं काव्यसाहित्यमेव तत्।।
- साहित्यसन्दर्भः, शिवजी उपाध्याय, श्रीमती मीरा उपाध्याय द्वारा' 14-अध्यापक आवास, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से प्रकाशित, प्रथम संस्करण, 1990, पञ्चम परिच्छेद (सौन्दर्य विमर्शः), कारिका 7, पृष्ठ 50
11. (I) आनन्दकोषस्योल्लासे लोकोत्तरविभावना। अलङ्कृतार्थसंवित्तिः कविता सर्वमङ्गला।
काव्यालङ्कारकारकारिका; रेवाप्रसाद द्विवेदी, कारिका 1, पृष्ठ 5।
(II) काव्यं ज्ञानम्, अलङ्कारस्तस्यात्मा मध्यमाभिधा। संविदव्यभिचारेण तत्रोपाधिश्च वाग्विदे।।
- तत्रैव, कारिका 178, पृष्ठ 262
12 . काव्यालङ्कारकारिका, रेवाप्रसाद द्विवेदी, चौखाम्भासुरभारती स्टडीज-1, चौखम्भासुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, प्रथम संस्करण, 1977, कारिका 178 का उत्तरार्ध, पृष्ठ 222
- काव्यालङ्काकारकारिका, रेवाप्रसाद द्विवेदी, कारिका 151, पृष्ठ 228
(II) प्रध्वंसो दोषपङ्कस्य काव्यकाये कृतस्थितेः। नैव सम्भाव्यते, तस्मिन् सति काव्यं नवं भवेत्।।
- तत्रैव, कारिका 153, पृष्ठ 230

(III) काव्यनिर्माणात् परं दोषपरीहारे दोषकङ्कविरहततया नूतनं तत् काव्यं भवते्, विनश्येच्च तद् यत्रासीत् दोष:। ततश्च प्रध्वंसाभाव एष काव्यप्रतियोगिक एव जायेत। सोऽयं शूलस्य परिहाराय शिरसश्छेद:।

\- तत्रैव, कारिका 152 की वृत्ति, पृष्ठ 230

13. दोषाभावोऽप्यसावत्र प्रागभावतया स्थित:। काव्यनिर्माण: पूर्व परीहारोऽस्य यन्मत्त:।।

14 . (A) येषामपकर्षकाणां वर्ज्जनेन निर्म्मीयमाणं खलु काव्यं कार्य्यक्षममात्मस्वरूपं धत्ते, तेषां दोषाणामेव प्रथमवर्णनौचित्यं ....।

\- तदेव, सूत्र 10.1 की वृत्ति, पृष्ठ 70

(B) तदेव, सूत्र 1.2 की वृत्ति, पृष्ठ 3

(C) काव्यकौमुदी, हरिदास सिद्धान्त 'वागीश', 'सिद्धान्तविद्यालय, 41-देवलेन इटाली, कलिकाता' से भवेशचन्द्र भट्टाचार्य द्वारा बङ्गाब्द 1362 में प्रकाशित, दशमी कला, सूत्र 1, पृष्ठ 79

\- तदेव, कारिका 3.1 की वृत्ति,पृष्ठ 91

15. (A) ......तथापि सर्वथानिर्दुष्टकाव्यस्यासंभव एव .....।

\- साहित्यबिन्दु:, छज्जूराम शास्त्री 'विद्यासागर', मेहरचन्द्र लक्ष्मणदास, दिल्ली, प्रथम संस्करण, 1961, कारिका 3.1 की वृत्ति, पृष्ठ 91

(B) तथापि सर्वथा निर्दुष्टकाव्यस्यासम्भव एव यत्रेदमुच्यतेऽस्माभि:।

16. द्रष्टव्यं पादसन्दर्भ 1(B)A

17. न च किञ्चिद् गुणहीनं दोषै: परिवर्जितं न वा किञ्चित्।
तस्मान्नाट्यप्रकृतौ दोषा नात्यर्थतं ग्राह्या:।।

\- नाट्यशास्त्रम्, भरतमुनि, काशी संस्कृत ग्रन्थमाला 215, भाग-तृतीय, चौखम्भा संस्कृत-संस्थान, वाराणसी, प्रथम संस्करण, 1983, सप्तविंश अध्याय, कारिका 4.6, पृष्ठ 336

18 . .... नहि कीटानुवेधादयो रत्नस्य रत्नत्वं व्याहन्तुमीशा:, किन्तूपादेयतातारतम्यमेव कर्तुम्, तद्वदत्र श्रुतिदुष्टादयोऽपि काव्यस्य। उक्तं च - 'कीटानुविद्धरत्नादिसाधारण्येन काव्यता। दुष्टेष्वपि मता यत्र रसाद्यनुगम: स्फुट:।।' इति

\- साहित्यदर्पण:, विश्वनाथ कविराज, शालिग्राम शास्त्री की विमला व्याख्या सहित, मोतीलाल बनारसीदास, नवम संस्करण, 1977, पुनर्मुद्रण 2004, कारिका 1.3 के पूर्व का वृत्तिभाग, पृष्ठ 15
टीका- is ascribed to हृदयदर्पण by **रसप्रदीप व प्रभाकर** (p. 3, Trivedi)

\- Sāhitya Darpana : P.V. Kaney, Motilal Banarasidass, Sixth Edition, 1974, Reprint 1995, Notes on Parichchhheda-I . 13

19. किञ्चैवं काव्यं प्रविरलविषयं निर्विषयं वा स्यात्, सर्वथा निर्दोषस्यैकान्तमसंभवात्।

\- साहित्यदर्पण:, विश्वनाथ कविराज, शालिग्राम शास्त्री की विमला व्याख्या सहित, मोतीलाल बनारसीदास, नवम संस्करण, 1977, पुनर्मुद्रण 2004, कारिका 1.3 के पूर्व का वृत्तिभाग, पृष्ठ 14

\- ..... नहि कीटानुवेधादयो रत्नस्य रत्नत्वं व्याहन्तुमीशा:, किन्तुपादेयतातारतम्यमेव कर्तुम्, तद्वदत्र श्रुतिदुष्टादयोऽपि काव्यस्य। उक्तं च -'कीटानुवद्धिरत्नादिसाधारण्येन काव्यता। दुष्टेष्वपि मता यत्र रसाद्यनुगम: स्फुट:।।' इति


\- काव्यालङ्कारकारकारिका, रेवाप्रसाद द्विवेदी, चौखम्भा सुरभारती स्टडीज-1, चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, प्रथम संस्करण, 1977, कारिका 153 का उत्तरार्ध, पृष्ठ 230

20. (I) प्रध्वंसो दोषपङ्कस्य काव्यकाये कृतस्थिते:।
नैव सम्भाव्यते, तस्मिन् सति काव्यं नवं भवेत्।।

(II) काव्यनिर्माणात् परं दोषपरीहारे दोपकलङ्कविरहिततया नूतनं तत् काव्यं भवेत्, विनश्येच्च तद् यत्रासीद् दोष:। ततश्च प्रध्वंसाभाव एष काव्यप्रतियोगिक एव जायेत। सोऽयं शूलस्य परिहाराय शिरसश्छेद:।

\- तत्रैव, कारिका 152 की वृत्ति, पृष्ठ 230

● राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मानित विश्वविद्यालय), लखनऊ परिसर,
गोमतीनगर, लखनऊ (उ.प्र.)



आधुनिक संस्कृत-गीतकारों की वैश्विक दृष्टि

जनार्दन प्रसाद पाण्डेय

(Sanskrit lyric is the popular genre of contemporary Sanskrit writings. Because, the modern Sanskrit lyrics are dealing with globalised issues and not the personal ones. No internal as well as external vision is out of its reach. It is full of worries because it does not believe in world-trade but on the principle of वसुधैव कुटुम्बकम्. Today Sanskrit lyricist is worried about the being in general. So he becomes upset for problems like terrorism, communalism etc. He tries to give justice to everyone who suffers through his lyrics. The paper illustrates some of the leading lyricists in this context.)

संस्कृत-कविता संस्कृति के उषःकाल वैदिककाल से ही समष्टिकल्याणोन्मुखता से अभिभूत रही है। अपनी इस चिरन्तन थाती को यह आज भी प्रतिक्षण उसी गम्भीरता एवं आन्तर अनुशासन से सँजोये हुए है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि समष्टि में व्यष्टि अन्तर्निविष्ट होती है, इसीलिए व्यष्टि के प्रति किसी आग्रह का संस्कृतकविता में कभी कोई अवकाश नहीं रहा है। संस्कृत-कविता का आदर्श रहा है कि ''सभी सुखी हों, सभी निरामय हों। सभी कल्याण का अवलोकन करें, कोई दुःखी न हो। यथा-

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत्।।

यही कारण है कि संस्कृत-साहित्य अपनी विविध-साहित्यिक विधाओं में उपनिबद्ध हो रहे काव्यलोक में सर्वजनकल्याण की भावना को मुखरित करता रहा। भारतीय जीवनदर्शन को सर्वथा आत्मसात् करके एक दैवी पृष्ठभूमि में उभरी संस्कृत-कविता स्वर्ग्य, मर्त्य समग्रप्राणिवर्ग एवं प्रकृति के बीच एक अन्तःसम्बन्ध एवं सामञ्जस्य के साथ विकसित हुई। जिन मनीषियों की प्रतिभा व्युत्पत्ति, समाधि एवं संवेदनशील अन्तःकरण के आलोक में यह विग्रहवती हुई, उन्होंने तो अपने एवं पराये सरीखे बौद्धिक चिन्तनों को लेकर जीने वाले लोगों को क्षुद्रजन माना, तथा उन्हें उदारचरित्र मानव महामानव कहने लगा जिसने विश्व को, समूची वसुधा को अपना कुटुम्ब समझा। यथा-

अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम्।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्।।

संस्कृतभाषावाङ्मय की सर्वाधिक प्रवहणशील, विकासशील कविता-धारा के चलते ही भारतीय संस्कृति का विश्ववारा रूप वैदिककाल से लेकर आज तक अभिप्रमाणित होता रहा। इस रसैकविग्रहा संस्कृतकाव्यधारा की ही एक विधा संस्कृत-गीत-विधा है। जिसके आन्तरिक स्वरूप का साक्षात्कार तो ऋग्वेद के उषस्-सूक्त आदि में विद्यमान वैदिक कवियों के भावप्रवण मन्त्रों, श्रीमद्भागवत के गोपीगीत, एवं

वेणुगीतादि-प्रकरणों तथा कालिदास के विरह-काव्य 'मेघदूतम्' में हो जाता है। इसके आगे भी गीत की अन्तःप्रकृति की भावात्मिका त्वरा के दर्शन अभिज्ञान-शाकुन्तलम् के पञ्चम अंक में महाकवि कालिदास कराते हैं। जहाँ रानी हंसपदिका के वर्णसंयोजन में एक साङ्गीतिकी मूर्च्छना के साथ दुष्यन्त के प्रति उलाहना अभिव्यक्त होती है। कालिदास के 'शाकुन्तलम्' तक आते-आते आत्माभिव्यक्ति के धरातल पर एक नैसर्गिक लय ताल गेयता एवं भावोद्रेक को लेकर उद्भावित होने वाला गीतितत्त्व आर्या-छन्द की गिरफ्त में आकर आगे चलकर उसके भेदों में अपने नाम के साथ उत्सिक्त हो गया। हाल की गाथासप्तशती में इसे बड़ा कैनवास मिला। जयदेव के गीतगोविन्दम्' में कुछ शास्त्रोपरागों के आधार पर गीत को कुछ स्वोपज्ञ नवीन छन्द मिले जो तब तक की परम्परा में नहीं थे। यही परम्परा आगे विकसित हुई तथा इसी अनुसरण में गीतिगिरीशम्, गीतगौरीपति एवं जानकीगीतम् आदि गीति-काव्य नये बाह्यस्वरूप के साथ प्रकाश में आये। इस समय तक गीत कहीं तो आत्माभिव्यक्ति, कहीं भगवद्रास, विलास, तथा कहीं तद्गत स्तुतियों को अपना प्रस्तोतव्य बनाये रहे, अस्तु.....। किन्तु गीतिसाहित्य की परम्परा में सब से बड़ा क्रान्तिकारी स्पन्दन तब अया जब परन्तत्र भारतीयों के चित्त में राष्ट्रभक्ति की उद्दाम अलख जगाने वाले गीत ''वन्दे मातरम्'' की रचना हुई। बङ्किमचन्द्र चटर्जी के इस गीत ने देश की तस्वीर बदल दी। इसे गाते-गाते जाने कितने क्रान्तिकारियों ने शासक फिरङ्गियों के होश ठिकाने कर दिये। राष्ट्र की बलिवेदी पर अपने प्राणोत्सर्ग करते हुए भी वे क्रान्तिकारी भारतीय सपूत इस गीत को गुनगुनाते रहे। इस प्रकार लोक को झकझोर देने की क्षमता धारण करने वाले गीत की प्रतिष्ठा पण्डितों को भी समझ में आ गयी। इसी दौर में गीत के बाह्य एवं आभ्यन्तर द्विविध स्वरूप में परिवर्तन हुआ। गीत आत्माभिव्यक्ति के सङ्गीत से और ऊपर उठता हुआ जनवादी चिन्तनों को समेटे हुए, लोकसंवेदना को उकेरते हुए कवि के नितान्त जागरूक चिन्तन एवं आत्मसर्वेक्षण के साथ लोकसर्वेक्षण की उपज बन गया। पं. जानकी बल्लभ शास्त्री, डा. प्रभात शास्त्री के गीत अपने स्वोपज्ञ साङ्गीतिक रागों को लेकर उभरे। सामाजिक राष्ट्रिय एवं अन्ताराष्ट्रीय विडम्बनाओं पर कवियों के तीखे तेवर-समाधानमूलक प्रश्न तथा लोकमङ्गल परक उत्तर-संस्कृत-गीतों की लोकाकर्षक छवि के निर्माण में पूरी तरह कामयाब हो गये।

उपर्युक्त नितान्त संक्षिप्त गीत की ऐतिहासिक सर्वेक्षणयात्रा से यह बात सर्वथा सिद्ध हो जाती है तथा कहने योग्य हो जाती है कि संस्कृत-गीत-विधा आज की संस्कृत-काव्यविधाओं में लोकप्रियता एवं जागरूकता की पराकाष्ठा का संस्पर्श कर रही है, आज का संस्कृत-गीतकार नितान्त वैयक्तिक स्थिति में चिन्तन के धरातल पर अवैश्विक नहीं है। वैश्विकता उसका स्वभाव बन गयी है। क्योंकि वह युग के नितान्त जागरूक मुखर एवं शिवत्वापेक्षी 'व्यक्तित्व' कवि-व्यक्तित्व का प्रतिनिधित्व कर रहा है। आखिर वैश्विकता व्यापकता से अभिभूत विश्वपरक चिन्तनों की भावसत्ता का ही तो नाम है। ऐसी स्थिति में दिगन्तव्यापिनी प्रतिभा का धनी कवि अपनी वागर्थाभिव्यक्ति में उससे परे तो हो ही नहीं सकता।

आचार्य श्रीनिवासरथ, आचार्य राजेन्द्रमिश्र, आचार्य राधावल्लभत्रिपाठी, आचार्य हरिराम, डा.रमाकान्त शुक्ल, डा.इच्छारामद्विवेदी, डा.विन्ध्येश्वरी प्रसाद मिश्र, डा.जनार्दनप्रसाद पाण्डेय 'मणि' आधुनिक युग के कुछ प्रसिद्ध प्रतिष्ठित संस्कृतगीतकार हैं। वैसे तो गीतकारों की संख्या बहुत है, सब का नामोल्लेख कर पाना यहाँ सम्भव नहीं है। आचार्य बच्चूलाल अवस्थी एवं आचार्य भास्कराचार्य त्रिपाठी जिन्होंने अभी कुछ समय पूर्व ही इस धराधाम को छोड़ा है, आधुनिकता की इस कालखण्डात्मक परिधि से बाहर नहीं है।

आधुनिकता से मेरा आशय समसामयिक राष्ट्रिय अथवा अन्ताराष्ट्रिय उस वैचारिक भावपद्धति से है जिसमें नूतनता का नैसर्गिक अभिनिवेश अन्तर्निविष्ट होता है। इससे अन्वितकालखण्ड आधुनिककालखण्ड है। इस आधुनिककालखण्ड का गीतकार आधुनिकगीतकार है।

विश्वफलक पर इस वैज्ञानिक युग की विचित्र विभीपिका, अफ्रीका एवं गोरों के देश इंग्लैण्ड आदि की स्थिति तथा अमानवीय प्रवृत्तियों से प्रभावित होकर आचार्य श्रीनिवास अपने गीतिकाव्य 'तदेव गगनं सैव धरा' में लिखते हैं कि-

दक्षिणेनाफ्रिकादेशमुद्दीपिता गौरवर्णाधमानां विवेकान्धता
दूयते मेदिनी तत्र रक्तावृता भूरि सन्तप्यते मानवी सभ्यता।
लोकतन्त्रानुरोधः परेषां कृते स्वे नियोगे तु दासप्रथा श्रीयते।
विज्ञाननौका समानीयते, ज्ञानगङ्गा विलुप्तेति नालोक्यते।।1।।

तारकायुद्धसम्भावनाऽऽधीयते गोपनीयायुधानां कथा श्रूयते
विश्वशान्तिः प्रयत्नेषु सन्दृश्यते विश्वसंहारनीतिर्यथोपास्यते।
भूतले जीवरक्षा परिक्षीयते जीवनाशान्तरिक्षेऽनुसन्धीयते।।
विज्ञाननौका समानीयते, ज्ञानगङ्गा विलुप्तेति नालोक्यते।।2।।

विश्वबन्धुत्वदीक्षा गुरूणां व्रतम् धर्मसंस्कारतत्त्ववतास्तङ्गतम्
लोककल्याणशिक्षासमाराधनम् हन्त विक्रीयते काव्यसङ्कीर्तनम्।
यन्त्रमुग्धान्धताऽहर्निशं सेव्यते संस्कृतिज्ञानरक्षा न सञ्चिन्यते[1]।।
विज्ञाननौका समानीयते, ज्ञानगङ्गा विलुप्तेति नालोक्यते।।3।।

अन्तरन्तरिक्षं निवेशिता त्रिभुवनदहनोद्यता निपुणता
सततसेविता वैज्ञानिकता मानवताकल्याणविरहिता
मर्त्यलोकरचना निलीयते निशितायुधनिकरे .. पाहि मुकुन्दहरे[2]।।

कवि आज वैश्विक क्षितिज पर अन्तरिक्षयुद्ध की सम्भावना एवं निशितायुधों के निर्माण से मानवता के विनाश के प्रति सशङ्कित होकर भगवान् कृष्ण से सब की रक्षा का यहाँ निवेदन कर रहा है। इस सन्दर्भ में उसे वैज्ञानिक युग की सफलता वृथा प्रतीत हो रही है। यथा-

वैज्ञानिकयुगगणितसफलता भवतितरां वितथा।।
विपद्गतेयं जीवनलतिका, केवलकुटिलकण्टकाकुलिता। दूरे कुसुमकथा[3]।

प्रो.राजेन्द्रमिश्र वैश्विक क्षितिज पर तुर्कों के अकाण्डताण्डव से दुःखी होकर उनसे पूँछते हैं कि - *काफिरा एव चेत्तुर्कभिन्ना जनाः तर्हि रक्तं समेषां कथं शोणितम्।।[4]*

अर्थात् यदि तुर्कों से इतर लोग ही काफिर हैं तो फिर सब का तुर्कों, हिन्दुओं, क्रिश्चियनों पारसियों एवं यहूदियों का खून लाल क्यों है। आशय यह है क हम सब एक हैं और हमें एक होकर चलने की आवश्यकता है।

आचार्य बच्चूलाल अवस्थी का उद्गार है कि नेता लोग आज एक ऐसे राजा की प्रतीक्षा कर रहे हैं जो पृथ्वी को राजाविहीन बना दे।।

यथा- *प्रतिक्षेत्रं विजेतारः प्रतिक्षेत्रञ्च नेतारः।*
अराजत्वं महीं नेतुं महीपालं प्रतीक्षन्ते[5]।।

विश्व के राजनैतिक वितान पर दृष्टि डालते हुए आचार्य रहसबिहारी द्विवेदी सद्दाम हुसेन के कुवैत पर आक्रमण के समय उसकी पत्नी (पहली पत्नी) के उस सम्पूर्ण कथन को गीतवद्ध करते हैं जिसमें वह अपने सद्दाम को रोकती है कि वह कुवैत पर आक्रमण न करे। यथा–

ईराकं सज्जय दयित त्वं गम गतं कुवैतं मा याया:।।
बहुराष्ट्रोपकारकर्तृत्वं तस्य न को जानीते।
शक्तिविरहितं तं देशं त्वं भ्रान्तिवशाज्जानीषे
तदधिग्रहणञ्चान्ततस्तस्य निर्वहणम्, कठिनं प्रतिभाति स्वयं विचारय किञ्चित्
ईराकं सज्जय ....1।

मन्ये सैन्यशक्तिरतिमहती ते विद्यते समर्था
त्वया ज्ञायते कथममेरिका सैन्यशक्तिरसमर्था
कुवैताहरणं नोचितं शक्तिसङ्ग्रहणम्, विनता कथयामि शुभं विचिन्तय सत्यम्
ईराकं 2

कथमपि चेदङ्गीकरिष्यसे तं देशं निजशक्त्या
बहुराष्ट्राधिक्षेपं नूनं सहिष्यसे तद्भक्त्या
महासङ्घर्ष: सर्वेषामेवामर्ष:, नोचितं कदापि सर्वराष्ट्रवैमत्यम्।।
ईराकं सज्जय 3

युद्धे निरपराधजनहननं महामदनविध्वंस:
ऊर्जा चापि विनाशं यास्यति भारायते त्वदंस:
स्वदेशोत्थानम् जनताया कुरु सम्मानम्, येन त्वं महान् लोके स्थास्यसि सततम्[6]
ईराकं सज्जय 4

लेकिन सद्दाम अपनी पत्नी की बात को नहीं माना, बाद में अपनी पत्नी को छोड़ दिया फिर दूसरी शादी रचाया, और उसकी यही पहली पत्नी ही आगे चलकर उसकी मृत्यु का कारण बनी। अमेरिका देश की अपनी वैश्विक दादागिरी, अपने ही द्वारा बोये गये विषवृक्षों से परेशान होने की दशा देखकर संस्कृत–गीतकार आचार्य इच्छाराम द्विवेदी अमेरिका देश से ही कहते हैं– –

यत्कृतं ते त्वया तत्त्वया भुज्यते, साम्प्रतं हे सखे किं त्वया कुप्यते।
पूर्वकाले प्रदत्तानि शस्त्राण्यहो तानि ते मस्तके निष्पतन्ति ध्रुवम्
ये पिशाचास्त्वया लालिता पोषितास्तेऽधुना ते प्रजां निष्पतन्ति ध्रुवम्
स्वार्जितं किल्विषं किं त्वया भुज्यते .... साम्प्रतं हे सखे किं त्वया कुप्यते।।1।।

चेत्त्वया पूर्वकाले श्रुताभूद्व्यथा कोऽपि लादेन वाधे न शक्तो भवेत्
भारतीय: सुमार्गो वृतश्चेत्त्वया कोऽपि ते शोकमग्नेन लब्धो भवेत्
किन्तु लोभेन यद्यत् कृतं रे त्वया निन्दितं तत्समक्षं त्वया दृश्यते।।2।।[7]

यत्कृतं रे त्वया।।
मित्र हेऽमेरिकाऽऽकर्णय त्वं वचो मामकीनं समेषा हिताऽधायकम्
आत्मरक्षाक्रमे त्वं द्रुतं नाशय दुष्टमातङ्कवादं विशदपातकम्।।

नायकत्वं समग्रस्य लोकस्य ते रक्षितं स्यातदैवानिशं तृप्यसे।।
यत्कृतं रे त्वया[8]।।

आतङ्कवाद के जघन्य अकाण्ड ताण्डव से सर्वथासन्त्रस्त विश्व को देखकर गीतकार जनार्दनमणि कहते हैं कि -

विश्वमातङ्कवादिनां जातम्। लक्ष्ममेषा स्वराज्यमाम्नातम्।
शक्तिपुञ्जोऽप्यमेरिकादेशः, स्वं न हा मन्यते परित्रातम्।
किं युगेऽस्मिन् घटिष्यते शम्भो! वेत्सि तद् रक्ष लोकसङ्घातम्।।[9]

विश्व को कैसे बन्धुत्वमय बनाया जाय, इस बात पर चिन्तित कवि जनार्दनमणि का अधोलिखित गीत कितना मार्मिक है? वे स्वयं कविता से ही पूछते हैं कि -

करवाम कथं विश्वं बन्धुत्वमयं कविते।
नहि पश्यतितपूतदृशराष्ट्रं परराष्ट्रमहो, विषवृक्षलतावपने सर्वेषां प्रीतिरहो।।
क्व भवेन्नु पिकक्वणनं विश्वासतरौ निहते।। करवाम कथं ......।।1।

युद्धे ननु कारगिले चित्रं किं किं न बभौ, कश्चिद् देशः सत्यं छद्मत्वं कोऽपि दधौ अवरोद्धुं सग्रामं यदि नो यतमानास्ते।। करवाम कथं ......।।2।।

मलिना रक्षानीतिः दुर्वृत्तवृता नीतिः, राष्ट्राणां दौरात्म्याद् रोदिति पूता प्रीतिः, त्वं रक्ष महामाये देशान् पुण्ये विगते।। करवाम कथं.........।।3।।

रचयमाम कथं विश्वं शिवसौख्यगृहं कविते।
प्रणमाम कथं विश्वं द्वेषाग्निवनं कविते।।[10]

उपर्युक्त गीतोत्थापित प्रश्नों में एक जागरूक संस्कृतगीतकार की सकारात्मिक शिवत्वगर्भा संवेदना छुपी हुई है। जब एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्र को पवित्र दृष्टि से नहीं देख रहा है। सब विषवृक्ष को लगाने में व्यस्त हैं। तो विश्वासरूपी वृक्ष के ढह जाने के बाद कोकिल का क्वणन कैसे हो सकता है। यदि कारगिल के युद्ध में वैश्विक धरातल पर देशों के द्वारा अत्यन्त छद्म का व्यवहार न किया गया होता तो इस विभीषिका से यथाशीघ्र बचा जा सकता था। वैश्विक कल्याण के लिए संस्कृतगीतकार की यह चिन्ता उसकी विश्वव्यापिनी साहित्यिक संचेतना की दुहाई देती है।

डा.रमाकान्त शुक्ल कारगिल की इस घटना से अपनी राष्ट्रिय अस्मिता को जोड़ते हुए सत्य के लिए, देश के लिए अपनी पूरी शक्ति एवं निष्ठा से लड़ने वाले कारगिल वीरों को बधाई देते हैं तथा उनके लिए शिवत्व की कामना करते हैं। यथा- अधोलिखितगीतपङ्क्ति-

जयन्त्येतेऽस्मदीया गौरवाङ्काः कारगिलवीराः।
समर्च्या आसतेऽस्माकं प्रणम्याः कारगिलवीराः।।

मई-षड्विंशदिवसादैषमो मासद्वयं यावत्।
अघोषितपाकरणजयिनोऽभिनन्द्याः कारगिलवीराः।।[11]

गीतकार डा.इच्छारामद्विवेदी 'प्रणव' को भी यह प्रत्येक देश के अन्दर बढ़ रही दूसरे के गृह के वैभव को खण्डित करने की प्रवृत्ति बहुत दुखती है। वे क्षुब्ध होते हैं जब यह देखते हैं कि विकसित राष्ट्र विकासशील राष्ट्रों का शोषण कर रहे हैं। विज्ञान पृथ्वीगत आकुलता को सौगुनी बढ़ा रहा है तथा ज्वालासङ्कुलित विश्व-बन्धुता विलाप कर रही है। यथा-

परगृहवैभवखण्डनपटुता प्रतिदेशं वर्धतेऽद्य कटुता
विकसितराष्ट्रैः स्वार्थपोषणं विकसितशीलानान्तु शोषणम्।
विज्ञानेन शतगुणीक्रियते धरणिगताऽऽकुलता।
विश्वबन्धुता विलपति विजने ज्वालासङ्कुलता।
विश्वबन्धुता विलपति विजने ज्वालासङ्कुलिता[12]।

विश्व में प्रतिपल वर्धमान आतङ्कवाद के खतरे से प्रत्येक देश को मुक्त करने के लिए गीतकार डा. इच्छाराम द्विवेदी 'प्रणव' विश्व के श्रेष्ठ देश अमेरिका से प्रार्थना करते हैं कि वह आतङ्कवाद का समूल नाश करने में विश्व का सहयोग करे। इस आतङ्कवाद का सर्वनाश उसकी ही आत्मरक्षा के क्रम का प्रथम प्रस्थान-बिन्दु है। उसकी विश्वनायकता। भी तभी सिद्ध हो सकती है जब वह इस लोकविनाशक आतङ्कवाद को जड़ से मिटा दे। पूरे विश्वं को साथ लेकर उसके हित के लिए ऐसा करे। यथा-

मित्र हेऽमेरिकाऽऽकर्णय त्वं वचो
मामकीनं समेषां हिताऽऽधायकम्।
दुष्टमातङ्कवादं विपद्दायकम्।।

कर्मणाऽनेन रक्ष्या त्वया सभ्यता
मानवीया कथा भूतले शिष्यते।।
मित्र हेऽमेरिका ;.......1।।

सम्प्रदायाऽनुरोधेन ये राक्षसाः
लोकहिंसाक्रमे सन्ति भूमौ रताः
वज्रघातेन निष्प्रेपणीया समे
सर्वथा ते यथाशीघ्रमेवोद्धृताः।।

नायकत्वं समग्रस्य लोकस्य ते
रक्षितं स्यात्तदेवानिशं दृश्यसे।।
मित्र हेऽमेरिका ....2।।[13]

कष्ट का विषय है कि गीतकार 'प्रणव' जिस अमेरिका से आत्मरक्षा के क्रम में विश्वनायक के रूप में आतङ्कवाद के उन्मूलन हेतु निवेदन कर रहे थे, वह उसके विनाश के लिए प्रतिबद्ध हुआ कि नहीं यह बात तो जरूर समीक्षणीय है किन्तु वह उसका भीषण शिकार हो गया। 11 सितम्बर को न्यूयार्क के मदनहट्टनस्थित ट्विनटावर संज्ञक दो भवन जो विश्व-व्यापार-केन्द्र के रूप में थे उनको नष्ट कर दिया गया तथा वांशिगटन का पेण्टागन संज्ञक सुररक्षा भवन नष्ट कर दिया गया। यह ओसामाबिन लादेन के सङ्केत पर विमानाक्रमण जन्य घटना थी। गीतकार डा.इच्छाराम द्विवेदी 'प्रणव' ने इस घटना के बहुत पूर्व विश्व-कल्याण की भावना से अपने नितान्त आत्माराम कवि को अभिव्यक्ति दे दी थी। आखिर अमेरिका अपनी आत्मरक्षा क्रम के इस प्रथम कर्तव्य का पालन नहीं कर सका तथा यह अकाण्ड ताण्डव उसके ही ऊपर चरितार्थ हो गया। ऐसा लगता है कि जैसे गीतिकार डा.प्रणव की त्रिकाल-व्यापिनी कविशेमुषी उस भविष्य के गर्भ में विद्यमान अकाण्ड ताण्डव को देख रही थी।

गीतकार डा.रमाकान्त शुक्ल विमानापहरण की घटना को अपनी गीति-पंक्तियों में उभारने में कोई सङ्कोच नहीं करते। संस्कृत-कवि की वैश्विक जागरूकता कहीं भी शिथिल न पड़ जाय, मानों ऐसा सङ्कल्प लेकर वे काव्यमार्ग पर चल रहे हों। यथा-

विमानं नीतवन्तस्ते विना काठिन्यमस्माकम्।
अमृतसरवायुयानस्थानके तैलं गृहीतं तैः।
पुनर्व्यापादितो रूपेन कतियालो नृशंसैस्तैः
वयं विवशा स्थिता गेहे विलोक्यैतद् भृशं दूये।।[14]

गीतकार उपर्युक्त गीतपङ्क्ति में विमानापहरण की घटना से स्वयं को अत्यन्त दुःखी अनुभव कर रहा है, क्योंकि वह लोक-कल्याण का पक्षधर है। वह विश्व को एक कुटुम्ब बनाने में प्रयत्नशील हैं गीतकार अपनी कविता को उनका ही गुणगान करने के लिए प्रेरित करता है- यथा-

कुटुम्बमेकं जगद् विधातुं जनाः सदा ये प्रयत्नशीलाः।
प्रहृष्य तेषां महात्मना त्वं मदीयकविते! कुरुष्व गानम्।[15]

डा.शुक्ल की दृष्टि में विश्व कुटुम्व की अवधारणा मात्र ही जनता का परिचय है। वे भारत जनता की तरफ से बोलते हैं -

निवसामि समस्ते संसारे मन्ये च कुटुम्बं वसुन्धराम्।
प्रेयः श्रेयश्च चिनोम्युभयं, सविवेका भारतजनताऽहम्।।[16]

संस्कृतगीत के आलोक में भारतजनता की वैश्विक कुटुम्बावधारणा का यह परिचय संस्कृतगीतकारों की वैश्विक दृष्टि की ही कोई न कोई बानगी है।

प्रो. हरिदत्तशर्मा जब संस्कृत की शुश्रूषा में विदेश-यात्रा पर जाते हैं या कहें कि वैश्विक यात्रा पर जाते हैं तो उन्हें नये संसार में प्रवेश के समय देश एवं विदेश का बन्धन समाप्त हुआ दिखता है। वे गीत में लिखते हैं कि प्रस्तुत विदेश में रागरूपी रज्जु से बँधी हुई सम्पूर्ण मानवता का दर्शन होता है। वे साम्प्रतिक कृष्ण से निवेदन करते हैं कि वे पार्थ को किंवा युयुत्सु राष्ट्रों को कर्म के लिए प्रेरित करें, युद्ध के लिए नहीं। कवि वैश्विक एकता को देखने की भावना अपने गीतों में व्यक्त करता हैं -

वारं वारं नवसंसारं कारं कारं रे।
जीवनतरणिश्चलति सततमधिपारावारं रे।
को देशः को वा परदेशो गता स्वता परता
रागरज्जुबन्धने निबद्धा सकला मानवता
भावभुवि स्थितमिदं जगत् पश्यत संसारं रे।
वारम् ....1।

मम गेहेऽस्मिन् धृतायुधाः केचित् प्रहरणसन्नद्धाः
न मे युयुत्सा किन्तु कारिता वयं युद्धबद्धाः
पार्थ प्रेरय कृष्ण कर्मणे देहि विचारं रे।।[17]
वारम् ... ...2।।

डा. हरिदत्तशर्मा ने वैश्विक क्षितिज पर यह अनुभव किया है कि जब संस्कृत के अभियान की चर्चा होती है, तो विश्व के देशों में देशिक सीमाएँ समाप्त हो जाती हैं। एक भाव गूँजता है कि विश्व एक नीड

है, एक परिवार है -

संस्कृताभिधाने समागते ह्रियन्ते लघुभावा:
देशिकसीमानस्त्रुट्यन्ति हि समरसता सद्भावा:
विश्वं ह्येककुटुम्बं रे एकं नीडं रम्यं रे।।[18]

उपर्युक्त संस्कृतगीतकारों के अलावा और भी ऐसे बहुत से संस्कृतगीतकार हैं जिनके गीतों में वैश्विक सन्दर्भ वैश्विक एकता एवं वैश्विक संवादों को गीत की विषयवस्तु बनाया गया है। जहाँ कवि भी विश्वात्मा मानवता निरर्गल विश्वव्यापारवाद से परितुष्ट नहीं दिखती, क्योंकि वह तो विश्व को एक कुटुम्ब के रूप में देखता है तथा भविष्य में सदैव देखना चाहता है।

निष्कर्ष रूप में हम यह कह सकते हैं कि आधुनिक संस्कृतगीतकार अपनी समष्टिगतचेतना के मंच पर नितान्त जागरूक हैं। 'वैश्वीकरण' जैसे अत्यन्त व्याप्त आधुनिक प्रयोगों, उपभोक्तावाद एवं विश्वबाजारवाद सरीखे नवीन किन्तु निरामौलिक प्रयोगों से बहुत ऊपर उठकर वे अन्तःसम्बन्धवाद, सहानुभूतिवाद, लोकसंवेदनवाद, विश्वकल्याणवाद एवं वसुधाकुटुम्बवाद प्रभृति मानवतानुप्राणित तत्सापेक्ष सद्वादों में अपनी सारस्वत उड़ानों को संजोये हुए विश्वसाहित्यमंच पर अपने स्थान को सुप्रतिष्ठित बनाये हुए हैं। परस्पर भाईचारा का सन्देश उसका केन्द्रीय स्वर है। लोकप्रियता एवं लोकाकर्षण उसका निसर्ग है। वैश्विक दृष्टि उसकी लोककल्याणगर्भा प्रवृत्ति है।

सन्दर्भ

1. तदेव गगनं सैव धरा, पृ. 120-121, आचार्य श्रीनिवासरथ
2. वहीं, पृ. 125
3. वहीं, पृ. 129
4. शालभञ्जिका, पृ. 36, आचार्य राजेन्द्रमिश्र
5. प्रतानिनी, पृ.163 - आचार्य बच्चूलाल अवस्थी
6. दूर्वा (संस्कृत-पत्रिका) अंक , पृ.12,- आचार्य रहसविहारी द्विवेदी
7. प्रणव-रचनावली, पृ.389, आचार्य इच्छाराम द्विवेदी 'प्रणव'
8. वहीं, पृ.390
9. रागिणी, पृ.20, - डा. जनार्दनप्रसाद पाण्डेय 'मणि'
10. वहीं,
11. भारतजनताऽहम्, पृ.117, डा.रमाकान्त शुक्ल
12. प्रणव-रचनावली, पृ.389- आचार्य इच्छाराम द्विवेदी 'प्रणव'
13. वहीं, पृ.468
14. भारतजनताऽहम्, पृ.125, डा.रमाकान्त शुक्ल
15. वहीं, पृ.95
16. वहीं, पृ.33,
17. लसल्लतिका, पृ. 95, आचार्य हरिदत्तशर्मा
18. वहीं, पृ. 118

सन्दर्भग्रन्थसूची

1. तदेव गगनं सैव धरा, आचार्य श्रीनिवासरथ, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली, 1995
2. शालभञ्जिका, आचार्य राजेन्द्रमिश्र, वैजयन्त प्रकाशन, इलाहाबाद, 2007
3. प्रतानिनी, आचार्य बच्चूलाल अवस्थी, वैजयन्त प्रकाशन, इलाहाबाद, 1976
4. दूर्वा (संस्कृत-पत्रिका) आचार्य रहसबिहारी द्विवेदी, कालिदास अकादमी, उज्जैन
5. प्रणव-रचनावली, आचार्य इच्छाराम द्विवेदी 'प्रणव', देववाणी परिषद्, दिल्ली, 2004
6. रागिणी, डा. जनार्दनप्रसाद पाण्डेय 'मणि', वैशम्पायन प्रकाशन, इलाहाबाद, 2002
7. भारतजनताऽहम्, डा.रमाकान्त शुक्ल, देववाणी परिषद्, दिल्ली, 2001
8. लसल्लतिका, आचार्य हरिदत्तशर्मा, राका प्रकाशन, इलाहाबाद, 2004

● **राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, गङ्गानाथ झा परिसर, आजाद पार्क, इलाहाबाद-211002**



अर्वाचीनकाव्यशास्त्रिणां मते काव्यप्रयोजनविमर्शः

हरिराममिश्रः
दिव्या मिश्रा

(The branch of Sanskrit poetics has a great tradition. Many rhetoricians have explained the poetic elements after close observations of great epics such as *Rāmāyaṇa*, *Mahābhārata* etc. There is a wrong notion that no *Kāvyaśāstra* has been written after Paṇḍitarāja's *Rasagaṅgādhara*. But in fact, a number of *Kāvyaśāstra*-works have been composed in 20th century and 21st century. The present paper deals with the purposes of *Kāvya* as accepted by modern rhetoricians. Contextually the views of the ancient rhetoricians like Bharata etc. have been quoted. Finally an attempt has been made to highlight the specific contributions of the contemporary rhetoricians.)

काव्यं हि नाम शब्दार्थयोर्गुणभावेन रसाङ्गभूतव्यापारप्रवणतया वेदादिशास्त्रेभ्यः पुराणादीतिहासेभ्यश्च विलक्षणं लोकोत्तरवर्णनानिपुणं कविकर्मेति मम्मटादयः[1] काव्यशास्त्रिणः अभिप्रयन्ति। यदा कविः समाधौ स्थितो भवति तदा सहृदयश्लाघ्योऽर्थस्तद्व्यक्तिसामर्थ्ययोगी शब्दश्च प्रतिभावशात् तत्समक्षं परिस्फुरतः। एवं व्युत्पत्त्यभ्याससहकृतप्रतिभावशात् कविः काव्यनिर्माणे समर्थो भवति। किन्त्वत्रायं प्रश्नः समुदेति यद् यदि लोक इयं प्रवृत्तिः परिलक्ष्यते यत् 'प्रयोजनमनुद्दिश्य मन्दोऽपि न प्रवर्तते' तर्हि काव्यस्य किं प्रयोजनम्? काव्यनिर्माणे कवेः स्वाभाविकी प्रवृत्तिर्यथा भ्रमरस्य गुञ्जनकर्मण्युत विशिष्टप्रयोजनप्रयोजितेत्यत्र विप्रवदन्त्याचार्याः। तत्र सर्वप्रथमम् भरतमुनेरेवाभिमतमस्माभिरधिगम्यते। यद्यपि सः नाट्यस्य प्रयोजनं निर्दिशति किन्तु नाट्यमपि काव्यमेवातो नाट्यप्रयोजननिर्देशमुखेन काव्यप्रयोजनस्यापि निर्देशः सञ्जायत एव। भरतमुनिमते काव्येन दुःखार्तैः, श्रमार्तैः, शोकार्तैस्तपस्विभिर्विश्रान्तिरधिगम्यते। काव्यं धर्मसाधकम्, यशोदायकम्, आयुःकारकं हितकरं बुद्धिविवर्धकम्, लोकोपदेशजनं च भवति।[2] एवं भरतमुनिः कविसामाजिकयोरुभयोरपेक्षया काव्यप्रयोजनानि निर्दिष्टवान्। काव्यस्य यशःकारिता काव्यापेक्षया भवति। अन्यानि लोकोपदेशजननादीनि प्रयोजनानि सामाजिकापेक्षया भवन्ति। भरतोत्तरकालिकैः सर्वैरेव काव्यशास्त्रिभिः प्रायशः काव्यप्रयोजनविषये भरतस्यैव मतमाश्रितं वर्तते। ये रससिद्धाः कवीश्वराः भवन्ति ते तादृशं यशोऽधिगच्छन्ति यदनश्वरम् भवतीति प्रतिपादयन् वक्ति भर्तृहरिः नीतिशतके –

'जयन्ति ते सुकृतिनो रससिद्धाः कवीश्वराः ।
येषां यशःकाये नास्ति जरामरणजं भयम्।[3]

भामहादयः सर्व एवाचार्याः स्वीकुर्वन्ति यत् काव्येन कविः यशोऽधिगच्छति सामाजिकाश्च धर्मार्थकाममोक्षानधिगच्छन्ति[4]। सर्वेष्वेतेषु परिगणितेषु काव्यप्रयोजनेषु कीर्तिः प्रीतिश्चेति प्रयोजनद्वयं मुख्यत एतैः

काव्यप्रयोजनत्वेनावसीयते। कीर्तिप्रीत्योः प्रयोजनयोर्मध्ये कविना सह कीर्तेः सम्बन्धः आनन्दात्मिकायाः प्रीतेश्च सहृदयेन कविना च सह सम्बन्धो भवति। मम्मटादयस्तु अन्यान्यपि अर्थाधिगमव्यवहारवेदनादीनि प्रयोजनानि कविसहृदयापेक्षया विवृण्वन्ति।[5] किन्तु कीर्तिप्रीत्योरेव सर्वेषामेवैतेषां प्रयोजनानां सन्निवेशः सम्भवति।

पण्डितराजजगन्नाथोत्तरं विंशशताब्द्याम् अनेके काव्यशास्त्रग्रन्थाः काव्यशास्त्रिभिर्विरचिताः। प्राचीनालङ्कारिकाणां मतान्यनुसरद्भिः विप्रतिपद्यमानैर्वा काव्यशास्त्रिभिः अद्यापि काव्यशास्त्राणि लिख्यन्ते। एतेषु – पं. श्रीपादशास्त्री हसूरकरः (साहित्यमञ्जरी), श्रीकौत्सः अप्पलसोमेश्वरशर्मा (साहित्यविमर्शः), श्रीछज्जूरामशास्त्री (साहित्यबिन्दुः), आचार्यो रेवाप्रसादद्विवेदी (काव्यालङ्कारकारिका), डॉ. ब्रह्मानन्दशर्मा (काव्यसत्यालोकः), आचार्यो राधावल्लभत्रिपाठी (अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्रम्), आचार्योऽभिराजराजेन्द्रमिश्रः (अभिराजयशोभूषणम्), आचार्यो रहसबिहारीद्विवेदी (नव्यकाव्यतत्त्वविमर्शः) इत्यादय आचार्याः प्रामुख्यं भजन्ते। एतैराचार्यैः स्वकीयेषु ग्रन्थेषु काव्यप्रयोजनविषये यन्मौलिकं तथ्यं 'प्रतिपादितं तदत्र संक्षेपण प्रस्तूयते।

तद् यथा आचार्यो मम्मटः काव्यप्रकाशे प्रथमोल्लासे –

''काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।
सद्यःपरनिर्वृतये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे।।[6]''

इति कारिकया काव्यस्य यशोऽर्थादीनि षट् प्रयोजनानि स्वीचकार। विश्वनाथश्च साहित्यदर्पणे –

''चतुर्वर्गफलप्राप्तिः सुखादल्पधियामपि।
काव्यादेव यतस्तेन तत्स्वरूपं निरूप्यते।।[7]''

इति कारिकया धर्मार्थकाममोक्षेति यच्चतुर्वर्गफलप्राप्तिं काव्यप्रयोजनं स्वीचकार तानि सर्वाण्येव काव्यप्रयोजनानि पण्डितश्रीपादहसूरकरेण विवेचितानि स्वीकृतानि च विद्यन्ते स्वीये साहित्यमञ्जरीति ग्रन्थे।[8] तत्र नूतनं किमपि न विद्यते। श्रीकौत्सोऽप्पल्लसोमेश्वरशर्मणा तु स्वकीये साहित्यविमर्शाख्ये ग्रन्थे आनन्दानुभूतिरेव काव्यप्रयोजनतयावसीयते।[9]

मम्मटोऽपि स्वप्रतिपादितेषु षट्स्वपि यशोऽर्थादिष्वानन्दानुभूतिमेव सकलप्रयोजनमौलिभूतां मनुते।[10] तस्य मते काव्यस्य पठनेन श्रवणेन वा सद्य एव रसास्वादस्तेन च आनन्दातिरिक्तसर्वविध-विषयपरामर्शशून्यस्य विगलितवेद्यान्तरस्यानन्दस्यानुभूतिर्भवति। काव्यप्रयोजनेषु इदमानन्दमेव प्रधानं वर्तते। कविसहृदयावुभावपीदमानन्दमनुभवतः। एवं श्रीकौत्सस्याप्पल्लसोमेश्वरशर्मणोऽपि मतं मम्मटमतान्न व्यतिरिच्यते। असौ केवलमानन्दस्य भेदविषये किञ्चिन्नूतनं प्रतिपादयति यदानन्दस्य रूपद्वयं भवति–लौकिकम् अलौकिकञ्चेति। तत्राद्योऽनित्यः द्वितीयस्तु काव्यगतविभावानुभावव्यभिचार्यभियुक्तरत्यादिस्थाय्यात्मकरसास्वादजन्मा ब्रह्मानन्दसदृशो नित्यः।[10] अयमेव द्वितीय आनन्दः प्रधानम्।

श्रीछज्जूरामशास्त्रिणा भामहस्य काव्यप्रयोजनविषयकं मतमेव व्याख्यातं वर्तते। भामहमते काव्यस्य निषेवणेन कविः सामाजिको वा धर्मार्थकाममोक्षेषु कलासु च वैचक्षण्यमधिगच्छतः प्रीतिं च बिन्दतः। सामाजिकस्य कृते काव्यनिषेवणेन नास्ति कीर्तेः सम्बन्धः। कीर्तिस्तु काव्यनिबन्धनेन केवलं कवेर्भवति। भामहस्य मतमनुसरता छज्जूरामशास्त्रिणेदमेव प्रतिपादितं स्वकीये साहित्यबिन्दुनामके ग्रन्थे यत् काव्येन पुरुषार्थचतुष्टयं, कीर्तिः प्रीतिश्चाधिगम्यते कविसहृदयैः।[11] पण्डितगिरधरलालव्यासशास्त्रिणोऽपि प्रायश इदमेवाभिप्रेतं वर्तते। तस्य मते काव्येन धर्मार्थकाममोक्षाणां सिद्धिर्भवति किन्तु यश आनन्दश्चेति द्वे एव मुख्ये प्रयोजने भवतः काव्यस्य।[12]

रेवाप्रसादद्विवेदिप्रभृतयः केचनाचार्यास्तु काव्यरचनायां कवेः स्वाभिविकीं प्रवृत्तिं स्वीकृत्य कवेः कृते काव्यरचनां निष्प्रयोजनामभिमन्यन्ते। आचार्यो द्विवेदी वाल्मीकिमुदाहरणत्वेन प्रस्तौति। वाल्मीकिर्महर्षिः वीतराग

आसीत्। लोकवित्तपुत्राद्यैषणारहितस्यास्य महर्षेः काव्यरचनायां स्वाभाविक्येव प्रवृत्तिरासीन्न यशोऽर्थादिप्रयोजनवशात्।[13]

आचार्यब्रह्मानन्दशर्मणा स्वकीये काव्यसत्यालोके ग्रन्थे काव्यप्रयोजनं प्रतिपादयता रेवाप्रसादद्विवेदिमहोदयस्याभिमतं समर्थितम्। सः कथयति यत् विषयविशेषं प्रति कवेः प्रवृत्तिर्द्विविधा वर्तते। स्वभावप्रेरिता प्रयोजनप्रेरिता चेति। वस्तुतः कवेः प्रवृत्तिरेव काव्यरूपं धरतीति सत्यम्। अनया कविगतस्वभावप्रेरितप्रवृत्त्या कविः सत्यस्य दर्शनं कृत्वा तस्याभिव्यक्तिं करोति सुखञ्चानुभवति। एवमेव सहृदयोऽपि सहृदयगतप्रवृत्त्या सत्यस्य साक्षात्कारं करोति सुखञ्चानुभवति। आचार्यशर्मणा यद्यपि यशःप्रभृतीनि काव्यप्रयोजनानि कविदृष्ट्या वर्णितानि, परन्तु तस्य मते प्रयोजनेष्वेतेषु स्वाभाविकी प्रवृत्तिः मन्दायते।[14]

आचार्योऽभिराजो राजेन्द्रमिश्रोऽपीदमेव स्वीकरोति। प्रतिपादयति च यद्यथा उड्डीयमानो भ्रमरः निष्प्रयोजनमनुरणनव्यापारे व्यापृतस्तिष्ठति तथैव परमार्थदृशा कविः काव्यसर्जनायां यशोऽर्थादिप्रयोजनमनपेक्ष्यैव स्वभावतः प्रवर्तते। कवित्वं तस्य स्वाभाविकं कर्म स्वाभाविकञ्च कर्म प्रयोजननिरपेक्षमेव भवति। कवेः कृते काव्यसर्जनां निष्प्रयोजनां मन्वानो रेवाप्रसादो द्विवेदी सहृदयापेक्षया मम्मटादिभिः प्रतिपादितेभ्यः काव्यप्रयोजनेभ्योऽप्यधिकानि युगावश्यकतापूर्तिस्वधर्मरक्षणराष्ट्रदेवप्रवोधादीन्यन्यानि काव्यप्रयोजनानि स्वीकरोति।

किन्त्वभिराजराजेन्द्रमिश्रो लौकिकव्यवहारदृशा काव्यप्रयोजनस्यावश्यस्वीकर्तव्यत्वे केवलं यशः काव्यप्रयोजनं मनुते यदमुष्मिँल्लोके परत्र चाभिप्रेतं भवति।[15]

त्रिपाठ्युपाह्व आचार्यो राधावल्लभो नैतयोराचार्ययोः 'कवेः निष्प्रयोजनं स्वभावतः काव्यसर्जनायां प्रवृत्तिर्भवतीति मेतन सह सम्मतिं भजते। तस्य मते किञ्चिदपि कर्म स्वाभाविकं न भवति, कर्म सदैव प्रयोजनान्वितमेव भवति। सर्वेषां कर्मणां मूलमानन्दम् सर्वञ्च कर्म सप्रयोजनं मन्वान आचार्यो राधावल्लभो मुक्तिमेव काव्यस्य मुख्यं प्रयोजनं मन्यते। रजस्तमोभ्यां सत्त्वस्याभिभवाच्चैतन्यं सङ्कुचितं भवति। सङ्कुचितप्रमातृत्वमेवावरणमस्ति। काव्येन कवेः सहृदयस्य च सङ्कुचितप्रमातृत्वरूपस्यावरणस्य भङ्गो भवति। इयमेव मुक्तिः। मुक्तिरेव च काव्यप्रयोजनम्।[16] आधिभौतिकाधिदैविकाध्यात्मिकेति त्रैविध्यं सृष्टेस्तस्मात् मुक्तिरपि-आधिभौतिकी, आधिदैविकी, आध्यात्मिकीति त्रिविधा स्वीक्रियते। सर्वेषां कृते शरीरस्य भरणार्थं पोषणार्थञ्चान्नादेः शरीरस्य रक्षणार्थञ्च भवनस्य वस्त्रादेश्च सुव्यवस्थाधिभौतिकी मुक्तिरस्ति। सर्वेषां जीवानां मानसिकव्याधिनिवारणम्, मनसः प्रसन्नता निष्कालुष्यञ्चाधिदैविकी मुक्तिरस्ति। आत्मनस्तु स्वस्वरूपावस्थितिराध्यात्मिकी मुक्तिरस्ति। चेतनाया अपि त्रैविध्येन मुक्तेरन्येऽपि व्यक्तिसमाजब्रह्माण्डगतत्वेन त्रयो भेदाः स्वीक्रियन्ते। मुक्तेः सर्वेऽप्येते षड्भेदाः परस्परं सम्बद्धाः सन्ति। आध्यात्मिकी मुक्तिस्तदैव सम्भवति यदा आधिभौतिकाधिदैविक्यौ मुक्त्यधिगते स्याताम्। एवमेव यावत् सामाजिकी ब्रह्माण्डीया च मुक्तिर्नाधिगते तावद् वैयक्तिकी मुक्तिर्न सम्भवति।

अत्रेदमवधेयं वर्तते यत् केवलं वैयक्तिकसुखेनानन्देन वा नास्ति प्रयोजनं लोके यावदिदं सुखमानन्दो वा सर्वेषां सुखायानन्दाय वा न प्रकल्प्यते। उक्तमपि -

'केवलाघो भवति केवलादी'।[17]

'संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।'[18]

इतीयं सार्वभौमिकी चेतना काव्येनैव सम्पाद्यते। काव्यसाधनया प्रमातृचैतन्यमानन्त्यं लभते। प्रमातुरानन्त्यलाभ एव मुक्तिः। कविसहृदयावुभावपि प्रमातारौ। मुक्तिं काव्यप्रयोजनं स्वीकुर्वताचार्येण राधावल्लभत्रिपाठिना अभिनवगुप्ताचार्यादिभिः प्रतिपादितं रसविषयकं मतमेवाश्रितं वर्तते। अभिनवगुप्तस्य मते काव्यसाधनयोभयोरपि रजस्तमसोरभिभवः सत्त्वस्य चोद्रेको भवति। तेन सद्य एव परिमितप्रमातृभावस्य विगलनं भवति वेद्यान्तरसम्पर्कशून्यतया चापरिमितप्रमातृभाव उन्मिषितो भवति। एवञ्च प्रमाता साधारण्येन रसस्यानन्दस्य साक्षात्कारं करोति। सहास्तित्वस्य

सहिष्णुतायाश्च भावनया सर्वैः सह व्यवहरन् अभ्युदयं परमञ्च श्रेयोऽधिगच्छति।

एवं सर्वेषामेवार्वाचीनानामाचार्याणां काव्यप्रयोजनविषयकाणि मतानि समीक्ष्यैतत्कथयितुं शक्यते यत् तैः प्राचीनाया एव काव्यशास्त्रीयाया परम्परायाः नूतनतया व्याख्यानं व्यधायि।


सन्दर्भाः

1. काव्यप्रकाशः, प्रथमोल्लासः, द्वितीयकारिकाया वृत्तिः
2. नाट्यशास्त्रम्, प्रथमोऽध्यायः, कारिकाः 113-115
3. नीतिशतकम्, 20
4. काव्यालङ्कारः, प्रथमपरिच्छेदः, कारिका - 12
5. काव्यप्रकाशः, प्रथमोल्लासः, कारिका - 2
6. तत्रैव
7. साहित्यदर्पणः, प्रथमपरिच्छेदः, कारिका - 2
8. साहित्यमञ्जरी, पृ.1
9. साहित्यविमर्शः, पृ.40
10. तत्रैव
11. साहित्यबिन्दुः, प्रथमः बिन्दुः, पृ.8
12. अभिनवकाव्यप्रकाशः, प्रथमोन्मेषः, कारिका - 208
13. काव्यालङ्कारकारिका - तृतीयम् अधिकरणम्, कारिकाः 20-24
14. काव्यसत्यालोकः - पञ्चमोद्योतः, पृ.75-76
15. अभिराजयशोभूषणम्- प्रथमोन्मेषः - काव्यप्रयोजनप्रकरणम् - पृ.28
16. अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्रम्, प्रथमाधिकरणम्, द्वितीयोऽध्यायः, पृ.15
17. ऋग्वेदः, 10/117/6, तैत्तिरीयब्राह्मणः, 2/8/8/3
18. ऋग्वेदः, 10/191/2

सन्दर्भ-ग्रन्थाः

1. अभिनवकाव्यप्रकाशः, शास्त्री गिरिधरलाल व्यासः, व्यास-बन्धु-प्रकाशनम्, उदयपुरम्, राजस्थानम्, प्र.सं. 1985
2. अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्रम्, त्रिपाठीराधावल्लभः, सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालयः, वाराणसी, प्र.सं. 2005
3. अभिराजयशोभूषणम्, मिश्रः राजेन्द्रः, वैजयन्तप्रकाशनम्, प्रयागः, प्र.सं. 2006
4. ऋग्वेदः (सायणभाष्यसहितः), सं.एफ. मैक्समूलरः, द्वितीयं भारतीयसंस्करणम्, कृष्णदास अकादमी, 1983
5. काव्यप्रकाशः, मम्मटः, व्याख्या-आचार्य विश्वेश्वरः, ज्ञानमण्डल लिमिटेड, वाराणसी, 1960
6. काव्यालङ्कारः, भामहः, व्याख्या-देवेन्द्रनाथ शर्मा, बिहारराष्ट्रभाषापरिषद्, पटना, 1985
7. काव्यालङ्कारकारिका, द्विवेदी रेवाप्रसादः, कालिदाससंस्थानम्, वाराणसी, द्वि.सं. 2001
8. काव्यसत्यालोकः, शर्मा ब्रह्मानन्दः, अजमेरः, राजस्थानप्रदेशः प्र.सं. 1980
9. नाट्यशास्त्रम्, भरतमुनिः, गायकवाड ओरिएन्टल सीरीज, बड़ौदा विश्वविद्यालयः, बड़ौदा, सं. प्रथमम्, 1964
10. नीतिशतकम् भर्तृहरि, संस्कृत-व्याख्या, सुभाषित-त्रिशती, श्री रामचन्द्र बुधेन्द्र, चौखम्भा संस्कृत संस्थान, 1987
11. साहित्यदर्पणः, विश्वनाथः, हिन्दीव्याख्याकारः, शालिग्रामशास्त्री, मोतीलालबनारसीदास, दिल्ली, 1977
12. साहित्यबिन्दुः, शास्त्री छज्जूरामः, मेहरचन्द्रलछमनदास, दरियागंज, दिल्ली, प्र.सं. 1962
13. साहित्यमञ्जरी, हसूरकरः श्रीपादशास्त्री, महाराजा होल्करसंस्कृतमहाविद्यालयः, इन्दौर, प्र.सं., 1940
14. साहित्यविमर्शः, शर्मा कौत्स अप्पलसोमेश्वरः, तिरुमला तिरुपतिदेवस्थानम्, तिरुपतिः, आन्ध्रप्रदेशः, पृ.स. 1951

● **Sanskrit Deptt. JNU, New Delhi**



Literary Works of Dr. Purna Chandra Shastri in Sanskrit : A Review

Sachidananda Mahapatra

(पूर्णचन्द्रशास्त्रिण: जन्म यद्यपि राजस्थानप्रान्ते 1927 तमे वर्षे अभवत् तथापि ते स्वकीयं कर्ममयजीवनम् उत्कलप्रान्ते वरगढ-नगरे व्यतीतम्। व्यवसायेन आयुर्वेद-चिकित्सकानां तेषां काव्यनिर्माणे सिद्धहस्तता सर्वजनस्वीकृता वर्तते। तेन अपराजितवधूमहाकाव्यम्, प्रबुद्धभारतम्, अन्तर्व्यथा, दुर्भिक्षम्, त्रिविधा, खण्डेला, भोजराज:, युवचेतना, शतपदीत्यादीनि काव्यानि रचितानि। उपर्युक्तेपु प्रथमे द्वे काव्ये प्रकाशिते स्त:, अन्यानि च अप्रकाशितानि सन्ति। एतस्मिन् शोधपत्रे तस्य प्रकाशितयो: द्वयो: काव्ययो: विशदं समीक्षणं कृतं वर्तते।)

0.1. Introduction: Odisha is known for its rich art and culture and it has produced many eminent poets and authors in Sanskrit who have contributed a lot to the Sanskrit language and literature. The literary works of the ancient Odishan authors in Sanskrit like Pandit Viṣṇu Sharmā, Viśvanātha Kavirāja, Murāri Mishra, Kṛṣṇa Mishra and Jayadeva etc. have already been brought to the lime light and much research have been done on these works so far. On the contrary, though a number of modern poets of Odisha have written beautiful *Kāvyas* in Sanskrit, proper attention is not yet given to them by the scholars as a result of which they have not yet come in the lime light. Dr. Purna Chandra Shastri Kalāvatiā is one among such talents and here in this paper an humble attempt is made to highlight his contribution to Sanskrit literature.

0.2. About the Poet: Dr. Purna Chandra Shastri is the eldest son of Sri Rameśwardutta Kalāvatiā and Smt. Suva Bai. He was born on 10th April 1927 at Khandela Dist. Sikar in Rajastan. But at the age of 26, he came to Bargarh and became a permanent resident of Bargarh town of Odisha where he wrote some beautiful *Kāvyas*. The primary education of Dr. Shastri starts from Sanskrit *Prathamā* and *Madhymā* in a toll. Then he pursued his studies in Rohila Ayurvedic College Ramgarh where he passed *Uttara Madhyamā, Shastri, Āyurveda Viśārada* and finally *Āyurvedācārya*.

Dr. Shastri was a successful Ayurvedic practicener and had earned much name and fame not only in Odisha but also in outside. Besides, he was also Ex-Director, State Housing Corporation, Bhubaneswar. Ex-Senate Member, Sambalpur University, Ex-Vice President, Indo- Soviet Cultural Association, Ex-President, Lohia Vichar Manch and Founder President of Bargarh Brahmana Sanskrit Parisad Bargarh. Apart from these, he has received certificate of Honour in the World

Sanskrit Conference, Bangalore and is awarded by the Odisha Sanskrit Academy in the near past.

Though Dr. Shastri is an Ayurvedic doctor by profession, he had a creative bent of mind which was always in search of writing new things in the form of *ślokas*. In the year 1986, when he showed some of his self-written *ślokas* to Dr. Ladukeshwar Satapathy, the then Professor of Sanskrit, G.M. College, Sambalpur, he was very much pleased and inspired him to carry on writing such *ślokas*. Being praised and inspired by Prof. Satapathy, he has never looked back and in the year 2000, he wrote his first *Mahākāvya : Aparājtavadhū*. Thus, Dr. Shastri admits that Prof. Ladukeswar Satapathy was his first *Guru* in writing *Kāvyas* in Sanskrit.

0.3. The Aparajitavadhu Mahakavyam: Now, the '*Apārajitavadhū*' meaning the 'Undefeated Woman' is a *Mahākāvya* of having 700 *ślokas* or verses sub-divided in 10 *sargas* or cantos. This is a published work of the poet. The book has been published by the Pratibha Prakasan New Delhi, in the year 2000. The poet has adopted several important metres like *Mandākrāntā, Upajāti, Indravajrā and Upendravajrā* etc. to express his feelings and poetic imaginations. At the outset, the poet thinks to write poetry, but in a fix he selects the plot viewing different aspects of the society. According to him, if a poet writes about the the beggers asking alms then the ruling class of the country may get angry, if he writes on the beauty and love affairs of the women, then the people of the society may think him discourteous and if he writes on the poor then the rich may be annoyed and show disrespect to him as it would go against their interest. See the language of the poet :

साहित्यं वर्धयामो नवयुगकविता-काव्यधारार्चनाभि-
र्भिक्षावृत्तिं यदस्मिन् यदि लिखति कविः शासकाः कोपिनः स्युः।

वर्णे कान्ताभिसारे ननु सकलजनो भद्रवृत्तौ प्रकृत्येत्
विद्रोहञ्चेद्दरिद्रैर्भवति धनपतिभ्यः कवेर्मानहानिः॥[1] (I.1)

The second *śloka* is almost in the same line where he says that if the poet selects a politician or a *yogī* as the plot of his poetry and writes the dire truth of their lives, then it is not easy to publish the poetry. Hence, he opines that poetry is possible on imagination only and not on truth. Thus the *śloka* goes like:

भ्रष्टाचारेण सिद्धिर्यदि भवति वदेत्सोऽप्यभद्रो सहिष्णुः
योगी वा राजनेता यदपि न सुलभः स्यात्तु तत्कल्पनायाम्।
सत्यं तेषां चरित्रं यदि लिखति कविः सम्भवं मुद्रणं किम्
काव्यं स्यात्कल्पनार्थन्तु नरचरितस्यानुभूतेः प्रमार्थम्॥ [2] (I.2)

Keeping the above facts in view, Dr. Shastri has adopted the life of an ordinary deserted woman Prabhā who has struggled a lot for the existence along with her two small children. Prabhā was poor but educated and hails from a lower farming class family who at the time of acute draught came to Attabira of Bargarh district in Odisha as a daily-labourer from Bhatapara of Madhya Pradesh which falls presently in Chatisgarh. Her husband left her alone with two children and went away to Allhabad marrying another girl. Thus she was thrown to suffer for her

livelihood. One of her children suffered from a chronic disease and he was under the treatment of Dr. Shastri. In spite of his sincere effort, Dr. Shasrti could not save him. This is how he came in contact with Prabhā whose precarious condition created a plot for the poet to write a *kāvya* to which he has named *Aparājitavadhū Mahākāvyam*.

इन कथाओं का प्रथम वैशिष्ट्य है- इनमें चित्रित पात्रों की सर्वत्र सहज-सुलभता जिन्हें साहित्यिक गरिमा के साथ महिमामण्डित किया गया है। इन कथाओं में कहीं सगे सम्बन्धियों से भी अधिक अपने है पराये (स आसीन्मम तातपाद: और मातुर्निमित्तम्) तो कहीं सगे सम्बन्धियों-मंझली दादी और मोती बुआ के देदीप्यमान सुसंस्कृत तथा संस्मरणात्मक चित्र अपने पूर्ण कौशल के साथ उद्भासित हो रहे हैं (मध्यमाज्जुका, और पितृष्वसा)। पारिवारिक सदस्यों की स्वार्थपरता से क्षुब्ध और किसी नितान्त पराये व्यक्ति के सहज सेवाभाव व समर्पण से जीवन में परिपूर्णता की ओर अग्रसर पात्रों की कथा 'प्रीतिदर्पण: हो' अथवा सर्वत्र परस्पर प्रेम व समर्पण के मध्य दुर्भाग्य और विद्वेष के कारण एक विधवा के अनथक संघर्ष द्वारा उसे पुन: पारिवारिक सुख और छिन्नमस्ता मृडानी महामाया के पद की प्राप्ति की कथा 'छिन्नमस्ता' हो-दोनों में ही मानवीय सद्गुणों की विजय की सुखान्त परिणति है। कहीं प्रेम, सौहार्द, समर्पण द्वारा प्रतिशोधाग्नि के शान्त होने का दृश्यांकन है (कथा-वाडवाग्नि:) तो कहीं एक पशु और मानव-मन की संवेदनाओं का परस्पर स्वाभाविक उन्मेष चित्रांकित है (कथा-प्रायश्चित्तम्)। इस प्रकार सभी कथाओं में सामान्य से सर्वसुलभ विषय कथाकार की कलात्मक लेखनी के संस्पर्श से उद्दीप्त होकर साहित्य-जगत् की निधि-स्वरूप हो गये है। संग्रह के अन्त में परिशिष्ट के अन्तर्गत यहाँ संकलित सुभाषितों को कथाक्र मानुसार सूचीबद्ध किया गया है। इन सुभाषितों की संख्या 35 है। प्रत्येक कथा के अन्त में कथा का रचनाकाल भी दिया गया है।

छिन्नमस्ता - **कृतिकार** - अभिराज राजेन्द्रमिश्र; **प्रकाशक**- वैजयन्त प्रकाशन, 8 बाघम्बरी मार्ग, इलाहाबाद, 211006; **प्रथम संस्करण**- जन. 2010; **मूल्य :** 300 रुपये।

- अर्चना तिवारी

● ग्रा.पो. कोरसम, फतेहपुर (उ.प्र.)

IV
पुनर्नवा

मानव-जीवन और आधुनिक-समाज के विविध पक्षों को कथापात्रों के चरित्र, चिन्तन, व्यवहार तथा आचरण द्वारा अभिव्यक्त करती प्रो.मिश्र कृत 'पुनर्नवा' की ग्यारह कहानियाँ यथार्थ चित्रांकन के साथ-साथ किसी न किसी समाधान या सुखान्त परिणति के साथ पाठकों को प्रभावित करने में समर्थ हैं। इन कथाओं की वस्तु तल (विषय) में नवीनता है किन्तु वस्तु-विन्यास आजमाया हुआ है। उनके संवाद भी यहाँ चिर-परिचित अन्दाज में हैं। परिवेश और पात्रों की प्रस्तुति वर्तमान सामाजिक समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में है किन्तु उनका पर्यवसान भारतीयता के अनुकूल आदर्श व सुखान्त समाधान में हुआ है। नारी को केन्द्र में रखकर रची गई इन कथाओं में भारतीय संस्कृति के अनुरूप ही उनके जीवन को सही दिशा देना इन कथाओं का मूल उद्देश्य प्रतीत होता है। यहाँ नारी के पारम्परिक स्वरूप उसके लिये अनिवार्य गार्हस्थ्यधर्म, यथार्थ संघर्ष के मध्य शास्त्रमर्यादानुकूल समाधान के मूल में उनकी लोकमंगलपरक आशावादी दृष्टि ही है। भाषाशैली शास्त्रानुकूल पुरातनी है और संघटनात्मक प्रस्तुतीकरण भी पारम्परिक पुट है। विषयानुसार भाषा कहीं समासबहुल तो कहीं अल्पसमासयुक्त, कहीं समासरहित तो कहीं सालंकार और व्यावहारिक होने पर भी पाणिनीय व्याकरण-शास्त्र की अनुगामिनी है। संस्कृत-गद्यकाव्य के शास्त्रीय स्वरूप को प्रचलित मुहावरों

लोकोक्तियों से सजाकर नवीन अन्दाज में प्रस्तुत किया गया है।

संग्रह की प्रथम कथा 'संकल्प:', 'मोगी' (दूर्वा, नवम्बर 1993) नामक कथा की ही संशोधित पुनर्प्रस्तुति है। कथा 'सपत्नी' में पति-सुख के लिये जीने और मरने वाली बुधनी पुत्रप्राप्ति के लिये अपने पति सुखराम का पुनर्विवाह उसकी सहकर्मिणी चम्पा से करवाती है। यहाँ परस्पर समर्पण और प्रेम से अन्ततः चम्पा में आये अनुकूल परिवर्तन और उसके बीमार होने के बाद बुधनी के ही माँ बनने के बाद तत्काल देहावसान की स्थिति कथा को सुखावसान देती है।

सभी परिजनों के प्लेग से काल-कलवित हो जाने पर अकेली और सुन्दरी श्यामा के सामाजिक-पारिवारिक संघर्ष को दिखाने वाली कथा 'मरुन्यग्रोध:' का प्रारम्भ यथार्थ के प्रकाश में हुआ है और कथान्त कथाकार के आजमाये हुये कथाविन्यास के अनुरूप सुखान्त परिणति में। प्रवञ्चनावल से पड़ोसियों द्वारा सारी भूमि छीन लिये जाने पर श्यामा के सामने अपने शील और सम्पत्ति की रक्षा का प्रथम प्रश्न उपस्थित है। विपत्ति में सहारा बनने वाले की प्रथम दृष्टि उसके सौन्दर्य पर ही जाती है। कथान्त में सभी सामाजिक आडम्बरों की अवहेलना करने वाला दयालु नामक एकाकी युवक गर्भिणी श्यामा के साथ विवाह करके उसे कुमार्ग से बचाते हुये गृहस्थ में प्रतिष्ठित करता है और उसके गर्भस्थ शिशु को पिता के नाम का आश्रय प्रदान करते हुये उसे अवैधता के दुर्गम कलंक से बचाता है। कथा में 'मरुन्यग्रोध:' प्रतीक के माध्यम से कथाकार ने रेगिस्तान में उसे बरगद के पेड़ के समान श्यामा के जीवन में शीतल छाया बनने वाले दयालु की समाजिक दृष्टि में अलग-थलग हुई स्थिति को सहज ही अभिव्यक्त कर दिया है।

एक अनाथ ब्राह्मण-कन्या कामिनी का पालन-पोषण करने वाली गणिका हुस्नाबाई की वत्सलता, ममता, शरणागतवात्सल्य का वर्णन करती कथा 'नर्तकी' में प्रत्येक पात्र मानवीय गुणों का परस्पर उत्कर्ष परिलक्षित होता है। कथा में नर्तकी फमरजहाँ (जो ब्राह्मण कन्या कामिनी है) के अनिन्द्य सौन्दर्य, नृत्यकौशल और शिष्ट व्यवहार तथा नायक 'मैं' की गुणग्राहकता, उदारता आदि का चित्रांकन है और उनके विवाह के वर्णन द्वारा सुखान्त परिणति की कुशल प्रस्तुति है।

पौर्वात्य और पाश्चात्य दो भिन्न-भिन्न संस्कृतियों के समन्वय पर आधृत कथा 'वाग्दत्ता' में भारतीय धर्म, संस्कृति एवं परम्परा के नैष्ठिक समर्थक आचार्य उमाचरण शुक्ल अमेरिका-प्रवासी अपने पुत्र गोविन्द की प्रेयसी जेनी को अन्ततः अपनी पुत्रवधू के रूप में स्वीकार कर लेते हैं। यहाँ भारतीयसंस्कृति में रंगी-डूबी जेनी के प्रेम और समर्पण के स्वर और पुत्रहित के कारण आचार्य में आये परिवर्तन के स्वर प्रकारान्तर से अनुगूञ्जित होते हुये कथागत सौन्दर्य में वृद्धि कर रहे हैं।

एक भावप्रवण किशोरी की भाव-विह्वल मार्मिक न्यायप्रक्रिया को शब्दों में उतारती कथा 'न्यायमहं करिष्ये' में अपनी समवयस्का बुआ भवानी के प्रति संवेदनशील गुदिता, बुआ के प्रति रुक्ष और अमर्षशील अपनी माँ का प्रतिरोध अन्ततः अपनी जान गवाँ कर करती है। मुदिता की माँ भवानी के मंगेतर के साथ उसकी जगह अपनी बेटी की शादी करना चाहती हैं। मुदिता के घोर विरोध के बावजूद उसकी माँ बेटी के साथ न्याय करने का उद्घोष करते हुये मातृ-पितृ हीन अपनी ननद के साथ अतिशय अन्याय को उन्मुख हो जाती है। किन्तु उसी रात 'अब न्याय तुम क्या करोगी, न्याय मैं ही करूँगी' इस प्रकार पत्र लिखने के बाद विष पीकर स्वयं को ही समाप्त कर लेती है।

ऐतिहासिक चरित्र ध्रुवस्वामिनी से प्रेरित कथा में केन्द्रीय चरित्र ध्रुवस्वामिनी को किञ्चित् परिवर्तित ताने-बाने के साथ प्रस्तुत करती कथा 'ध्रुवस्वामिनी' में परिवार के सर्वविध कल्याण और समाजिक प्रतिष्ठा के लिये देवर-भाभी के अवैध-प्रणय सम्बन्ध को भी सहन करने वाले परिवार का चित्रण है। रेवती और उसके

देवर प्रबोध के बीच प्रचलित यह सम्बन्ध अन्ततः रेवती की पुत्री सुनन्दा के भावप्रवण हस्तक्षेप और पति सुबोध की माँ के उपदेश से समाप्त हो जाता हैं और रेवती में कर्त्तव्यबोधान्तर जागृत हुई पतिनिष्ठा से कथा को आदर्श सुखान्त की प्राप्ति होती है।

सन्तानहीन दत्पति के प्रति अपने-अपने स्वार्थ-सिद्धि में आसक्त भाई-भाभियों की कलुपित दृष्टि और नियति के सत्न्याय की कथा 'वन्ध्या' में सगे भाइयों के परायों जैसे व्यवहार का यथार्थ चित्रण है। निस्सन्तान रामदत्त और उसकी पत्नी परिवार द्वारा प्रतिपग प्राप्त अवहेलना का शिकार होते रहते हैं। रामदत्त के हिस्से की जमीन लेने के लिये आतुर भाई कथान्त में उस समय हतप्रभ रह जाते है जब चकबन्दी कार्यालय में रामदत्त सदा ही बन्ध्या समझी जाने वाली अपनी पत्नी के गर्भवती होने की सूचना देता है। कथा 'न्याय-रक्षा' में अध्यापक रविचन्द्र की द्वितीय पत्नी सुनन्दा पति के प्रथमपुत्र शरच्चन्द्र को अपने न्यास मानकर न सिर्फ उसका पालन-पोषण करती है अपितु अपने प्राण देने में भी देर नहीं करती।

सुनन्दा का अपने उच्छृङ्खल, चरित्रहीन, मद्यप और क्रूर बेटा विनयचन्द्र फैक्टरी में उच्चपद पाने के लिये अपनी बहन शची का विवाह फैक्टरी मालिक के साथ करने को उद्यत है। दोनों भाइयों के इसी संघर्ष में विनयचन्द्र शरच्चन्द्र को गोली मारने का प्रयास करता है किन्तु उसकी रक्षा के लिये माँ स्वयं सामने आ जाती है।

विधवाविवाह को ठोस धार्मशास्त्रीय आधार प्रदान करती कथा 'पुनर्नवा' में आचार्य महेश्वरानन्द की प्रशस्य भूमिका और वर-कन्या दोनों पक्षों की समन्वित विचारधाराओं के कारण बालविधवा कन्या कृष्णा का विवाह प्रमोद के साथ सम्पन्न हो पाता है। यहाँ शास्त्रसम्मत रीति द्वारा पुनर्विवाहजन्य-सौभाग्य को नारी का जन्मसिद्ध अधिकार सिद्ध किया गया है।

महाकवि बाणभट्ट कृत कादम्बरीकथा के पात्रों और घटनाओं के मूलयथार्थ को अभिव्यञ्जित करती कथा 'अनाख्याता बाणभट्टात्मकथा' कथानायक 'मैं' के स्वप्नदर्शनानुभव के रूप में प्रस्तुत हुयी है।

कथासंग्रह के अंत में संगृहीत परिशिष्ट में इन कथाओं का रचना-इतिहास पूर्वप्रकाशन आदि की सूचना और संग्रह की प्रत्येक कथा में आये हुये सुभाषितों की क्रमबद्ध सूची दी गई है। यहाँ संग्रह में प्रयुक्त हुये स्वनिर्मित नवीन शब्दों की सूची भी दी गयी है। इस प्रकार यह परिशिष्ट अध्ययन दृष्ट्या अति उपयोगी है।

अविकसितबुद्धि वाले राजकुमारों को पुराणशास्त्रादि के माध्यम से प्रबुद्ध न बना सकने की स्थिति में शास्त्रीय ज्ञान को आत्मसात् कर किसी भी व्यावहारिक स्थिति में अभिनिविष्ट कर प्रकारान्तर से अभिव्यक्त कर सकने में समर्थ महाप्रज्ञ आचार्य विष्णुशर्मा ने रुचिपूर्ण पशु-पक्षि-कथाओं के आश्रय से जिस 'पञ्चतन्त्र' की रचना की थी, उसी को प्राचीन वक्ता एवं श्रोताओं के माध्यम से वर्तमान समाज से जोड़ते हुये **'अभिनवपञ्चतन्त्रम्'** में अभिराज मिश्र जी ने पन्द्रह कथाओं की रोचक प्रस्तुति द्वारा मित्रप्राप्ति, मित्रभेद, काकोलकीय, लब्धप्रणाश, अपरीक्षितकारकम् आदि सन्दर्भो को नूतन परिवेश प्रदान किया है। अभिनवपञ्चतन्त्र का प्रथम उपदेश मित्र-सम्प्राप्ति राजकुमारों के परिज्ञान और मनोरंजन के साथ-साथ सन्मित्र के गुणों और जीवन में मित्रता के माहात्म्य के विषय में हिरन, कौआ, सियार के कथानक से समझाया है।

मित्रसम्प्राप्ति का यह अधिक दृढ़ता को प्राप्त हो सके अतः साही और सूकर की कथा कृतज्ञशल्लकी कथा, हरियाणाराज्य के सूरजपुर निवासी दलेलसिंह और शाकविक्रेता शम्भु की कथा शाकविक्रेतुः पुत्रकथा और अभिशप्तवानरी कथा के माध्यम से पुनः पुनः आचार्य रुचिपूर्ण शैली में शिक्षा प्रदान करते हैं।

इसी प्रकार द्वितीय तन्त्र मित्रभेद के अन्तर्गत निरञ्जनवञ्चनाकथा, दुर्हृद्वणिक्कथा तथा दस्युप्रणयकथा के दृष्टान्त द्वारा आचार्य सहज ही मित्रता को चिरकाल तक स्थायी बनाये रखने के उपाय, मित्र के घर अधिक आवाजाही से होने वाली हानि और अमर्यादित काम की दुःखद परिणति के विषय में उपदेश देते हैं। उत्कोचकीटाधिकारिकथा तथा नाकुलिकाहतुण्डिकथा के माध्यम से आचार्य ने 'काकोलूकीयम्' नामक तृतीय तन्त्र में राजकुमारों को रहस्य को सहज ही प्रकट करने में प्रवृत्त घर से निकाले गये व्यक्ति के विषय में उपदेश करने के साथ-साथ यह भी समझाते हैं कि समुचित कारण और समाधान होने पर ही किसी के साथ वैर करना चाहिये।

अग्रिम दो तन्त्रों में भारतीय संस्कृति से अतिसाम्यपरक बालीद्वीप की सामाजिक घटनाओं का परिचय कराती कहानियों के माध्यम से राजकुमारों की संस्कारानुप्राणित बुद्धि की तीक्ष्णता को पुनः उर्ज्जीवित किया गया है। तृतीय तन्त्र 'लब्धप्रणाशः' में संकलित तेंगनाननायककथा, वृद्धबलिनिवारणकथा, मृतभूपोज्जीवनकथा के दृष्टान्तों द्वारा जगत् में बुद्धि की प्रधानता प्रतिपादित की गई है। चतुर्थ तन्त्र अपरीक्षतकारकम् की सुरावायकथा, भेकभञ्जगकथा, पितृवधिकवधकथा के माध्यम से भली-भाँति सोच-विचार कर कार्य करने का उपदेश दिया गया है।

इन कथाओं में मानव-पात्रों की भाँति ही आचार-व्यवहार करते जो रुचि और कौतूहल का उत्पादक पशुपक्षियों का संसार प्रथम वैशिष्ट्य है। कहीं न कहीं लेखक के जीवन से सम्बद्ध नवीन परिवेश में प्राचीन वक्ता और श्रोता के माध्यम प्राचीन कथावस्तु और उद्देश्यों की प्रस्तुति पाठक को आद्यन्त आबद्ध रखती है। कौतुहल-आधायक सरल, सरस तथा स्वाभाविक कथाविन्यास, भावानुकूल भाषाशैली, कथावस्तु को गति और रोचकता प्रदान करते छोटे-छोटे संवाद, सुस्पष्ट कथासार की श्लोकबद्ध प्रस्तुति आदि तत्त्व इन कथाओं को पठनीयता, सम्प्रेषणीयता प्रदान करते हुये सार्थक बना रहे हैं। मानवीय सद्गुण, नैतिक-मूल्य, न्याय, मर्यादा, उदारता आदि सामाजिक व्यवस्था के नियामक तत्त्व इन सरल प्रतीकात्मक कथाओं के माध्यम से सहज ही समझाये गये हैं।

दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले धारावाहिक से प्रेरित प्रो.मिश्रकृत **'कान्तारकथा'** नामक कथासंग्रह उनकी कल्पनाशीलता और मौलिक सर्जनात्मकता का प्रतीक बनकर संस्कृत कथा-साहित्य में नवीन अध्याय जोड़ने में सफल है। संस्कृत-जगत् के लिये सर्वथा नवीन पृष्ठभूमि में विकसित इस कथा-संग्रह में एक ऐसे बालक के दृष्टान्त द्वारा जीवन-जगत् के रहस्यों को समझने का प्रयत्न किया गया है, जिसका पालन-पोषण परिस्थितिवश एक भेड़िये के परिवार में होता है। यहाँ जंगल को एक नूतन दृष्टि से देखने का प्रयत्न होने के साथ-साथ जंगल की दृष्टि द्वारा मानव-जगत् को देखने का प्रयत्न है, इन प्रयत्नों में मासूमियत भरे सवाल हैं। इन सवालों में मर्मस्पर्शी, मनोरम रहस्योद्घाटन हैं और इनमें समाविष्ट है भावप्रबलता और तर्कशीलता का संगम।

मोद्गलि नामक बालक को शैशवावस्था में ही एक भेड़िया उठाकर ले जाता है। यहाँ दक्षिण दिशाओं में शई नदी से घिरे लेखक के गाँव के आसपास का घना जंगल और ग्रामीण परिवेश साकार हो रोमांच और कौतूहल उत्पन्न करने में सहायक है। भेड़िया मोद्गलि को गुफा के द्वार पर रखकर वहीं आराम करने लगता है और शिशु मोद्गलि गुफा की ढलान पर लुढ़कता हुआ नीचे अपने शिशुओं को स्तनपान करा रही मादा भेड़िया के पास पहुँच स्वयं भी स्तनपान करने लगता है। भेड़िया दम्पति भी उसके प्रति वात्सल्यभाव उपजने से उसका पालन-पोषण पुत्रवत् करते हैं। किन्तु मानवपुत्र मोद्गलि कुछ बड़ा होने पर अपनी स्वाभाविक प्रवृत्तिवश विचार-विमर्श करने लगता है- जंगल में सभी एक-दूसरे से भयभीत क्यों दिखते हैं, यहाँ प्रत्येक

जानवर अपने से कमजोर को क्यों मारने लगता है, मनुष्य और जानवर अलग-अलग क्यों रहते हैं- आदि-आदि अनेकानेक प्रश्नों का उत्तर देने में असमर्थ-उसकी माँ सुकेशी (भेड़िया) तो यह जानती है कि यह एक मानव-बालक है और उसी भाँति चिन्तनशील भी है। वह मोद्गलि से कहती है कि तुम्हारे इन प्रश्नों का उत्तर मैं तो नहीं जानती। किन्तु दृष्टि नामक भालू जरूर जानते होंगे क्योंकि इस जंगल में सर्वाधिक बुद्धिमान् वही हैं। तुम्हें उन्हीं के पास जाना चाहिये। इस प्रकार मोद्गलि माँ के निर्देशानुसार दृष्टि नामक रीछ के पास पहुँच अपने सारी आशंकाओं के समाधान प्राप्त करता है जैसे-मानव और पशु सभी को एक ही ईश्वर ने बनाया है और पूर्व में मानव और पशु साथ-साथ रहते थे कालान्तर में दोनों अपनी-अपनी प्रकृति के अनुसार अलग-अलग स्थानों पर रहने लगे। किन्तु अभी भी मानव के लिये उपयोगी कुछ पशु उनके साथ रहते हैं जैसे- गाय, बैल, घोड़ा, भैंस, गधा, सुअर, बकरी, ऊँट आदि और कुछ मनुष्य हमारे साथ जंगल में जैसे ऋषि-मुनिगण, आदिवासी, कबीलाई कुछ समूह।

यहाँ सृष्टि के सामान्य रहस्यों को पौराणिक दृष्टि के माध्यम से बालानुरूप सहजशैली में प्रस्तुत किया गया है।

इन कथाओं में कथ्यानुकूल भावप्रवण संवाद, प्रतिपद रोचकता व सुन्दरता का सन्धान करते हैं। कथाकार के चिर-परिचित अन्दाज में लोकप्रचलित विविध लोकोक्तियों व मुहावरों के प्रयोग जनसामान्य के लिये आत्मीय संस्पर्श का आधान करते हैं। आदर्श स्थितियों में वस्तु के अवसान द्वारा पारम्परिक संघटनात्मक शिल्प में समसामयिक जन-जीवन का कुशल रूपायन है।

कृति : पुनर्नवा; **कृतिकार :** अभिराज राजेन्द्रमिश्र, **प्रकाशक :** वैजयन्त प्रकाशन, 8 बाघम्बरी मार्ग, इलाहाबाद, 211006; **प्रथम संस्करण** जन. 2008; **मूल्य :** 300 रुपये।

- अर्चना तिवारी

● ग्रा.पो. कोरसम, फतेहपुर (उ.प्र.)

V

अन्यच्च

अन्यच्च इत्युपन्यासो राधावल्लभीयलेखनीखचित: सद्य:प्रकाशितेपु श्रेष्ठतम: संस्कृतोपन्यासो वर्तते यत्र औपन्यासिक: शास्त्रज्ञानसम्पन्नेन स्वबुद्धिवैशारद्येन सन्निवेशयति कनिष्ककालिकं महाभारतीयं चित्रम्। मातृसंस्कृतेरुपासको महाभारतीयचेतनाया: प्रवक्ता देशभक्तकथाकारो मातृभक्तपुत्रव्याजेन कथानायकमुखेन विरचयति मातृसूक्तं वैदिक-ऋषिरिव। माता सत्यमेव उपस्थिता इति स मनुते स्म मनाक्। ऋषिणा उपन्यासकारेण यत् मातृसन्धानं प्रारब्धं तदर्थं स्वर्गकामेन तेन स्वर्गसन्धानमपि कृतम्। मातृसूक्तं पठित्वा मातरमावाहयति मातृभूमौ स्वर्गमपि अवतारयति।

अत्र त्रय: खण्डा: सन्ति। तत्र च पुन: क्रमश: 22, 7, 11 भागा: सन्ति, 65 सन्दर्भाश्च विलसन्ति, विशेषव्याख्यानार्थम्। "तेजस्विनावधीतमस्तु" इति प्रथमे खण्डे 22 भागेपु कल्पितकथानायकस्य विशाखस्य प्रथमाश्रमस्य कथा वर्णिताऽस्ति, प्रसङ्गत: तस्य पितृगृहस्य, गुरुकुलस्य बाल्यकालस्य च कथा निरूपिता। "सङ्गच्छध्वं संवदध्वं संवो मनांसि जानताम्" इति द्वितीये खण्डे 7 भागेपु विशाखस्य तक्षशिलात: काश्मीरयात्रा विशदीकृता। "पूर्णमद: पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते, पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते" इति तृतीयखण्डे विशाखस्य इरावत्या सह विवाहस्य, किन्नरपुरस्य, इदानीन्तनशासकानां दुराचारस्य च कथा वर्णिता।

अनन्तरं स्वबाल्यबन्धुना आचार्येण अश्वघोषेण मिलित्वा, कार्ययोजनां विधाय, शत्रुभिः सह युद्ध्वा अत्याचारं शमयति। एवमेव सहसा अवसितोऽयमुपन्यासः।

त्रिषु खण्डेषु भागानुसारं कथा एवं वर्तते - "तेजस्विनावधीतमस्तु" इति प्रथमे खण्डे 22 भागेषु कल्पितकथानायकस्य विशाखस्य प्रथमाश्रमस्य कथा वर्णिता।

1. भद्रपुरीवर्णनेन प्रारब्धोऽयमुपन्यासो यत्र ठक्कुरः सरस्वतीभवने पुराणप्रवचनस्यायोजनं कृतवान्। ग्रन्थिकः "कपिलदेवहूतिसंवादे" प्रसङ्गप्राप्तं स्वर्गं वर्णयति। मातरमन्विष्य तेन स्वर्गकामः कथानायको विशाखः सहसा प्रविश्य प्रतिवदति। प्रवचनेन सह गानमपि भवति स्म इति ज्ञायते।

2 .वार्तालापं विधाय विशाखो जानाति यत् ग्रन्थिकस्तस्य बन्धोर्वाग्भट्टस्य पिता वर्तते। तेन सह स ठक्कुरगृहं गच्छति। पूर्वस्मृतिस्मरणेन अनुभवति स "श्मशानकल्पं जगदिति।" (पृ. 8)

3. पञ्चमे वर्षे मातृमरणं कथमपि न विस्मृतं तेन। उपनयनसंस्कारानन्तरं पिता तं पाठयितुं यतते। सोऽपि अनुभवति- "अरे पुस्तकस्याध्ययनेन तु संसार एव नवीनो भवति इति सकौतुकं कथयति आत्मनाऽऽत्मनम्। अक्षरे तु क्षरं विश्वं समहितमिति स तदानीमजानात्।" (पृ.10) विशाखस्य बाल्यकालस्य विविधक्रीडाः वर्णिताः अत्र। मात्राचरितानि व्रतानि वर्णितानि। प्रसङ्गतः व्रताचरणध्येयं, धार्मीयविवादं, पञ्चदेवोपासनां, गुरुकुलं, मातृणं, स्वर्गसन्धानं चेत्यादीनि सम्यग् वर्णितानि सन्ति। समाधानमुखेन लेखकः स्वयं मन्त्रयते- "कयापि स्त्रिया विरचितं किमपि धार्मशास्त्रं न लभ्यते। अहं मन्ये मातुः ऋणं भवति। पत्न्या अपि पत्युः कृते ऋणं भवति।" (पृ.12)

4. ठक्कुरस्य गृहे तस्य चतुर्दशवर्षे विधवा पुत्रवधूः कालिन्दी दृष्टा। रात्रौ मातरं स्मृत्वा उत्स्वप्नायते विशाखः। शकटेन नदीगमनसमये गाथाश्रवणम्। तदा संस्कृतभाषायाः प्रामुख्ये प्राकृतगाथाः तथा सम्मानिताः नासन्। वस्तुतः तात्कालिकं समाजं वर्णयितुकामेन कथाकारेण साधारण-सामाजिकस्य शाकटिकस्य मुखे गाथानां सफलप्रयोगः कृतः। संस्कृतच्छायासहिताः गाथाः मनोहरन्ति। तदाऽपि लौकिकगानानां गाथानां च आदर आसीदिति प्रतिपादितवान् रचनाकारः। स तत्र दिवसचक्राणां भव्यवर्णनेन कालस्य गमनं द्योतयति।

5. विपाकेन सह मैत्रीं स्मरति विशाखः। गाथाः शृणोति। दिवा मातुः स्वप्नं पश्यति। माता सूक्ष्मशरीरेण तिष्ठति इति स विचिन्तयति। मातृसूक्तं रचयति विशाखः। अस्य सूक्तस्य विशाख ऋषिः, माता देवता, अनुष्टुप् छन्दः। प्रक्रियामेवं निरूपितवान् कथाकारः- "विशाखो भूमौ उपविश्य मातृमण्डलं निर्मितवान्। मातृसूक्तं पठित्वा मातुराह्वानं कृतवान्। माता साक्षात् तस्मिन् उपविष्टा आभाति।" (पृ.26)। अत्र सुवर्णाक्षी इति कीर्तिता इति कौण्डिन्यः स्वमातरं प्रत्यक्षीकृतवान्। एवमेव कथाकारः स्वयं सूक्तं रचितवान्, तस्य साधारणीकरणं च कृतवान्।

6. शाकटिकस्य गाथाः श्रुत्वा मातृसूक्तं स्मरन् स मातृदर्शनाय निर्गन्तुमिच्छति। सूतवर्यः गाथालेखकस्य विषये शाकटिकं पृच्छन् कवेः कर्णपूरस्य परिचयं प्राप्नोति, य उदरम्भरणाय शिबिकां वहति स्म। प्रसङ्गतः विशाखः आजीविकसम्प्रदायात् दीक्षाप्राप्तिविषयं वदति। सूतस्तु तस्य पितुः दुःखं वदति, तस्य दर्शनाय उपदिशति। मल्लिका दासी पितरं त्यक्तवतीति सूचयति। तस्याः प्रत्यक्षानुभवं विशाखो वदति अतीतं स्मरन्।

7. आचार्यसौम्यदेवस्य निधनात्परं पित्रा सह गृहागतेन तेन सह मल्लिकायाः परिचयो जातः, मनोमालिन्यमभवत्, विपाकात् जरायुजा सृष्टिः श्रुता, तत्पितृपादात् आयुर्वेदपठनकाले असंख्यवृक्षाणां परिचयः प्राप्तः, रात्रौ श्मशानं गच्छन्त्येषा पिशाची स्यादिति अनुमिता, शिलाटकङ्ककेन सह मल्लिकायाः सम्पर्कः ज्ञातः, मल्लिकया सह कलहः, पित्रा ताडितेन च गृहं त्यक्तम्। ततः विमलमतेराश्रममन्विष्य स साकेतं प्राप्य सरयूतीरे

स्वर्गकामः मात्रा दत्तं निष्कं ब्राह्मणाय ददाति, परन्तु तेन प्रवञ्चितः। किन्तु तस्य संन्यासहेतोः, कौण्डिन्यस्य तक्षशिलागमनात्, तत्पुत्रात् न्यायशास्त्रं पठित्वा, ईश्वरकृष्णात् सांख्यमधिगम्य विविधसम्प्रदायैः सन्निहितः नितरां भ्रमणेन पीडितः संज्ञाहीनो बौद्धभिक्षुभिः सेवितः, बौद्धविहारे बौद्धग्रन्थान् पठित्वा, आजीविकसम्प्रदायात् दीक्षां प्राप्तवान्। अनन्तरकाले गुरोरन्वेषणेन प्रस्थितः सः अन्ततोगत्वा भद्रपुर्यां सूतवर्यं प्राप्नोति।

8. सूतेन उक्तं यत् - तस्य द्वितीया माता सा न तु पिशाची आसीत्, अपि तु अभिसारिका। ततः मेघदूतस्य, नैमिषारण्यस्य, ध्रुवोपाख्यानस्य चर्चा विहिता। "व्यासोच्छिष्टं जगत्सर्वम्" इति श्रुत्वा विशाखः कौण्डिन्येनोक्तम् "उच्छिष्टं वै ब्रह्म" इति अथर्ववचनं स्मरति। मातुर्वियोगमिव कौण्डिन्यस्यादर्शनं तं तुदति स्म।

9. कालिन्द्याः शयनकक्षात् पुरुषस्य परुषस्वरं श्रुत्वा त्यक्तनिद्रः विशाखः आर्यं कौण्डिन्यं स्मरति। शिष्येभ्यः दण्डदानविषये गौतमसूत्रस्योपरि सौम्यदेव-विमलमत्योः आलापमपि स्मरति।

10. सातवाहन(हाल)स्य कवेः वर्णनम्, गाथानां लेखकानामपि वर्णनं सूतमुखेन कारयित्वा लौकिकसाहित्येन सह कमपि सेतुं कल्पयति कथाकारः। स्नानानन्तरं ठक्कुरस्य उद्यान-वर्णन-प्रसङ्गे विविधवृक्षलताफलादीनां नामोच्चारणं कृतवान्। चीरञ्जीववैद्येन सूतस्य हृदयरोगस्य उपचारः कृतः।

11. क्षमायाचनार्थं विशाखः विपाकस्य गृहं प्राप्यापि तं न प्राप्तवान्। तस्य पितृपादात् क्षुन्निवारक-मौषधं फलानि च स्व्यकरात्। स्वर्गविषये पृष्ट्वा निरामयं जीवनमेव स्वर्गः इति ज्ञातवान्। विपाकेन सह कलहः, पित्रे द्रोहश्च तमाजीवनं क्लिश्नतः स्म।

12. भोजनार्थं चतुःशालं प्रविशता ठक्कुरस्य कुशूलः अवलोकितः। विविधधान्यानां मुद्गानां च नामनि दत्तानि सन्ति। भोजनं परिविष्टम्। ठक्कुरपत्नी सर्वान् आदिशति, सर्वे कार्यं कुर्वन्ति स्म। सहसा विशाखेन श्वा दृष्टः। प्रायश्चित्तरूपेण स भोजनं त्यक्तुमिच्छति। पुनः सूतवर्यस्य अनुरोधेन गृह्णाति। अनेन सूतवर्यस्य प्रायोगिकत्वं सिद्ध्यति। सूतः प्रवचने भारतमहिमानं प्रतिपादयति। गोपीचन्दनं वर्णयति। तिलकप्रकार-कार्पासमहत्त्वादिकं वर्णयति। अक्षरेषु एव देवाः प्रतिष्ठिताः इति वदति सूतः। मातृसूक्तं स्मृत्वा स्वमातरं स्मरति सूतः। हठात् पुराणलेखनस्य प्रस्तावं प्रस्तौति पौराणिकः सूतः विशाखस्य समीपे।

13. भोजपत्राणि आनयति ठक्कुरः। निर्वाते स्थाने ग्रन्थमुद्घाट्य लेखितुमुपदेशः। सूत्रविमोचने वासुकेः ध्यानं करणीयम्। काष्ठफलकद्वये द्यावापृथिव्यौ निवसतः। सूत्रधारणात् सूतः इति व्युत्पत्तिं करोति सूतः। अकस्माद् भग्नस्य शकटचक्रस्य संयोजनमपि सूतः कृतवान्।

14. पुराणलेखनव्याजेन लेखनीनिर्माण-ग्रन्थनिर्माण-संशोधनविधानानि वर्णितानि। एकाकिना भैरवमन्दिरं गत्वा भैरवदीक्षितैः मिलति विशाखः।

15. सूतानां परम्परा, स्त्रीयाजकस्य कथा, मातुरन्वेषणं, विशाखस्य गमनोच्छुक्यमत्र वर्णितानि सन्ति।

16. प्रवचने स्वारस्यसम्पादनाय गोपलीलाकथाः योजयति सूतः। मुकुरमन्दिरकथा, मन्दिरनिर्माणयोजना, भूमिचयनम्, आगम-निगमयोः विवाहं कारयति।

17. विशाखः पुराणलेखनं समाप्य स्वव्यथां गाथाभिः श्रावयति। किन्नर-गन्धर्वयोः पार्थक्यं प्रदर्श्य कण्ठस्य गुणान् गणयित्वा गमनोत्सुकं तं मन्दिरप्रतिष्ठां यावत् स्थातुमनुरोधं करोति सूतः।

18. मन्दिरप्रतिष्ठान्ते कापालिकैराक्रान्तः सूतो निधिदत्तस्य समीपे नीतः। कालिन्दी अपि त्रिशूलहस्ता श्वशुरं रक्षितवती। चिकित्सको निधिदत्तस्तक्षशिलायामाचार्यात् सुश्रुतात् पठितवान् इति श्रुत्वा स तत्रागन्तुं सन्नद्धो जातः। क्रमशः स्वस्थो जातः सूतवर्यः। कापालिकाः निगडिताः। विशाखश्चापि सूतपुत्रवाग्भट्टस्यानयनाय हरिद्वारं प्रेषितः।

19. सूतवर्यमापृच्छ्य स वाग्भट्टं सूचयितुं हरिद्वारं प्रति प्रस्थितः। मार्गे आगताः सङ्गम-प्रतिष्ठानपुर-विदिशा-दशार्णदेश-मथुराः वर्णिताः, क्रमप्राप्ताः वैदेशिकाः, बौद्धाः भिक्षवश्चापि वर्णिताः। एवमेव पुरुरवोर्वश्युपाख्यानस्य, मेघदूतस्य च वर्णनमुपलभ्यते। सौढलस्य साहाय्येन वाग्भट्टाय सर्वं निवेद्य स्वयं प्रस्थितः।

20. आदौ विद्यार्जनं वा पितुः दर्शनं वेति प्रश्नस्तं बाधते स्म। प्रायश्चित्तकृशं पितुः शरीरं दृष्ट्वा, तस्मात् ब्रह्मसूत्रं पठित्वा तक्षशिलां प्रति गतः।

21. तक्षशिलां प्राप्य विविधभाषाव्यवहरद्भिः विचित्रव्यवहारैः भीतभीतैः जनैः मिलितः। कनिष्कस्य राज्ये हिन्दूनामुपरि अत्याचारः श्रुतः। तक्षशिलाविद्यापीठे प्रवेशः निषिद्धः।

22. इतस्ततः भ्रमित्वा वितस्तातीरे स्नात्वा सत्रागारे भुक्त्वा प्रसुप्तो द्वयोर्वार्तालापं श्रुत्वा स्नानघट्टे उपालिना सह मिलितः। सहसा कनिष्केण समवदत्, तोरण-ध्वंसात् तं रक्षितवान् च। साक्षात् तक्षशिलायां प्रवेशं प्राप्य, पाठं समापितवान्। तत्र समावर्तनं जातम्। मिलिन्दप्रश्नः इति पुस्तकमाचार्येभ्यः वसुमित्रेभ्यः समर्पणीयमिति गुरुदक्षिणा घोषिता।

ख.

"सङ्गच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्" इतिं शीर्षकेण नामितोऽयं द्वितीयः खण्डः सप्तभागैर्विभक्तः विशाखस्य तक्षशिलातः काश्मीरयात्रां विशदीकरोति। यथा-

1. शाकलपुरस्य वैशिष्ट्यं वर्णयन् कथाकारो मिलिन्दप्रश्नपुस्तकस्य नेपथ्यं विशदीकरोति। कथं यवनराजो मिनाण्डरा आचार्येण नागसेनेन मिलितो दीक्षितश्च मिलिन्दो जातः, तस्य प्रश्नैः नागसेनस्य उत्तरैश्च गुम्फितं पुस्तकमेव मिलिन्दप्रश्न इति यं यत्नेन नयति विशाख आचार्यस्य वसुमित्रस्य कृते। तत्र कयाचित् रमण्या मिलितः स उत्फालकरणमाश्रित्य लूण्ठाकात् तस्या अपहृतं वित्तं रक्षितवान्।

2. वितस्तायाः तीरे तस्य गमनं प्रचलति। अकस्मात् आतपः, अकस्मात् हिमवृष्टिः। सहसा आगता वात्या। कापि छाया अनुसरति तम्। सहसा शिलाघातेन तं पातयित्वा वस्तूनि तस्य गवेषयति स्म सा छाया।

3. केनापि भिक्षुणा शान्तिशीलेन रक्षितः सः। पालीगाथां शृणोति। तस्य वस्तूनि अपि सङ्गृहीतानि तेन। परन्तु पुस्तकमञ्जूषा तु चोरिता।

4. शान्तिशीलेन वार्तालापं करोति विशाखः। पार्श्वे अन्यस्मिन् कटीरे मुनिः कश्चन वसति इति श्रुतवान्।

5. अलकापुरीति गिरिग्रामादागतायाः अर्चायाः कृते पुस्तकविषये सूचयति शान्तिशीलः। गुहावासिनं मुनिं वनराजं सिंहमपश्यत् विशाखः। डोम्भजातीयैः अपहृतस्य पुस्तकस्योद्धारः। भागीरथी-अलकनन्दयोः मेलनम्। ततोऽग्रे स्वर्गारोहणशिखरः। अतः पुनरुदेति स्वर्गप्रश्नः विशाखस्य। मातृदर्शनाकांक्षा वर्धते। कस्तूरीमृगं पश्यति सः।

6. अर्चायाः प्रसङ्गः आगतः। थेरगाथा-प्राकृतगाथा-क्षणभङ्गवाद-प्रतीत्यसमुत्पादान् वर्णयति कथाकारः। ततः जीगमिषा जागर्ति।

7. प्रचण्डो वात्यासारः। मेघाः स्फुटिताः। अलका प्लाविता। उभावपि तत्रागच्छतः। पञ्चषाः जनाः जीविताः। शान्तिशील एकाकिनीमर्चां स्वीकरोति।

ग.

"पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते, पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते" इति तृतीयखण्डे 11

भागेषु नवकिन्नरपुरे विशाखस्य इरावत्या सह विवाहस्य, किन्नरपुरस्य, इदानीन्तनशासकानां दुराचारस्य च कथा वर्णिता।

1. काश्मीरं प्राप्य विश्रामाय उद्यानं प्रविशन्तं विशाखं द्वारपालो नागः सुश्रवाः निवारयति, परन्तु अश्वघोषस्य नामश्रवणेन अत्यन्तनम्रभावेन स्थानं ददाति। काश्मीरेषु स्नाति विशाखः गङ्गां यमुनां च स्मृत्वा ..। यान्तु सन्निधिमिति साधीयान् पाठः स्यादिति प्रस्तावितवान् लेखकः। नागस्य साहाय्येन पशुपतये शिवाय स्थालीपाकं विरचय्य आहुतिं प्रददाति। सुश्रवसोः कन्याद्वयी दृष्टा स्नानावसरे।

2. निद्रायां मातरं स्मृत्वा ततः भग्नायां निद्रायां इरावती-चन्द्रलेखाभ्यां सह आलपति। ताभ्यां तृणधान्यं भक्षितम्। विशाखः सक्तून् प्रयच्छति। केनापि व्रतेनाबद्धा एते अन्नं न खादन्ति इति ज्ञातवान् सः।

3. कन्ययोः प्रणयपाशाबद्धो विशाखः स्मरति महाप्रलयदिने कथं शान्तिशीलेन सह अर्चायाः विवाहस्तेन कारितः। गृह्यसूत्रानुसारं मन्त्रान् पठित्वा सप्तपदी-मधुपर्क-अरुन्धतीदर्शनादि-विधिपूर्वकम् विवाहं कारयति।

4. वृष्टिहेतोः प्रवासे अक्षमे विशाखोऽन्ततोगत्वा सुश्रवसो गृहे स्थितवान्। सुश्रवाः तस्य मूलनिवासस्य किन्नरपुरस्य, इदानीं वासस्य नवकिन्नरपुरस्य च इतिहासं, भिक्षोः कच्चायनस्य दुराचारस्य, राज्ञ्याः तूर्णायाः पलायनस्य, राज्ञः किन्नरस्य शासनस्य, पुरोहितस्य मल्लटस्य अत्याचारस्य च कथां श्रावितवान्।

5. प्रातरेव मल्लटेन सहसा हस्ताहस्ति जातं विशाखस्य। ततः सर्वान् आपृच्छ्य नागयुवकैः सह वसुमित्रस्य विहारं प्राप्तवान्।

6. महास्थविरेण वसुमित्रेण मिलित्वा तस्मै मिलिन्दपन्हं ग्रन्थमुपायनीकरोति। अश्वघोषस्य विषयेऽपि शृणोति।

7. सामनरेण शिल्हणेन गत्वा स प्रवरपुरे अश्वघोषेण मिलति। तस्य मित्रं विपाक एवासीत् सः। शिबिकया तं नवकिन्नरपुरं शीघ्रं प्रेषितवान् अश्वघोषः।

8. नवकिन्नरपुरं प्राप्य विशाखो मल्लटेन सह युद्धेन आघातं प्राप्तं सुश्रवसम्, एकाकिनीं चन्द्रलेखां दृष्टवान्, अपहृता इरावतीति श्रुतवान्। ततः अश्वघोषाय पत्रं लिखितवान्, महाराजेन कनिष्केण साहाय्यं प्रदानाय। व्रणविरोपणचूर्णलेपनेन स सुश्रवसः सेवां कृतवान्।

9. दिनत्रयं यावद् अप्राप्ता इरावती। मल्लटस्य अनुयायिभिः सा अपहृता, निर्दयं भुक्ता, वितस्तातीरे त्यक्ता, भिक्षुभिः सेविता, अन्ततो भिक्षुणी जाता। ततः प्रत्यागत्य स नागवाहिनीं सृष्टवान्।

10. राज्ञि किन्नरे निधने गते पुत्रो नरोऽभिषिक्तः। नवकिन्नरपुरे एव तस्य शासनं व्यवस्थापितम्। विशाखः किन्नरपुरस्य शासनदायित्वे नियुक्तः। नरश्चन्द्रलेखायां दृष्टिं पातयति। विशाखः किमपि कर्त्तुमिच्छति। तदा अश्वघोषस्य पत्रं प्राप्तवान् - संस्कृतेन ब्राह्मीलिप्या च लिखितम्। कनिष्केण नरो दण्डनीय इति।

11. गृहं परितः नरस्य सैनिकाः, तान् परितः व्यूहरचनां कृतवान् विशाखः। मल्लटः छुरिकया आघातं कृतवान् विशाखम्। चन्द्रलेखा छुरिकामुद्धृत्य व्रणविरोपणचूर्णं लिप्तवती। मातः! इति सम्बोधितवान् स मातृसूक्तमुपांशुं स्मरन्। सुश्रवाः आगतः। कनिष्कस्य सैन्यमागतमिति सूचना आगता। पलायमानो नरो विधृतः। ततः अन्यच्च किं जातमित्याकांक्षायामेव उपन्यासोऽयमवसितो चर्च्चितनाम्नः अस्य कथाग्रन्थस्य वैशिष्ट्यमिदमित्थन्तया वर्णनं सुशकं नास्ति। तथापि केचन बिन्दवः अत्र रेखाङ्कनं कुर्महे।

(i) नामकरणम्- अन्यच्च इति नामकरणमेव प्रतिपादयति बहु किमपि वक्तव्यमासीत्। 216 पुटान् विलिख्य अपि बहु किमपि अवशिष्टम्। कथं विवशो वक्ता सर्वत्र आत्मानं स्पष्टीकर्तुं न शक्नोति लक्षणीयमेव।

अस्य नामकरणस्य पुष्ट्यर्थं कथाकारः शताधिकवारमुच्चारयति ज्ञातसारेणाज्ञातसारेण वा अन्यच्चेति। वस्तुतः प्रथमखण्डस्य दर्शनात्परं समाप्तित्वरा द्वितीयखण्डं तृतीयखण्डं च संक्षेपमकारयदिति सहजतया अनुमीयते। सहसा समापनमपि अन्यच्चेति पाठकीयजिज्ञासां प्रत्यग्रीकरोतीति पुनर्वक्तव्यं नास्ति। उक्तं च दयानन्दभार्गवेण- अन्यच्चेत्यत्र याः घटनाः उपस्थापिताः ताः सर्वाः गन्धर्वनगरलेखोपमाः पश्यत एव विलुप्यन्ते, चन्द्रलेखा वा स्यात्, तक्षशिला वा स्यात्, अलका वा स्यात्। अवशिष्यन्ते केवलं त्वादृशाः उपन्यासानुशीलननिर्मलीकृतमानसाः सहृदयाः पाठकाः। (पृ.6, सरस्वतीसौरभम्,1-2)

(ii) महाभारतीयता- भारतीयतायाः प्रकृष्टोदाहरणरूपेण प्रो.त्रिपाठी प्रस्तौति कालिदासीयं मेघदूतम्। ''इसमें भारत का भूगोल है, तीर्थ हैं, पावनभाव है। प्रेम की वह अनन्यता और निष्ठा है, प्रकृति से एकमेक होने से जन्मी जीवन की लय और सङ्गति है। इस सङ्गति में भारत के जीवनबोध की विश्व को देन है।'' (पृ-19) एतस्य लेखकः स्वयमाविष्करोति मेघदूतम्, तत् पुनः सांख्याचार्यस्य ईश्वरकृष्णस्य समीपे, ततः परमब्रह्मचारी कथानायकः निलीय पठितवान् अभिसारिकालक्षणम्। महाभारतीयभावनाया अपरमुदाहरणं प्रस्तुतमस्ति-

गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।
नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन् यान्तु सन्निधिम्।।

काश्मीरेषु स स्नाति। पुराणमिमं श्लोकं पठति। अत्रापि परम्पराप्रचलितश्लोकस्य साधुपाठविमर्शे लेखकः सफलकामो वर्तते। किं बहुना, यथार्थपूर्वपीठिकायां गाथासप्तशत्याः यत्र-तत्र उदाहरणमस्मान् अवश्यमेव कनिष्ककालिके भारते प्रापयति। एवमेव यज्ञ-पुराण-तर्क-वानप्रस्थ-भिक्षूणां संस्कृतिं सांस्कृतिकसन्दर्भपुरस्सरमुदाहरन् कथाकारः भारतीयसंस्कृतेः अत्युत्तमां प्रतिच्छविं निर्माति।

(iii) महाख्यानता- भारतीयतायाः भारतमुग्धतायाः च भेदं निरूप्य प्रो.राधावल्लभत्रिपाठी अग्रे वदति- *भारतीयता कोई स्थिर और जड अवधारणा नहीं हो सकती। भारतराष्ट्र जिस तरह निरन्तर विकसमान रहा है, उसी तरह भारतीयता की परिधि भी विस्तीर्ण होती रही है। भारतीयता अपने आप को प्रतीकों, मिथकों और आख्यानों में प्रकट करती आई है। ... पर आख्यान को पूरे युगबोध के साथ साधना भी उतनी ही बडी चुनौती है। बहुत कम कवि भारतीय महाख्यानों की विचित्र वीणा के सारे स्वर इस तरह साध सके कि उनका अनुरणन आज के श्रोता सुनें।* (पृ.7-12, दृक्.15-16) स्थले स्थले उद्धृतानि आख्यानानि इमं महाख्यानेन विपरिणमयन्ति। अत्रोद्धृतानि शास्त्राणि अस्य महाशास्त्रत्वं साधयन्ति। अत्रत्यानि चरित्राणि भारतीयजीवनधाराभिः ओतःप्रोतानि, तत्र वाचकान् निमज्जयन्ति, उन्मज्जयन्ति, महाभारतीयं जीवनचित्रं चित्रयन्तीति कथनं साहसमात्रं न स्यात्। एवं प्रतीयते औपन्यासिकः स्वजीवने शिक्षितं सर्वं किमपि समावेश्य स्वोपन्यासं ग्रथ्नाति।

(iv) विश्वकोषता- उत्तमे उपन्यासे पदे पदे औपन्यासिकस्य बहुश्रुतत्वं बहुवेदित्वं बहुपाठित्वं महानुभवत्वञ्च प्रमाणितं भवति। तथैवात्र आचार्यस्य त्रिपाठिवर्यस्य प्रतिभाभावितोऽयमुपन्यासः तस्य प्रतिभायाः विश्वतोमुखत्वं विश्वव्यापित्वं विश्वजनीनत्वं च प्रमाणयति। वेद-वेदाङ्ग-नाट्यशास्त्र-गौतमधर्मसूत्र-शृङ्गारप्रकाश-कुट्टिनीमत-विक्रमाङ्कदेवचरित- भविष्यपुराण- सुश्रुतसंहिताभ्यः उद्धरणानि अत्र सन्ति एव, परन्तु कामसूत्र- गाथासत्तसई-थेरीगाथा-वाचस्पत्य-अमरकोशाश्चाप्यत्र न त्यक्ताः। केवलं गाथासतसईतः एव सप्त गाथाः उद्धृताः सन्ति, गोपीलीलाः गानानि च संयोज्य कथं प्रवचनानि मधुरीक्रियन्ते, समजाभिमुखीक्रियन्ते इति सप्रमाणमुपस्थापयति कथाकारः। गङ्गे च यमुने चैव .. इत्यारभ्य समिधः लक्षणं, लेखनीनिर्माणं, ग्रन्थपठनपद्धतिं, लेखनपद्धतिं, संशोधनपद्धतिमित्यादिकं सर्वमपि प्रतिपादितमस्मिन् विश्वकोषे। सत्यमुक्तं देवर्षिणा कलानाथशास्त्रिणा - *उपन्यास तत्कालीन भारत के साहित्य की जो विश्वकोषीय जानकारी देता है वह सप्रमाण है। इसके लिए सन्दर्भ- टिप्पणियों में वेदशास्त्र, साहित्य, आयुर्वेद आदि के ग्रन्थों के उद्धरण हैं, उन शब्दों के अर्थ भी दिए*

गए हैं जो हमारे साहित्य में और बाल्यकाल में उस समय प्रचलित थे। (पृ.4, सरस्वतीसौरभम्,1-2।) कनिष्ककालिकभारतादारभ्य काश्मीरेषु साम्प्रतिकेन मेघस्फोटनेन उज्झितग्रामस्य चित्रणं कथाकारस्य लेखन्या पुनर्जागरितमेव। देशस्य नद-नदी-वन-पर्वत-वृक्षलतादीनां संवलितायाः मनोरमप्रकृतेः चारु चित्रणं सहृदयहृदयं प्रकामं विशदयति। अन्ततो भारतीयसंस्कृतेः जयगानं कृत्वा मातृसूक्तमपि संपश्यति आर्षमानसेन विशाखभावेन। इमामेव भावनां पुरस्कृत्य कदाचित् ध्वन्यालोककारेण महावाक्यकल्पना कृता स्यात्।

(v) मातृसंस्कृतिसंवेदना – मन्त्रसाक्षात्कारस्य प्रक्रिया सम्यक् विशदीक्रियतेऽत्र। यथा- "तदेव वदामि। भ्रातः विशाख! स्वर्गः शब्दैः निर्मातुं शक्यते। ऋषयो ऋग्भिः स्वर्ग रचयन्ति स्म। यदि वयं मन्त्रान् रचयितुं प्रभवेम, तर्हि स्वर्गमपि रचयितुं प्रभवेम।... तस्मिन् स्वर्गे माता अवतरेत्। ..... एवं चिन्तयतस्तस्य वैकल्यं घनीभूतम्। तस्मिन् घनीभूते वैकल्ये स मातू रूपम् अपश्यत्। तत्क्षणं स मातृसूक्तं साक्षादकरोत्। विशाखेनानुभूतं यत्तस्य सूक्तस्य प्रत्येकम् ऋचि माता समहिता, अथवा ता ऋच एव साकल्येन मातृरूपा आसन्। सूक्तं मुहुर्मुहुस्तस्य पुरः स्फुरति, तस्य सर्वाङ्गमलिङ्गति तमवशमिव करोति स्म।" (पृ. 25) मातृसूक्तं रचयति विशाखः। अस्य सूक्तस्य विशाख ऋषिः, माता देवता, अनुष्टुप् छन्दः। प्रक्रियामेवं निरूपितवान् कथाकारः- "विशाखो भूमौ उपविश्य मातृमण्डलं निर्मितवान्। मातृसूक्तं पठित्वा मातुराह्वानं कृतवान्। माता साक्षात् तस्मिन् उपविष्टा आभाति।" (पृ.26) अत्र सुवर्णाक्षी इति कीर्तिता इति कौण्डिन्यः स्वमातरं प्रत्यक्षीकृतवान्। एवमेव कथाकारः स्वयं सूक्तं रचितवान्, तस्य साधारणीकरणं च कृतवान्। अन्ततोगत्वा पत्न्यां चन्द्रलेखायामपि मातृत्वमाविष्करोति मातृसूक्तं देवीसूक्तं वा स्मरन् – या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता इति। तदर्थं कदाचित् स्वकीयम् ऋषित्वं वा मातृसूक्तस्य सूक्तत्वं वा दर्शयितुकामः कथाकारः पुनरावर्तयति एकवारमन्तिमे, मन्त्रवद् उपांशुरूपेण द्विवारम्। एषा माता सत्या सनातनी सरस्वती तु नास्ति!

ऋषिस्त्वं च कविस्त्वं च सत्यरूपा ऋतम्भरा।
सुव्रता मृत्युहन्त्री त्वं सावित्री परिनिष्ठिता।।

यस्याः प्रत्युत्तरेण त्रिपाठिलेखनीं नमन्नपि ऋषिकल्पो दयानन्दभार्गवो अपश्यत् त्रिपाठिसूक्तम्-

त्रिपाठीति काव्यविदं शश्रमणं दिवे दिवे सुमृळीकं वृणीमहे।
उरुगायः कविक्रतुः क्रान्तद्रष्टा विचर्षणिं दैवीं वाचं नमस्यति।। (पृ. 8, सरस्वतीसौरभम्, 1-2)

(vi) नारीसंवेदना- मातृसंस्कृतेर्जयगानमतिरिच्य अत्र अन्यनारीपात्राणि अपि स्वमहत्त्वं प्रतिपादयन्ति। तानि विवशतामनुभवन्ति सत्यं वाचकेषु कारुण्यं पूरयितुमलं सन्ति। ठक्कुरस्य सूतस्य विशाखस्य च करुणाप्लाविता विधवा कालिन्दी शेषे स्वश्वशुरं रक्षति, कालीरूपेण त्रिशूलं धारयित्वा कापालिकं प्रहृत्य। काचित् पितुः और्ध्वदेहिकं संस्कारमपि कृतवती काचित् स्त्रीयाजकेन। विधवाविवाहमपि वर्णयति कथाकारः। दाने प्राप्तायाः स्त्रियाः सामाजिकस्थितेः वर्णनमित्थं करोति – सर्वेभ्यः स एकैकां दासीं दाने अददात्। .. .. पंक्तिषु स्थापिताः यस्य या रुचिता भवेत् सा ग्राह्या इति चोक्तम्। (पृ. 32) वैवश्यं विस्तारयति विशाखस्य द्वितीया माता- अहं पिशाची नास्मि, अहं विवशाऽस्मि, सन्तप्तास्मि, मम केवलमयमेवापराधो यद्रूपवती नीचकुले प्रसूता च। (पृ. 44) चन्द्रलेखाविषये वदति- दिनद्वयं तेषां वन्दिनी। तैः सा निर्दयं भुक्ता। अर्धमूर्च्छिता च वितस्तायास्तटे त्यक्ता। (पृ. 205)

(vii) नूतनशब्दनिर्माणम्- अद्यावधि अस्माभिः लक्ष्यते यत्, नूतनशब्दगठनव्याजेन किं किं न गठितवन्तः किं वा न त्रोटितवन्तो जनाः। परन्तु अत्र आचार्येण यत् श्लाघनीयं साधितमस्ति तत्तु पुरातनप्रसिद्धशब्दानां व्यवहारे आनयनम्। यथा- ठक्कुरः, तुम्बिकम्, प्रतन्वती, वीरुत्, अलसाला, फलिनी, शृङ्गाटकः, पतद्ग्रहः, शालाक्यं, शशः, स्त्रीयाजकः, कौमारभृत्यं, अंकोलः, अक्षोटः, परिवेणः, उपहस्तिका, हसन्ती, द्रङ्गः,

कपिशीर्षकम्। समेषां सन्दर्भाः अपि दत्ताः सन्ति। तदानीन्तन-नगरनामानि अपि संस्कृतीकृतानि एव- भद्रपुरी (भदौही), ऋषिरसा (सिरसा), पुष्कलपुरम् (पेशावर), इरावती (रावी), शाकलपुरम् (स्यालकोटनगर)। एवमेव सूक्ति-प्रवचनानां (मुहावराणां) संस्कृतीकरणं दर्शनीयमेव - कियतां घटानां वारि निपीतम् (पृ.16) इत्यादि। तत्र कारणद्वयं स्यात्- 1. कनिष्ककाले कथावाचकस्य प्रापणम्, 2. विस्मृतप्रायाणां शब्दानामादर्शरूपेण प्रयोगः। उक्तं खलु - एकः शब्दः सम्यग्ज्ञातः सुप्रयुक्तः ..इति महाभाष्यकारेण।

(viii) परम्पराणां खण्डनं मानवीयमूल्यानां संस्थापना च- वास्तवस्य पक्षधर औपन्यासिकः शाश्वतिकमानवीयमूल्यानां संस्थापनार्थं रूढिनां खण्डनमपि करोति। मातृदर्शनं, स्वर्गरचनं, स्त्रीयाजकं वर्णयता तेन प्रतिपादितं यत् - अहं जन्मना जातिं न मन्ये (पृ.6), मातुः ऋणं भवति (पृ.13), न स्वर्गो न वा नरकः (पृ.230), ऋषयः ऋग्भिः स्वर्गं रचयन्ति स्म (पृ.25), भवतो वासुदेवस्य कथनं न निर्दुष्टम् (पृ.92)। अस्मिन् महादेशे एतावन्तो धर्मसम्प्रदायाः, एतावन्तो भेदाः, परस्परं कलहः। अयं कलहो निवारणीयः, यस्य मनो यं धर्ममभिनिविशते स तं धर्मं निर्वहतु, परन्तु अन्यस्य न छिनत्तु। मूलं तु सर्वेषामयमेव मन्त्रः - आत्मा प्रथमं ज्ञातव्यः इति (पृ.198), देवो नास्ति, वेदो नास्ति, अस्ति केवलं मनुष्यः (पृ.21)।

(ix) परम्पराणां सातत्यं नवीकरणं च- उपन्यासोऽयं भारतीयपरम्पराणां व्रतोपवासपूजापर्वणां, पशुपक्षिवृक्षलतानां, मासानामृतूनामन्ततोगत्वा निसर्गलक्ष्म्याः काव्यमयविन्यासं करोति। शताधिकवन्यपशुपक्षिणां निरूपणं कृत्वा शताधिकभारतीयपर्वणां समुज्ज्वलवर्णनं विदधाति, ऋतुचित्रं च नित्यनूतनरूपेण विस्तारयति कथाकारः विशाखरूपेण। विद्या-विद्यास्थान-शास्त्रागम-मन्त्र-तन्त्र-राग- सङ्गीत-साधानाभिः उपन्यासस्य प्रतिपुटं परिव्याप्तं वर्तते। मार्गे आगताः सङ्गम-प्रतिष्ठानपुर-विदिशा-दशार्णदेश-मथुराः वर्णिताः, क्रमप्राप्ताः वैदेशिकाः, बौद्धाः भिक्षवश्चापि वर्णिताः, पुरुरवोर्वश्युपाख्यानस्य, मेघदूतस्य च वर्णनमत्र लभ्यते। मातुः स्मरन् तस्याः व्रताचरणानि स्मरति विशाखः, ठक्कुरस्य कुशूले विविधधान्यानि पश्यति, आयुर्वेदाचार्यस्य वाटिकायां वृक्षाणां साक्षात्कारं करोति। कुलव्रताचरणविषये विशाखमाता वदति- इमानि व्रतानि मम मात्रा उपदिष्टानि। तस्यै तस्या मात्रा .. .. मम मातामह्या ....उपदिष्टानि। इमानि अस्माकं कुलव्रतानि। मातुः गौरवं तु सर्वेभ्यः अतिरिच्यते। मातुरुपदेशात् कुलधर्माच्च व्रतमाचरामि। कुलधर्मं न हास्यामि। (पृ.11) नलिनीदलगतजलस्येव तरलजीवनस्य चित्रीकरणे आचार्यस्य लेखनी महीयते। उक्तञ्च दयानन्दभार्गवेण-आग्रमध्यान्तग्रन्थिभिर्विमुक्ता सौख्यदायिनी। जयतान्निर्ग्रन्थिः श्रीमद्राधावल्लभलेखनी।

(x) हठात् समापनम्- अद्यतनीयकथासंसारस्य समापनं ज्ञातसारेण न मधुरीक्रियते न वा वृथोपदशैः भाराक्रान्तं, यत्र कुत्रापि कथा समाप्यते, येन पाठकस्तदनन्तरमपि चिन्तयितुं बाध्यो भवति। "तदानीमेव सुश्रवा आगतः। स आह- इदानीं सर्वमुपपन्नं जातम्। कनिष्कस्य सैन्यं पृष्ठतः आगतम्। पलायमानो नरो विधृतः।" एवमेव सहसा समाप्तोऽयमुपन्यासः।

(xi) लक्षणस्य सङ्गमनम्- कविगतसमाधिनिष्यन्दभूतं विविधविद्यावदातं सकलशास्त्रतत्त्वसमन्वितं जीवनस्य सर्वाङ्गीणं रूपं निर्दिशत् जगतो नानावस्थानां परिज्ञाने प्रमाणभूतमभिनवकल्पनाभिरामं काव्यमुत्तमोत्तमम्।' एवमेव आधिभौतिकाधिदैविकाध्यात्मिकेति त्रिषु स्तरेषु चरितार्थतां गतं काव्यमेव भारतीयतायाः प्रतिमानं भवेदिति उत्तमोत्तमकाव्यलक्षणं सुष्ठु संगच्छेत् तत्र। अथवा जीवनस्यैकदेशनिरूपणपरमाख्यानं कथा, गद्यबद्ध उपन्यासो महाकाव्यमयी कथा। इति राधावल्लभीयं लक्षणमपि सुष्ठु सङ्गच्छते। त्रिपाठिवर्यस्य वाक्यमेव महाकाव्यमयत्वं भजते इति का कथा उपन्यासस्य?

अन्ततो शर्ममञ्जुलतायाः वचोभिः स्ववचनमाविष्करोमि तावत्- *अतः अन्यच्च परम्पराओं को बताने की गाथा है, शास्त्रों को पहुँचाने का प्रयास है और विज्ञान को सिद्ध करने की प्रयोगशाला है। यह एक ऐसा*

विलक्षण उपन्यास है जिसने अपनी प्रस्तुति से संस्कृत-उपन्यासों के मध्य एक दीर्घ रेखा खींच दी है अब हम सिर्फ दूसरी रेखा का इन्तजार कर सकते हैं। सत्यमेव एस्.एल्.भैरप्पस्य सार्थः-धर्मश्रीः-आवरणादि-कन्नड-उपन्यासान्, मनोजदासस्य अमृतफलम्, प्रतिभारायस्य याज्ञसेन्यादि-ओडिआउपन्यासान् विहाय प्रान्तीयभाषायामपि सर्वगुणसम्पन्नोपन्यासानामभावो लक्ष्यते। किं पुनः संस्कृते ? अन्यच्च उपन्यासः तस्यां श्रेण्यामागच्छति, तथा च शिवराजविजयेन समारब्धस्य संस्कृतोपन्यासस्य साम्राज्यस्य अवसानं संसूचयन् नूतनसाम्राज्यस्य अयमारम्भं विदधाति।।

अन्यच्च; ले.राधावल्लभ त्रिपाठी; प्रकाशकः संस्कृतभारती, झंडेवालान, करोल बाग, नई दिल्ली, प्र.सं. 2011

नारायणदाशः

● **रामकृष्ण आवासीय महाविद्यालय, नरेन्द्रपुरम्, कोलकाता (पश्चिम बंगाल)**



गैर्वाणी-गौरव-ग्रन्थमाला - 30
गैर्वाणवाणी-गौरवभूत-प्रत्न-नूतन-लघु-ग्रन्थानां सङ्कलनम्
गङ्गानाथझापरिसरशोधपत्रिकायाः परिशिष्टम्

प्रधान-सम्पादकः
सर्वनारायण झा

पुराण-प्रमाण-सन्दर्भः

सम्पादिका
शैलजा पाण्डेय



राष्ट्रिय-संस्कृत-संस्थानम्
गङ्गानाथझापरिसरः
चन्द्रशेखर-आजादोद्यानम्
प्रयागः 211002
2012

ISSN 0377-0575

Published under *Gairvāṇavāṇi-Gaurava-Granthamālā*
Series-30

Chief Editor
Sarva Narayan Jha

Purāṇa-Pramāṇa-Sandarbhaḥ

Edited by
Shailja Pandey



Rashtriya Sanskrit Sansthan
Ganganath Jha Campus
Chandrashekhar Azad Park
Allahaad - 211002
2012

प्ररोचना

वेदार्थादधिकं मन्ये पुराणार्थं वरानने।
वेदाः प्रतिष्ठिता सर्वे पुराणे नात्र संशयः।।

–नारदीय–पुराण 2.94.96

पुराण भारतीय संस्कृति के आधारपीठ हैं। इनकी प्राचीनता इसके अभिधान में ही सन्निहित हैं। आचार्य यास्क के निरुक्त (3.19) में इस शब्द की व्याख्या 'पुरानवं भवति' (जो प्राचीन होकर भी नया है) की है। पुराणों में भी इसकी विभिन्न व्युत्पत्तियाँ दी गई हैं–

1. यस्मात् पुरा ह्यनक्तीदं पुराणम् – वायु. 1.203
2. पुरा परम्परां वष्टि – पद्म. 5.2.53
3. पुरा एतत् अभूत् – ब्रह्माण्ड. 1.1.163

ये सभी व्युत्पत्तियाँ पुराणों की प्राचीनता को सिद्ध करती हैं। पुराणों का इतिहास से अत्यन्त घनिष्ठ सम्बन्ध रहा है। प्रायः प्राचीन ग्रन्थों में इतिहास–पुराण शब्द का प्रयोग एक साथ प्राप्त होता है। इन्हें पञ्चम वेद कहा गया है–

ऋग्वेदं भगवोऽध्येमि यजुर्वेदं सामवेदमाथर्वणमितिहासपुराणं पञ्चमं वेदानां वेदम्।

–छान्दोग्य–उपनिषद्, 7.1

किन्तु इन दोनों इतिहास एवं पुराण में एक दूसरे से पार्थक्य भी दृष्टिगोचर होता है। आचार्य यास्क के निरुक्त में ऐतिहासिकों का स्वतंत्र रूप से निर्देश स्थान–स्थान (2.3.1, 2.7.2) पर प्राप्त होता है। इतिहास शब्द का मूल अर्थ प्राचीन समय में घटित वास्तविक घटना है–

निदानभूतः 'इति ह एवमासीत्' इति य उच्यते स इतिहासः।

–निरुक्त 2.3.1 पर दुर्गाचार्य का भाष्य

अथर्ववेद एवं ब्राह्मणग्रन्थों में इतिहास शब्द इसी अर्थ में प्रयुक्त है एवं पुराण से भिन्न है। सामान्यतया इतिहास शब्द से महाभारत का ग्रहण होता है किन्तु विद्वान् रामायण को भी इतिहास के अन्तर्गत ग्रहण करते हैं।[1]

इतिहास एवं पुराण का पार्थक्य प्राचीन वाङ्मय में स्पष्ट रूप से नहीं प्राप्त होता है। महाभारत में एक स्थान पर इसे इतिहास तो दूसरे स्थान पर इसे पुराण भी कहा गया है–

---

1. उपाध्याय, बलदेव–पुराणविमर्श, पृ.5।

द्वैपायनेन यत् प्रोक्तं पुराणं परमर्षिणा।

–महाभारत, आदि., 1.16.

अपरतः वायु पुराण में इसके पुरातन इतिहास होने का उल्लेख प्राप्त होता है–

इमं यो ब्राह्मणो विद्वानितिहासं पुरातनम् ।

–वायु., 103.48.

इस प्रकार प्राचीन काल में इन दोनों में स्पष्ट पार्थक्य नहीं प्रतीत होता है। आगे चलकर आचार्य शंकर ने इन दोनों का पार्थक्य स्पष्ट किया।[2] उनके अनुसार इतिहास एवं पुराण दोनों ही वेद-मूलक हैं। पुरुरवा-उर्वशी संवाद ऋग्वेद एवं शतपथ ब्राह्मण (11.5.1.1) में प्राप्त होता है। यह इतिहास है तथा सृष्टि-प्रक्रिया परक वैदिक सूक्त पुराण है। इसी प्रकार प्राचीन आख्यान एवं आख्यायिका के अंश इतिहास के अन्तर्गत आते हैं–

इतिहास इत्युर्वशीपुरूरवसोः संवादादिः 'उर्वशी हाप्सरा' इत्यादि ब्राह्मणमेव। पुराणम् 'असद्वा इदमग्र आसीदित्यादि'–

बृहद्देवता में ऋषियों द्वारा वर्णित पुरावृत्त को ही इतिहास कहा गया है–

'इतिहासः पुरावृत्तम् ऋषिभिः परिकीर्त्यते– 4.46 अमरकोश (1.6.4) में भी 'इतिहासः पुरावृत्तम्' प्राप्त होता है।

किन्तु सायण का मत इससे विपरीत है। वे पुरुरवा-उर्वशी (शतपथ., 15.5.1.1) को पुराण एवं सृष्टि प्रक्रिया (शतपथ.,11.1.6.1) प्रसंग को इतिहास मानते है।

इस प्रकार पुराण एवं इतिहास शब्द का पृथक् प्रयोग तो प्राप्त होता है किन्तु प्रायः इनका स्पष्ट विभाजन नहीं प्राप्त होता है।

पुराणों की प्राचीनता

पुराण शब्द का प्रयोग ऋग्वेद (3.54.9, 58.6, 10.130.6) से प्राप्त होने लगता है किन्तु यहाँ प्राचीनता के अर्थ में प्रयुक्त है। अथर्ववेद में सर्वप्रथम इसका उल्लेख एक विद्या के रूप में प्राप्त होता है जिसका उद्‌भव वेदों के साथ परम तत्त्व से हुआ–

ऋचः सामानि छन्दांसि पुराणं यजुषा सह ।
उच्छिष्टाज्जज्ञिरे सर्वे दिवि वेदा दिविश्रिताः ॥

–अथर्ववेद 11.7.4.

वहीं पुराण शब्द का प्रयोग इतिहास, गाथा तथा नाराशंसी के साथ एक विद्या के रूप में प्राप्त होता है–

तमितिहासश्च पुराणं च गाथाश्च नाराशंसीश्चानुव्यचलन्।

–अथर्ववेद, 15.1.6.11

---

2. वहीं, पृ.6।

पुराण-विद्या का उल्लेख ब्राह्मण ग्रन्थों में भी प्राप्त होता है। गोपथब्राह्मण (पूर्वभाग, 2.10.) में इसकी उत्पत्ति वेदों के साथ कही गई। इसकी गणना वेद पञ्चक (सर्पवेद, पिशाचवेद, असुरवेद, इतिहास वेद एवं पुराण वेद) के अन्तर्गत की गई। इनकी उत्पत्ति की दिशायें इस प्रकार हैं-

स खलु प्राच्या एवं दिशः सर्पवेदं निरभिमत, दक्षिणस्यां पिशाचवेदं प्रतीच्या असुरवेदमुदीच्या इतिहासवेदं ध्रुवायाश्चोर्ध्वायाश्च पुराणवेदम्। -गोपथब्राह्मण, 1.10

शतपथब्राह्मण में अनेक ऐसे प्रकरण हैं जहाँ पुराणों के स्वाध्याय का उल्लेख प्राप्त होता है। इसके अनेक उद्धरण इस ग्रन्थ में उल्लिखित हैं।

पुराणों के सन्दर्भ आरण्यक एवं उपनिषदों में भी प्राप्त होते हैं। तैत्तिरीय-आरण्यक में ब्रह्मयज्ञ के प्रकरण में इतिहास के साथ पुराण का उल्लेख प्राप्त होता है-

ब्रह्मयज्ञप्रकरणे-यद् ब्राह्मणानीतिहासान् पुराणानि कल्पान् गाथान्....।

-तैत्ति.आर., 2 प्रपा., 9 अनुवाक

इसी प्रकार छान्दोग्य-उपनिषद् में भी पुराण एवं इतिहास का उल्लेख प्राप्त होता है एवं इसे पाँचवाँ वेद कहा गया है -

1. *पुराणं पञ्चमं वेदानां वेद - 7.1.2*
2. *इतिहासपुराणः पञ्चमो वेदानां वेद - 7.1.4*
3. *सामवेदमाथर्वणं चतुर्थमितिहासपुराणं पञ्चमम् - 6.2.1*

इनके अतिरिक्त आश्वलायनगृह्यसूत्र (3.1.1, 4.6,आदि), आपस्तम्बधर्मसूत्र आदि में भी पुराणों के उल्लेख प्राप्त होते हैं।

वैदिक साहित्य के अतिरिक्त पुराणों के उल्लेख महाभारत, वाल्मीकि-रामायण, कौटिल्य के अर्थशास्त्र, गौतमधर्मसूत्र, व्यासस्मृति, मनुस्मृति उशनसस्मृति, याज्ञवल्क्यस्मृति, शुक्रनीति आदि ग्रन्थों में भी प्राप्त होते हैं।

इनके अतिरिक्त दार्शनिक ग्रन्थों में भी पुराणों का उल्लेख एवं उनमें वर्णित विषयों पर विचार किया गया है। इनमें शबरस्वामी, कुमारिलभट्ट, शंकराचार्य आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।[3]

वेद एवं पुराण

प्रायः वैदिक ग्रन्थों में पुराणों को वेद के सदृश ही महत्त्व दिया गया है। वैदिक सन्दर्भों पर विचार करने से जो तथ्य स्पष्ट होते हैं उनके अनुसार चारों वेदों के समान ही पुराणों का भी महत्त्व है एवं वेदों के साथ ही पुराणों की भी सत्ता थी, इसीलिये इन्हें पञ्चम वेद कहा गया है। ये केवल उल्लेखनीय ग्रन्थ ही नहीं थे, बल्कि इनका भी अध्ययन किये जाने वाले विषयों में स्थान था।

दूसरे, पुराणों का स्थान वेद से न्यून नहीं था। इनसे वेदार्थ का उपबृंहण होता था। महाभारत में स्पष्ट उल्लेख है -

---

3. उपाध्याय, बलदेव-पुराणविमर्श, पृ. 26-31।

इतिहासपुराणाभ्यां वेदं समुपबृंहयेत्।
बिभेत्यल्पश्रुताद् वेदो मामयं प्रहरिष्यति।।

इतना ही नहीं–

पुराणपूर्णचन्द्रेण श्रुतिज्योत्सना प्रकाशिता।

–आदिपर्व, 1.86.

वेद में पारगत व्यक्ति का लक्षण करते हुये व्याससमृति में कहा गया है कि वही व्यक्ति 'वेदपारग' हो सकता है जिसने वेदों की मीमांसा षडंगों के साथ तथा इतिहास एवं पुराण की भी मीमांसा की हो–

मीमांसते च यो वेदान् षड्भिरङ्गैः सविस्तरैः।
इतिहासपुराणानि स भवेद् वेदपारगः।।

–व्यासस्मृति, 4.45

इस विद्या का स्वाध्याय की दृष्टि से वेदों के सदृश ही अत्यन्त महत्त्व रहा है। स्मृतिग्रन्थों के अनुसार पुराणों का स्वाध्याय देवों एवं पितरों दोनों को तृप्ति प्रदान करता है–

वाकोवाक्यं पुराणं च तर्पणं स दिवौकसाम्।
करोति तृप्तिं च तथा पितॄणां मधुसर्पिषा।।

–याज्ञ. स्मृति, 1.45.46

स्वाध्यायं श्रावयेत् पित्र्ये धर्मशास्त्राणि चैव हि।
आख्यातानीतिहासांश्च पुराणानि खिलानि च।।

–मनु., 3.232

पुराण को वेदों के सदृश ही स्वीकार करने के सन्दर्भ में श्रीजीवगोस्वामी द्वारा की गई पुराण शब्द की व्युत्पत्ति द्रष्टव्य है। उन्होंने वेद के उपबृंहण के प्रसंग में पुराण शब्द की व्युत्पत्ति 'पुराणं पूरणात्' की है। अर्थात् पुराण वेदार्थ का पूरण करता है–

इतिहासपुराणाभ्यां वेदं समुपबृंहयेत्। इति पूरणात् पुराणमिति चान्यत्र। न चावेदेन वेदस्य बृंहणं सम्भवति, नहीं अपूर्णस्य कनकवलयस्य त्रपुणा पूरणं युज्यते।

–भागवतसन्दर्भ, पृ. 17, (कलकत्ता संस्करण)

पुराण–प्रामाण्य

प्रकृत ग्रन्थ में पुराणों का प्रामाण्य–विवेचन ही वर्ण्य–विषय है। इस विषय पर दार्शनिकों ने पर्याप्त विचार किया है।[4] इसका प्रबल प्रमाण वेदों के कथन हैं। वेद स्वतःसिद्ध हैं, अतः वेदों के कथन भी स्वतःसिद्ध हैं। पुराणों के प्रामाण्य के सन्दर्भ में न्यायभाष्य के रचयिता वात्स्यायन कहते हैं–

य एव मन्त्रब्राह्मणस्य द्रष्टारः प्रवक्तारश्च ते खल्वितिहापुराणस्य धर्मशास्त्रस्य चेति विषयव्यवस्थापनाच्च

---

4. उपाध्याय, बलदेव–पुराणविमर्श, पृ. 220–224।

यथाविषयं प्रामाण्यम्[5]

कुमारिल भट्ट ने भी इतिहास-पुराण के प्रामाण्य पर चिन्तन किया है। उनके अनुसार स्मृति-ग्रन्थों में प्रतिपादित धर्म एवं मोक्षविषयक विवेचन वेदों से गृहीत हैं तथा अर्थादिपरक चिन्तन लोक-व्यवहार पर आधारित है। अतः स्मृतियों के विषय में वेद एवं लोक दोनों ही प्रमाण है। यही स्थिति पुराण एवं इतिहास के विषय में भी है। वैदिक विषयों की उपाख्यानों के रूप में प्रस्तुति वैदिक अर्थवाद है। पुराणों में वर्णित पृथिवी के विभाग, तीर्थस्थल, धर्माधर्म-विवेचन, भुवनकोष, ब्राह्मण, क्षत्रियादिकों का वंश-वर्णन आदि भाग वेद एवं लोक दोनों पर आधारित होने के कारण प्रामाणिक हैं। भविष्यफल-कथन वेद पर आश्रित है। इस प्रकार इतिहास एवं पुराण प्रामाणिक हैं-

एषैव इतिहासपुराणयोरप्युपदेशवाक्यानां गतिः। उपाख्यानानि अर्थवादेषु व्याख्यातानि। यत्तु पृथिवीविभागकथनं तद्धर्माधर्मसाधनफलोपभोगप्रदेशविवेकाय किञ्चिद् दर्शनपूर्वकं किञ्चिद् वेदमूलम्। वंशानुक्रमणमपि ब्राह्मणक्षत्रियजातिगोत्रज्ञानार्थदर्शनस्मरणमूलम्। देशकालपरिमाणमपि लोकज्योतिः शास्त्रव्यवहारसिद्ध्यर्थं दर्शनगणितसम्प्रदानानुमानपूर्वकम्। भाविकथनमपि त्वनादिकालप्रवृत्तयुगस्वभावधर्माधर्मानुष्ठान-फलविपाकवैचित्र्यज्ञानद्वारेण वेदमूलम्।

– जैमिनीयसूत्र 1.3.1 पर तन्त्रवार्तिक[6]

शङ्कराचार्य ने भी पुराणों के प्रामाण्य पर अपने शारीरकभाष्य में विचार किया है। इनके अनुसार- 'समूलमितिहासपुराणम्'। इतिहास एवं पुराण वेदमूलक हैं। देवों के शरीर धारण के पौराणिक प्रसंगों को लेकर उनका मत है कि भले हि वे वेद-मन्त्रों के अर्थवाद हों तो भी उनकी वेद-मूलकता एवं प्रामाण्य सिद्ध होता है। देवों का सान्निध्य एवं उनसे सम्भाषण के प्रमाण में भी योगसूत्र- 'स्वाध्यायादिष्टदेवतासम्प्रयोगः'-2.44, को उद्धृत करते हैं। उनके अनुसार मन्त्रों के जपादि से देव-दर्शन एवं उनसे सम्भाषण असम्भव नहीं है तथा पुराणादिकों में व्यासादि ऋषियों का देवताओं से प्रत्यक्ष व्यवहार सम्भव है।

इस प्रकार वेदकाल से परवर्ती साहित्य तक इतिहास एवं पुराण के प्रामाण्य के साक्ष्य प्राप्त होते हैं एवं उनकी गम्भीर विवेचना भी प्राप्त होती है।

इतिहास एवं पुराण में पार्थक्य

वैदिक साहित्य में प्रायः इतिहास एवं पुराण का एक साथ प्रयोग प्राप्त होता है। ये समस्त पद के रूप में प्रयुक्त होते हैं किन्तु ये दोनों पद पृथक् है एवं उनके पृथक्-पृथक् होने का उल्लेख इस हस्तलेख में भी विवेचित है।

शतपथब्राह्मण ने अपने उद्धरणों में 'इतिहासपुराण' पद का प्रयोग किया है। किन्तु इसी ग्रन्थ में इनका पार्थक्य भी विवेचित है। पारिलवाख्यान में इसका स्पष्ट निर्देश प्राप्त होता है। यज्ञ के अवसर पर इतिहास का प्रवचन अष्टम रात्रि को होता है तथा पुराण का प्रवचन नवम रात्रि को होता है।

---

5. वहीं, पृ. 220।

6. वहीं, पृ. 222।

इतिहास का उद्धरण शतपथ ब्राह्मण में इस प्रकार है-

अथाष्टमेऽहन्........स्याश्च मत्स्यहनश्चोपसमेता भवन्ति। तानुपदिशतीतिहासो वेदः सोऽयमिति किञ्चिदितिहासमाचक्षीत।

-शतपथ., 13.4.3.12.

यज्ञ के आठवें दिन (यज्ञान्त के पश्चात् सायंकाल) मत्स्योपजीवी उपस्थित होते हैं। उन्हें इतिहास ही वेद है ऐसा उपदेश दिया जाना चाहिये तथा इतिहास-परक कुछ प्रवचन देना चाहिये।

पुराण का प्रवचन नौवें दिन होता है। इस समागम में पुराण ही वेद हैं, इसका उपदेश दिया जाता है । इसके पश्चात् कुछ पौराणिक प्रवचन होता है-

अथ नवमेऽहन्..........तानुपदिशति पुराणं वेदः सोऽयमिति किञ्चित् पुराणमाचक्षीत।

- शतपथ 13.4.3.13

गोपथ-ब्राह्मण भी पुराण को इतिहास से पृथक् निर्देशित करता है-

असुरवेदमुदीच्या इतिहासवेदं ध्रुवायाश्योर्ध्वायाश्च पुराणवेदम्। -गोपथ ब्राह्मण, 1.10

इतिहास एवं पुराण का पृथक्-पृथक् उल्लेख इस उद्धरण में भी द्रष्टव्य है-

एवमिमे सर्वे वेदाः निर्मिताः सकल्पाः सरहस्याः सब्राह्मणाः सोपनिषत्काः सेतिहासाः सान्वाख्याताः सपुराणाः।

-गोपथब्राह्मण 2.10

इस प्रकार समस्त पद होते हुये भी इतिहास एवं पुराण एक दूसरे से पार्थक्य रखते हैं।

ग्रन्थ का प्रतिपाद्य विषय

प्रस्तुत मातृका में पुराणों से सम्बद्ध संस्कृत-वाङ्मय में प्राप्त प्रमाणों को लेखक ने प्रस्तुत किया है। ये प्रमाण वैदिक साहित्य से लेकर पौराणिक वाङ्मय, मनुस्मृति आदि अन्य ग्रन्थों से भी उद्घृत है। इन सन्दर्भों पर ग्रन्थकार ने तार्किक रीति से समीक्षा प्रस्तुत की है।

वैदिक वाङ्मय

ग्रन्थकार ने सर्वप्रथम शतपथ ब्राह्मण से सन्दर्भ संगृहीत किये है। यजुर्वेद की माध्यन्दिन शाखा के इस ब्राह्मण के 11 वें अध्याय में वेद की चारों ऋग्वेदादि संहिताओं के स्वाध्याय के पृथक्-पृथक् फल कहे गये हैं। इतिहास पुराण का स्वाध्याय करने वाले विद्वान् की प्रशंसा के दो सन्दर्भ शतपथ-ब्राह्मण से इस मातृका में संग्रहीत हैं-

१. जो विद्वान् स्वाध्याय में प्रतिदिन इतिहास-पुराण का अध्ययन करता है, वह मानों देवों को मधु की आहुति देता है-

वाकोवाक्यमितिहासपुराणगाथानाराशंसीरित्यहरहः स्वाध्यायमध्वाते मध्वाहुतिभिरेव।

२. जो विद्वान् स्वाध्याय में प्रतिदिन इतिहास-पुराण का अध्ययन करता है, वह मानों देवताओं को क्षीरौदन एवं मांसौदन से तृप्त करता है। तृप्त देव-गण स्वाध्यायी को सभी अभिलषित पदार्थों एवं भोगों से तृप्त करते हैं-

क्षीरौदनमांसौदनाभ्यां ह व एष देवाँस्तर्पयति। य एवं विद्वान् वाकोवाक्यमितिहासपुराणमित्यहरहः स्वाध्यायमधीते त एनं तृप्ता।

आश्वलायन-गृह्यसूत्र में पंचयज्ञ प्रकरण में स्वाध्याय यज्ञ का उल्लेख प्राप्त होता है। इसमें जिन विषयों का स्वाध्याय विहित है, उसमें इतिहास-पुराण का भी परिगणन किया गया है। जो इतिहास-पुराण का अध्ययन करता है वह देवों को अमृत की आहुति देता है।

शतपथ-ब्राह्मण में ही 14वें अध्याय में याज्ञवल्क्य-मैत्रेयी-संवाद में चारों वेदों एवं अन्य शास्त्रों के साथ इतिहास-पुराण को 'महत् भूत' का निःश्वास कहा गया है। जैसे अग्नि में सम्वद्ध होते हुये भी धूम उससे पृथक् होकर विचरण करता है वैसे ही ये शास्त्र भी निःश्वास रूप से सृष्टि में विचरण करते हैं-

महतो भूतस्य निश्श्वसितमेतदृग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्वाङ्गिरस इतिहासः पुराणं विद्या।

छान्दोग्य के सप्तम प्रपाठक में सनत्कुमार एवं नारद के संवाद में इतिहास-पुराण को पाँचवाँ वेद कहा गया है। नारद सनत्कुमार से कहते हैं कि मैंने चारों वेदों के साथ पाँचवें वेद इतिहास-पुराण का भी अध्ययन किया है-

ऋग्वेदं भगवोऽध्येमि यजुर्वेदं सामवेदमाथर्वणं चतुर्थमितिहासपुराणं पञ्चमं वेदानां वेदम्।

बृहदारण्यक-उपनिषद् में याज्ञवल्क्य-जनक-संवाद में वाणी की प्रशंसा करते हुये चारों वेदों के साथ इतिहास एवं पुराण का भी उल्लेख किया गया है-

वाचा वै सम्राड्बन्धुः प्रज्ञायत ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्वाङ्गिरस इतिहासः पुराणं विद्या।

पौराणिक वाङ्मय

महाभारत के आदि पर्व में इतिहास एवं पुराण को वेदाध्ययन के लिये अपरिहार्य कहा गया है-

इतिहासपुराणाभ्यां वेदं समुपबृंहयेत्।
बिभेत्यल्पश्रुताद्वेदो मामयं प्रहरिष्यति।।

इसी प्रकार महाभारत के अनुशासन पर्व के 90 अध्याय में पुराण के अध्ययन का उल्लेख किया गया है-

ये च भाष्यविदः केचिद्ये च व्याकरणे रताः।
अधीयते पुराणं ये धर्मशास्त्राण्यथापि च।।

इसी प्रकार विराट पर्व के 51 वें अध्याय में पुराण को वेदान्त एवं इतिहास के समकक्ष अध्ययन का विषय कहा गया है-

वेदान्ताश्च पुराणानि इतिहासं पुरातनम्।
जामदग्न्यमृते राजन् को द्रोणादधिको भवेत्।।

इसी प्रकार महाभारत के आदिपर्व में वेदों एवं उपनिषदों के साथ इतिहास एवं पुराण का उल्लेख प्राप्त होता है-

ब्रह्मवेदरहस्यं च यच्चान्यत स्थापितं मया
साङ्गोपनिषदां चैव वेदानां विस्तरक्रिया।

इतिहासपुराणानामुन्मेषं निर्मितं च यत्
भूतं भव्यं भविष्यं च त्रिविधं कालसंज्ञितम्।।

महाभारत के ही अनुशासन पर्व में युक्तिशास्त्र, शस्त्रशास्त्र, गन्धर्वशास्त्र एवं कला के साथ पुराणों का परिगणन किया गया है-

युक्तिशास्त्रं च ते ज्ञेयं शस्त्रशास्त्रं च भारत
गन्धर्वशास्त्रं च कलाः परिज्ञेयाः नराधिप ।
पुराणानीतिहासश्च तथाख्यानानि यानि च ।

वाल्मीकि-रामायण में बालकाण्ड में पुराण को पुरातन वृत्तों से सम्बद्ध किया गया है-

एतच्छ्रुत्वा रहः सूतो राजानमिदमब्रवीत्।
श्रूयतां तत् पुरावृत्तं पुराणे च मया श्रुतम्।।

इसी प्रकार महाभाष्य के पस्पशाह्निक में अन्य वेदों के साथ पुराण का भी उल्लेख किया गया है-

एकविंशतिधा बाह्वृच्यं नवधाथर्वणो वेदो वाकोवाक्यमितिहासः पुराणं वैद्यकम्।

पुराण की समीक्षा

ग्रन्थकार ने न केवल पुराण शब्द का उल्लेख कहाँ-कहाँ हुआ है इसी का संकलन किया है अपितु पुराण का समीक्षात्मक विवेचन भी प्रस्तुत किया है, जो इस प्रकार हैं-

१. सामान्यतया पुराण शब्द इतिहास के साथ परिलक्षित होता है किन्तु इतिहास एवं पुराण में भेद है। सभी स्थलों पर इतिहास शब्द से महाभारत ग्रहण करना चाहिये एवं पुराण शब्द से मार्कण्डेय आदि पुराणों का ग्रहण करना चाहिये-

अत्र सर्वत्रेतिहासशब्देन भारतादिर्गृह्यते पुराणशब्देन मार्कण्डेयादिश्य गृह्यते।

२. महाभाष्य में भी इतिहास एवं पुराण का पृथक्-पृथक् उल्लेख प्राप्त होता है। पुराण आख्यान व्याख्यान एवं आख्यायिका से भी पृथक् है क्योंकि इन शब्दों का पृथक् प्रयोग प्राप्त होता है-

स्वाध्यायं श्रावयेत् पित्र्ये धर्मशास्त्राणि चैव हि।
आख्यानानीतिहासाँश्च पुराणानि खिलानि च।।

मनुस्मृति के इस श्लोक पर ग्रन्थकार में विभिन्न प्रकार के तर्क प्रस्तुत करते हुये पुराण शब्द को इतिहास, आख्यान, खिल, व्याख्यान आख्यायिका आदि से पृथक् सिद्ध किया है।

३. ग्रन्थवाची पुराण शब्द नपुंसक लिंग होता है किन्तु यह शब्द विशेषण बनने पर विशेष्य के अनुसार लिंग युक्त बन जाता है-

ग्रन्थविशेषवाचकः पुराणशब्दो नपुंसकः-यतः प्रवृत्तिः प्रसृता पुराणीत्यादिप्रामाण्यात् विशेषवाचकः स्त्रीलिङ्ग इति।

इस प्रकार पुराण के सन्दर्भ के प्रभूत प्रमाण महाभाष्यादिग्रन्थों में प्राप्त होते है। ग्रन्थकार के मन में यह प्रश्न उठता है कि इन ग्रन्थों में प्राप्त साक्ष्यों को प्रतिपक्ष मुख से निकले वचन मानकर इन्हें मिथ्या न मान ले । ग्रन्थकार इन्हें उसी प्रकार से सत्य मानता है जिस प्रकार इन ग्रन्थों में प्राप्त

देवप्रतिभा के विषय में साक्ष्य अमिथ्या हैं-

बहूनि प्रमाणानि महाभाषबृहदारण्यछान्दोग्याश्वलायनगृह्यसूत्रमनुस्मृतिमहाभारतरामायणा- दिषुसन्तीति केवलं स्वमुखानिःसृतवाङ्मात्रेणैव तेषां मिथ्यात्वं न भविष्यति। तेषाममिथ्यात्वे तत्प्रतिपादितदेवप्रतिमादीनाममिथ्यात्वं स्पष्टतरम्।

देवविषयक प्रामाण्य के सन्दर्भ में ग्रन्थकर्ता सामवेद के अद्भुतशान्ति, निरुक्त के देवताकार चिन्तन, महाभाष्य के देवमूर्तियों के निर्माण, सुश्रुत संहिता में शारीरस्थान प्रकरण में गर्भिणी के दोहद-विचार, महाभारत के एकलव्योपाख्यान में गुरु द्रोण की मृत्तिका-निर्मित प्रतिमा एवं उसमें एकलव्य की अविचल गुरुभक्ति तथा निश्चल श्रद्धा के प्रभाव से धनुर्विद्या में प्राप्त उसकी पारङ्गतता, महाभारत में ही कौरवों के देवालय में देवप्रतिमाओं में विक्षोभ का दृष्टिगत होना, मनुस्मृति में देवागार एवं देवप्रतिमाओं के सम्बन्ध में विचार, हरिवंश पुराण में विधवा स्त्री के धर्म की चर्चा में चित्रलिखित अथवा मृण्मयी पति का प्रतिमा की पूजा का निर्देश आदि के प्रसंगों से शब्दप्रामाण्य को स्थापित करता है। ग्रन्थकार यह भी कहता है कि शास्त्र-प्रमाण से ही लोक कार्य एवं अकार्य की व्यवस्था को ग्रहण करता है -

तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्यव्यवस्थिताविति
पुराणं मानवो धर्मः साङ्गो वेदचिकित्सितम्।
आज्ञा सिद्धानि चत्वारि न हन्तव्यानि हेतुभिः।

ग्रन्थ के उपसंहार में वासुदेव को पुराणपुरुष मान कर उनके प्रसाद की कामना की गई है -

सोऽयं माङ्गल्यादिध्येयो वासुदेवः पुराणपुरुषः प्रसीदतु।

ग्रन्थ की पुष्पिका

अपने इस हस्तलिखित ग्रन्थ में ग्रन्थकर्ता ने अपने को मथुरानिवासी कहते हुये अपना परिचय गौडोदय प्रकाश देव पण्डित के रूप में प्रस्तुत किया है-

एतेन समुदितेन पुराणप्रमाणसन्दर्भे सोयं माङ्गाल्यादिध्येयो वासुदेवः पुराणपुरुषः प्रसीदतु इति मथुरानिवासिगौडोदयप्रकाशदेवपण्डितनिर्मितः पुराणप्रमाणसन्दर्भः समाप्तः।

ग्रन्थ एवं ग्रन्थकर्ता

'पुराणप्रमाणसन्दर्भ' ग्रन्थ के हस्तलेख की एकमात्र प्रति गंगानाथझा परिसर, इलाहाबाद के संग्रहालय में प्राप्त है। इसके ग्रन्थ या हस्तलेख का उल्लेख अन्यत्र (आफरेख्त के 'कैटलागस कैटलागरम' तथा चेन्नई से प्रकाशित 'न्यू कैटालागस कैटालागरम' में) नहीं प्राप्त होता है। इस ग्रन्थ के सम्पादन का आधार एक ही हस्तलेख है।

इस ग्रन्थ के ग्रन्थकर्ता के विषय में जो सूचना प्राप्त होती है उसका आधार इस हस्तलेख में प्राप्त सूचना ही है। इस ग्रन्थ के मुखपृष्ठ के अनुसार श्री उदयप्रकाशदेव पण्डित इस ग्रन्थ के कर्ता हैं जो मथुरा के निवासी हैं। ये वेदविद्या में पारंगत एवं वैयाकरण कहे गये हैं। इन्होंने पुराणों के प्रमाण्य पर सन्देह करने वालों के संदेह का निराकरण करने के लिये इस ग्रन्थ की रचना की-

इदानींतना बहवो जनास्सनातनाम्नायसिद्धे प्रसिद्धे पुराणादौ संदिहाना न विश्वसन्ति। तेषामुपरि परमकृपया स्वरसंचारानुपूर्वी वेदविद्यानिष्णातो वैयाकरणो मथुरानिवासि- श्रीमदुदयप्रकाशदेवपण्डितः पुराणप्रमाणसन्दर्भं निर्मितवान्।

इस ग्रन्थ के प्रारम्भ में ग्रन्थकर्ता के रूप में उदयप्रकाशदेव के स्थान पर 'गौडोदयप्रकाश' लिखा है -

---बुधानां परितोषाय मुग्धसंशीतिहानये। गौडोदयप्रकाशेन सन्दर्भोऽयं प्रकाश्यते।

इस ग्रन्थ की पुष्पिका में भी गौडोदयप्रकाश नाम प्राप्त होता है-

इति श्री मथुरानिवासिगौडोदयप्रकाशदेवपण्डितनिर्मितः पुराणप्रमाणसन्दर्भः समाप्तः ।

सम्भवतः श्री उदयप्रकाशदेवपण्डित का ही नाम गौडोदयप्रकाशेदव पण्डित है।

लिपिकर्ता एवं प्रकाशक-

इस हस्तलेख के लेखक (लिपिकर्ता) पण्डित जनार्दन काश्मीरी हैं-

लिखितं पण्डितजनार्दन काश्मीरी।

मुद्रण -

इस हस्तलेख का मुद्रण (लीथो) सन् 1876 ईस्वी, संवत् 1933 में अमृतसर में हुआ। इसकी छपाई श्रीवैष्णवसभा के अधिकारी श्री शालिग्रामाचार्य द्विवेद के द्वारा कराई गई, जिसकी संख्या 500 थी-

ते च सरयूपारीयशालिग्रामाचार्यो द्विवेदोपाख्योहं मुद्रयितुमुदयंसिषममृतसरसनाम्नि नगरे पञ्चनददेशो लोकानामुपकरायेत्यलमनल्पेनसंख्या 500-

श्रीवैष्णवसभाधिकारी श्रीशालग्रामाचारी जी के आज्ञानुसार छपा

लिखितं पण्डित जर्नादन काश्मीरी अमृतसर संवत् 1933 सन् 1878 इस्वी.

पाठालोचन एवं सम्पादन-

प्रस्तुत ग्रन्थ का एक ही हस्तलेख प्राप्त हो सकने के कारण पाठ-भेद हेतु दूसरे हस्तलेख का सहयोग लेना सम्भव नहीं था, किन्तु इस ग्रन्थ में प्राप्त उद्धरणों के मूल-ग्रन्थ का अवलोकन किया गया। मूल ग्रन्थों से जिन-जिन स्थलों पर पाठान्तर प्राप्त हुआ, वहाँ-वहाँ पाद-टिप्पणी में उनका उल्लेख किया गया है। इस प्रकार हस्तलेख को यथा सम्भव उसके मूल स्वरूप को बनाये रखते हुये प्रामाणिक एवं शुद्ध पाठ प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया गया है।

कृतवेदिता पुष्पाञ्जलि

मेरी प्रथम कृतज्ञता पुष्पाञ्जलि भगवान् शिव एवं माता पार्वती के चरणों में समर्पित है -

भवानीशङ्करौ वन्दे श्रद्धाविश्वासरूपिणौ।
याभ्यां विना न पश्यन्ति सिद्धाः स्वान्तःस्थमीश्वरम् ॥

इस हस्तलेख को ग्रन्थकलेवर प्रदान करने में इस विद्यापीठ के प्राचार्य प्रो. सर्वनारायण झा जी का अप्रतिम योगदान है, जिनकी प्रेरणा से यह कार्य वर्तमान मूर्त-रूप को प्राप्त कर सका है। उन्हें

कोटिशः धन्यवाद।

इस हस्तलेख के हस्तगत कराने में इस परिसर के हस्तलेख विभाग की अध्यक्षा डॉ. बीना मिश्रा जी का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ उन्हें मैं हृदय से धन्यवाद देती हूँ।

इस ग्रन्थ के सम्पादन में इस परिसर में पुस्तकालय विभाग ने समय-समय पर अभीष्ट पुस्तकें प्रदान कर सहयोग किया इसके लिये मैं पुस्तकालय विभाग के अध्यक्ष श्री रामरूप जी को एवं उनके सहयोगियों को धन्यवाद प्रदान करती हूँ।

इस ग्रन्थ के शुद्ध टङ्कण हेतु मैं श्री ओम् प्रकाश शुक्ल को धन्यवाद प्रदान करती हूँ तथा शीघ्र एवं सुन्दर प्रकाशन हेतु प्रकाशक महोदय धन्यवाद के पात्र हैं।

अन्ततः इस ग्रन्थ में मानवीय तथा अज्ञतावश हुई त्रुटियों के लिये सुधीजनों से क्षमा प्रार्थी हूँ।

विदुषां वंशवदा
शैलजा पाण्डेय



पुराणप्रमाणसन्दर्भः

श्रीमते रामानुजाय नमः। श्रीहरिर्विजेवीष्टम् ।

बुधानां परितोषाय मुग्धसंशीतिहानये।
गौडोदयप्रकाशेन सन्दर्भोऽयं प्रकाश्यते।।

तत्र तावत् पुराणप्रमाणं निर्णीयते। यजुर्वेदे माध्यन्दिने ब्राह्मणे शतपथे एकादशेऽध्याये तृतीयस्मिन् प्रपाठके[1] यथा-

पय आहुतयो ह वा एता देवानाम्। यदृचः स य एवं विद्वानृचोऽहरहः स्वाध्याय-मधीते पय आहुतिभिरेव तद्देवाँस्तर्पयति त एनं तृप्तास्तर्पयन्ति योगक्षेमेण प्राणेन रेतसा सर्वात्मना सर्वाभिः पुण्याभिः सम्पद्भिः घृतकुल्याः मधुकुल्याः पितृन् स्वधा अभिवहन्ति।1।

आज्याहुतयो ह वा एता देवानाम्। यद्यजूँषि स य एवं विद्वान् यजूँष्यहरहः स्वाध्यायमधीत आज्याहुतिभिरेव तद्देवाँस्तर्पयति ।2।

सोमाहुतयो ह वा एता देवानाम्। यत्सामानि स य एवं विद्वान् सामान्यहरहः[2] स्वाध्यायमधीते सोमाहुतिभिरेव तद्दे0 ।3।

मेद आहुतयो ह वा एता देवानाम्। यदथर्वाङ्गिरसः स य एवं[3] विद्वानथर्वाङ्गिरसोऽहरहः स्वाध्यायमधीते मेद आहुतिभिरेव तद्दे0 ।4।

मध्वाहुतयो ह वा एता देवानाम्। यदनुशासनानि विद्या वाकोवाक्यमितिहासपुराणं गाथानाराशंस्यः स य एवं विद्वाननुशासनानि विद्या वाकोवाक्यमितिहासपुराणं गाथा नाराशंसीरित्यहरहः स्वाध्यायमधीते मध्वाहुतिभिरेव तद्दे0।5।

पुनस्तत्रैव[4]-

---

1. शतपथब्राह्मण, 11.5.6.4-8 (प्रकाशित ग्रन्थ में प्राप्त सन्दर्भ)।

2. शतपथ ब्राह्मण में इस स्थान पर 'विद्वान्त्सामान्यहरहः' पाठ प्राप्त होता है।

3. मातृका में 'थर्वाङ्गि-एवं' पर्यन्त पाठ नहीं है। यह पाठ ऊपर शतपथ ब्राह्मण से लेकर रखा गया है।

4. शतपथ ब्राह्मण, 11.5.7.5-9

स्वाध्यायप्रशंसायां[5] मधु ह वा ऋचः। घृतः ह सामान्यमृतं यजूंषि यद्ध वा अयं वाकोवाक्यमधीते क्षीरौदनमाँसौदनौ हैव तौ ।1।

मधुना ह वा एष देवांस्तर्पयति। य एवं विद्वानृचोहरहः स्वाध्यायमधीते त एनं तृप्तास्तर्पयन्ति सर्वैः कामैः सर्वैर्भोगैः।2।

घृतेन ह वा एष देवाँस्तर्पयति य एवं विद्वान् [6]सामान्यहरहः स्वाध्यायमधीते त एनं तृप्ता० ।3।

अमृतेन ह वा एष देवांस्तर्पयति। य एवं विद्वान् यजूंष्यहरहः स्वाध्यायमधीते त एनं तृप्ता० ।4।

क्षीरौदनमांसौदनाभ्यां ह वा एष देवाँस्तर्पयति। य एवं विद्वान् वाकोवाक्यमितिहास-पुराणमित्यहरहः स्वाध्यायमधीते त एनं तृप्ता० ।5।

तत्रैव चतुर्दशेऽध्याये शतपथब्राह्मणे[7] मैत्रेयीं प्रति याज्ञवल्क्य आह स्म -

स यथार्द्रैधाग्नेरभ्यहितात्[8] पृथग्धूमा विनिश्चरन्त्येवं वा अरेऽस्य महतो भूतस्य निश्श्वसितमेतद्यदृग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदऽथर्वाङ्गिरस इतिहासः पुराणं विद्या उपनिषदः श्लोकाः सूत्राण्यनुव्याख्यानानि व्याख्यानान्यस्यैवैतानि[9] सर्वाणि निश्श्वसितानि।

तथा छान्दोग्ये सप्तमप्रपाठके[10] सनत्कुमारं प्रति नारद-

स होवाच-ऋग्वेदं भगवोध्येमि यजुर्वेदं सामवेदमाथर्वणं चतुर्थमितिहासपुराणं पञ्चमं वेदानां वेदं पित्र्यं राशिं देवनिधिं[11] वाकोवाक्यमेकायनं[12] देवविद्यां ब्रह्मविद्यां भूतविद्यां क्षत्रविद्यां नक्षत्रविद्यां सर्पदेवजनविद्यामेतद् भगवोऽध्येमीति।

तथा बृहदारण्यके याज्ञवल्क्यजनकसंवादे[13]-

---

5. यह पाठ शतपथब्राह्मण, 11.5.7.5 में प्राप्त है। मातृका में प्राप्त पाठ 'ताभ्यामशंसायां' है।

6. शतपथ. 11.5.7.7 में 'विद्वान्त्सा.' पाठ प्राप्त होता है।

7. शतपथब्राह्मण, 14.7.3.11, बृहदारण्यक उपनिषद्, 2.4.10

8. यवान्द्रेन्धानाग्नेरव्याहितात्-बृहदारण्यक. (2.4.11) में यह पाठ प्राप्त होता है।

9. व्याख्यानानि दत्तः हुतमाशितम्पायितमयञ्च लोकः परश्च लोकः सर्वाणि च भूतान्यस्यैवैतानि-शतपथ. (14. 7.3.11) में इस स्थान पर इतना पाठ प्राप्त होता है।

10. छान्दोग्य उपनिषद्, 7.1.2

11. दैवं निधिं-छान्दोग्य. 7.1.2

12. वाक्यमेकायनं-मातृकापाठ।

13. बृहदारण्यकोपनिषद्, 4.1.2

वागेवायतनमाकाशः प्रतिष्ठा प्रज्ञेत्येनदुपासीत। का प्रज्ञता याज्ञवल्क्य वागेव सम्राडिति होवाच। वाचा वै सम्राड् बन्धुः प्रज्ञायते[14] ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्वाङ्गिरस इतिहासः पुराणं विद्या उपनिषदः श्लोकाः सूत्राण्यनुव्याख्यानानि व्याख्यानानीष्टं हुतमाशितं पाचितमयं भूलोकः[15] परलोकः[16] सर्वाणि च भूतानि वाचैव सम्राड् ब्रह्म ज्ञायते[17] वाग्वै सम्राट् परमं ब्रह्ममेत्यादिना वेदरूपौ वेदार्थस्य निर्णयश्चेतिहासात्मकः शब्दयन् विचारयितव्यः सुधीभिः। तथा हि महाभारते आदिपर्वण्युपक्रमणिकाध्याये[18]–

इतिहासपुराणाभ्यां वेदं समुपबृंहयेत्।
बिभेत्यल्पश्रुताद्वेदो मामयं प्रहरिष्यति।।

तथा महाभाष्ये[19] – सप्तद्वीपा वसुमती त्रयोलोकाश्चत्वारो वेदास्साङ्गास्सरहस्याः बहुधा विभिन्ना एकशतमध्वर्युशाखाः सहस्रवर्त्मा सामवेद एकविंशतिधा वाहवृच्यं नवधाथर्वणो वेदो वाकोवाक्यामितिहासः पुराणं वैद्यकमित्येतावाञ्च्छब्दस्य प्रयोगविषय इति। तथा क्रतूक्थादिसूत्रे आख्यानाख्यायिकेतिहासपुराणेभ्यश्चेति वार्तिकम्। अत्र सर्वत्रेतिहासशब्देन भारतादिर्गृह्यते, पुराणशब्देन मार्कण्डेयादिश्च गृह्यते। मानवे[20]–

स्वाध्यायं श्रावयेत् पित्र्ये धर्मशास्त्राणि चैव हि।
आख्यानानीतिहासाँश्च[21] पुराणानि खिलानि चेति।।

यत् पुराणानीति पदमाख्यानानीत्यस्य विशेषणं खिलानीत्यस्य वेति। तत्र इतिहासांश्चेति द्वितीयचकारेण पुराणपदे पदान्तरसम्बन्धस्य निराकांक्षत्वबोधानात्। किञ्च, श्राद्धे धर्माख्यानानामेव श्रोतव्यत्वे मतेश्चार्षाणामेवान्तरङ्गत्वादुपस्थितानां चिरन्तनत्वस्य प्रसिद्धौ। तत्र तद्विशेषणत्वस्य नैरर्थक्यात्, तथा पुराणशब्दो व्याख्यानपर्याय इत्यपि न संगच्छते। इतिहासः पुराणं व्याख्यानानीति बृहदारण्यश्रुतिविरोधात्। किञ्च, आख्यानाख्यायिकेतिहास-पुराणेभ्यश्च ठग्वक्तव्यम् इति वार्तिकबलात् पुराणपदवाच्यग्रन्थानामवश्यमङ्गीकर्तव्यत्वेन तेषामनूक्तौ ग्रहणाभावेऽविनाभावः। किञ्चाश्वलायनगृह्यसूत्रे तृतीयेऽध्याये पञ्चयज्ञप्रकरणे

---

14. प्रजायत–मातृकापाठ।

15. च लोकः–बृहदारण्यक., 4.1.2

16. परश्च लोकः–वहीं, 4.1.2

17. प्रज्ञायन्ते–वहीं, 4.1.2

18. महाभारत, आदि पर्व, 1.249. वायु पुराण, 1.200.1

19. महाभाष्य, पस्पशाह्निक, 'सर्वे देशान्तरे' (1.1.1, 60–सर्वे देशान्तरे 161) पर भाष्य।

20. मनुस्मृति, 3.232

21. सश्च–मनु. 3.232

स्वाध्याययज्ञनिरूपणावसरे[22]–

अथ स्वाध्यायमधीयीते ऋचो यजूंषि सामान्यथर्वाङ्गिरसो ब्राह्मणानि कल्पान् गाथानाराशंसीरितिहासपुराणानीति।

यदृचोऽधीते पय आहुतिभिरेव तद्देवतास्तर्पयति, यद्यजूंषि घृताहुतिभिर्यत्सामानि मध्वाहुतिभिर्यदथर्वाङ्गिरसः सोमाहुतिभिर्यद् ब्राह्मणानि कल्पान् गाथानाराशंसीरितिहास-पुराणानीत्यमृताहुतिभिः ।

यदृचोऽधीते पयसः कुल्या अस्य पितृन् स्वधा उपक्षरन्ति, यद्यजूंषि घृतस्य कुल्या, यत्सामानि मध्वः कुल्या, यदथर्वाङ्गिरसः सोमस्य कुल्या, यद् ब्राह्मणानि कल्पान् गाथानाराशंसीरितिहासपुराणानीयत्यमृतस्य कुल्या। य यावन्मन्येत तावदधीत्यैतया परिदधाति।

नमो ब्रह्मणे नमोस्त्वग्नये नमः पृथिव्यै नमश्चोषधीभ्यो नमो वाचे नमो वाचस्पतये नमो विष्णवे महते करोमीति।

पुराणानां स्वाध्याये परिगणितत्वेन वेदाध्ययनवत्पुराणाध्ययनफलश्रवणेन च श्राद्धेऽपि पुराणानां श्रवणस्य पुण्यजनकत्वे नमःसूक्तश्लोके पुराणानीति पृथक्पदस्यैव न्यायत्वमिति सुधियो विभावयन्त एवं ते यदितिहासः पुराणमिति अनुदिनभारतस्य संज्ञेति तदप्यसत् इतिहासः पुराणमिति महाभाष्ये श्रुतौ च पदद्वयदर्शनस्य निरासावनत्वात्तेः सवयव-**इतिहासपुराणाभ्यां वेदं समुपबृहयेद्**-इतीतिहासपुराणाभ्यामिति द्विवचनं संगच्छते तथा तत्रैव भारतस्य श्रेष्ठत्वर्णने[23]–

नवनीतं यथा दध्नो द्विपदां ब्राह्मणो यथा।
आरण्यकं च वेदेभ्य ओषधीभ्योऽ[24]मृतं यथा।
ह्रदानामुदधिः श्रेष्ठो गौर्वरिष्ठा चतुष्पदाम्।
यथैतानीतिहासानां[25] तथा भारतमुच्यते।।

इत्यत्र भारतस्येतिहासमात्रेभ्यः पृथक्करणे तथेतिहासः संगच्छते नापीतिहासः पुराणमिति भाष्ये प्रथमाह्निके पुराणमितीतिहासस्य विशेषणं वाच्यं।[26] यतः प्रवृत्तिः प्रसृता पुराणीति

22 आश्वलायन गृह्यसूत्र, 3.3.2-4

23. महाभारत, आदि. 1.246-247

24. यथामृतम्-मूलग्रन्थ में प्राप्त पाठ, 246

25. यथैतानि विशिष्टानि-मूलग्रन्थ में प्राप्त पाठ, 246

26. गीता, 15.4

भगवदुक्तिप्रामाण्येन चिरन्तनार्थकस्य पुराणशब्दस्य वा लिङ्गत्वेन प्रकृते इतिहास इति विशेष्यगतपुंस्त्वावरोधोन तद्विशेषणे पुराणपदेपि पुल्लिङ्गनिर्देशस्यैवौचित्यान्नपुंसक-प्रदर्शनस्यासंगत्यापको नापि वैद्यकमित्यस्य विशेषणं वाच्यं विशेषणस्येतरनिवृत्तिफलकत्वेन तदितरस्य चार्वाचीनवैद्यकग्रन्थस्यापि शब्दविषयतया भाष्यकर्तुरभीष्टत्वेन तदव्यावृत्यभावे न तन्न तद्विशेषणत्वस्यैवोनौचित्यात्। अतएव पूर्वोक्तभाष्ये श्रुतौ च पुराणमिति पृथगेव सिद्धम्। तथा आख्यानाख्यायिकेति वार्तिकेन महाभाष्य उदाहरणं द्वयम् ऐतिहासिकः पौराणिक इत्यपि सिद्धम्। अतएवानुशासनिके दानधर्मे आयुष्यधर्मनिरूपणे चतुरधिकशततमेऽध्याये[27]-

पुराणमितिहासश्च तथाख्यानानि यानि च।
महात्मनां च चरितं श्रोतव्यं नित्यमेवत॥

इत्यत्र पुराणात् पृथगितिहासोक्तिरुपद्यते। ग्रन्थविशेषवाचकः पुराणशब्दो नपुंसकः। [28]**यतः प्रवृत्तिः प्रसृता पुराणीत्यादि**प्रामाण्यात् विशेषवाचकः स्त्रीलिङ्ग इति। अथ प्रत्यक्षान् प्रमाणान् तराणि (?) आनुशासनिके दानधर्मे नवतितमेऽध्याये पाङ्क्तेयब्राह्मणनिरूपणे[29]-

ये च भाष्यंविदः केचिद्ये च व्याकरणे रताः।
अधीयते पुराणं ये धर्मशास्त्राण्यथापि च॥

इति। तथा विराटपर्वण्येकपञ्चाशत्तमेऽध्याये उत्तरणे ग्रहे[30]-

वेदान्ताश्च पुराणानि इतिहासं पुरातनम्।
जामदग्न्यमृते राजन् को द्रोणादधिको भवेद्॥

इति। तथादिपर्वण्युपक्रमणिध्याये ब्रह्माणं प्रति व्यासः[31]-

ब्रह्मवेदरहस्यं च [32]यच्चान्यत् स्थापितं मया।
साङ्गोपनिषदां[33] चैव[34] वेदानां विस्तरक्रिया॥

---

27. महाभारत, अनुशासन पर्व, 107.141

28. गीता, 15.4

29. महाभारत, अनुशासन पर्व, 90.26, 27

30. वहीं, विराट पर्व, 51.10

31. महाभारत, आदि पर्व, 1.74

32. यच्चाप्यभिहितं मया-महाभारत ग्रन्थ में प्राप्त पाठ।

33. दानां-महाभारत में प्राप्त पाठ।

34. च-ग्रन्थ में प्राप्त पाठ।

इतिहासपुराणानामुन्मेषं निर्मितं च यत्।
भूतं भव्यं भविष्यं च त्रिविधां कालसंज्ञितम्॥

इति। तथा च अनुशासनिके[35]–

युक्तिशास्त्रं च ते ज्ञेयं शस्त्रशास्त्रं च भारत।
गन्धर्वशास्त्रं च कलाः परिज्ञेयाः नराधिप।
पुराणानिति[36]हासाश्च तथाख्यानानि यानि च।

इति। तथा वाल्मीकीये बालकाण्डे[37]–

एतच्छ्रुत्वा रहः सूतो राजानमिदमब्रवीत्।
श्रूयतां तत् पुरावृत्तं पुराणे च मया श्रुतम्॥

इति। बहूनि प्रमाणनि महाभाष्यबृहदारण्यछान्दोग्याश्वलायनगृह्यसूत्र-मनुस्मृतिमहाभारतरामायणादिषुसन्तीति केवलं स्वमुखनिःसृतवाङ्मात्रेणैव तेषां मिथ्यात्वं न भविष्यति। तेषाममिथ्यात्वे तत्प्रतिपादितदेव- प्रतिमादीनाममिथ्यात्वं स्पष्टतरम्। सामवेदेऽद्भुतशान्तौ यथा प्रतिमाः हसन्ति रुदन्ति। निरुक्ते[38] यथा–

अथाकारचिन्तनं देवतानां, पुरुषविधास्स्युरित्येकम्।[39] चेतनावद् हि स्तुतयो भवन्ति। अचेतनान्यप्येवं स्तूयन्ते यथाक्षप्रभृतीषेधिपर्यन्तानि ग्रावस्तुतिर्यथा। इति तथा जीविकार्थे चापण्ये 5.3.99। अस्य भाष्ये अपण्य इत्युच्यते। तत्रेदं न सिद्ध्यति शिवः स्कन्दो विशाख इति। किं कारणं 'मौर्यैर्हिरण्यार्थिभिरर्चाः प्रकल्पिता भवेत्तासु न स्यात् यास्त्वेताः सम्प्रति पूजार्थास्तासु भविष्यतीति। '

तथा सुश्रुते शारीरस्थाने तृतीयेऽध्याये गर्भिणीदोहदविचारे[40]–

राजसंदर्शने यस्याः दोहद[41] जायते स्त्रियाः।
अर्थवन्तं महाभागं कुमारं सा प्रसूयते॥

---

35. महाभारत, अनुशासन पर्व, 107.140

36. मिति-मूलग्रन्थ का पाठ।

37. वाल्मीकि रामायण, बालकाण्ड, 9.1

38. निरुक्त, दैवतकाण्ड, अ. 7, पाद 2, खंड 2, 3

39. वृद्धिस्वतयोभयन्नि-मातृका-पाठ।

40. सुश्रुत संहिता, शारीरस्थान, 3.22, 24

41. दौहृदं-वहीं, 3.22

देवताप्रतिमायान्तु प्रसूते पार्षदोत्तमम्।[42]
दर्शने व्यालजातीनां हिंसाशीलं प्रसूयते।।

इति। तथा भारते आदि पर्वणि त्रिंशदधिकंशततमेऽध्याये एकलव्योपाख्याने[43]–

न स तं प्रति जग्राह नैषादिरिति चिन्तयन्।
शिष्यं धनूंषि धर्मज्ञस्तेषामेवान्ववेक्षया।।

स तु द्रोणस्य शिरसा पादौ गृह्य परन्तपः।
अरण्यं समनुप्राप्य[44] कृत्वा द्रोणं महीमयम्।।

तस्मिन्नचार्यवृत्तिं स[45] परमामास्थितस्सदा।
इष्वस्त्रे योगमातस्थे परं नियममास्थितः।।

परया श्रद्धयोपेतो[46] योगेन परमेण च।
विमोक्षादानसंधाने लघुत्वं परमाप स।।इति।।

तथा भीष्मपर्वाणि द्वादशधिकशततमेऽध्याये[47]

देवतायतनस्थाः कौरवेन्द्रस्य देवताः।
कम्पन्ते च हसन्ते च नृत्यन्ति च रुदन्ति च।।

इति। तथा द्वितीयेऽध्याये तत्रैव[48]–

देवताप्रतिमाश्चैव कम्पन्ति च हसन्ति च।
वमन्ति रुधिरं चास्यैः स्विद्यन्ति प्रपतन्ति च।।

इति। तथा तत्रैव तृतीयेऽध्याये च[49]–

प्रतिमाश्चालिखन्त्येताः सशस्त्राः कालचोदिताः।
अन्योन्यमभिधावन्ति शिशवो दण्डपाणयः।।

---

42. पार्षदोपमम्–वहीं, 3.24

43. महाभारत, आदि पर्व, 123. 11–14 (प्रकाशित ग्रन्थ का सन्दर्भ)

44. अरण्यमनुसंप्राप्तः–वहीं, 123.12

45. च–वहीं, 123.13

46. श्रद्धया युक्तो–वहीं, 123.14

47. महाभारत, भीष्म पर्व, 112.11

48. वहीं, भीष्म पर्व, 2.26

49. वहीं, भीष्म पर्व, 3.9 – प्रतिमाश्चालिखन्त्पन्ये।

इति। तथा मानवे[50]–

मृदं गां दैवतं विप्रं घृतं मधु चतुष्पथम्।
प्रदक्षिणानि कुर्वीत प्रज्ञातांश्च वनस्पतीन्[51]।।

इत्यत्र मनोरुक्तिः[52]–

न फालकृष्टे न जले न चित्यां न च पर्वते।
न जीर्णदेवायतने न वल्मीके कदाचन।।

इति। पुनस्तत्रैव[53]–

देवतानां गुरो राज्ञः स्नातकाचार्ययोस्तथा।
नाक्रामेत् कामतश्छायां बभ्रुणो दीक्षितस्य च।।

इति। पुनस्तत्रैव[54]–

तडागान्युदपानानि वाप्यः प्रस्रवणानि च।
सीमासन्धिषु कार्याणि देवतायतनानि च।।

इति। पुनस्तत्रैव[55]–

कोष्ठागारायुधागारदेवतागारभेदकान् ।
हस्त्यश्वरथहर्तृंश्च हन्यादेवाविचारयन्।।

इत्यादिना स्पष्टं प्रतिमाः सिद्ध्यन्ति। शब्दप्रमाणकाः वयं। यच्छब्द आह तदस्माकं प्रमाणम्।अतएव खिलेषु हरिवंशे त्रयस्त्रिंशदधिकशततमेऽध्याये भगवद्वाक्यम्[56]–

त्वतोश्मभिश्च प्रतिमां कारयित्वेह भक्तितः।
सेविष्यन्ते च यो[57] नित्यं मम यास्यन्ति ते गतिम्।।

---

50. मनुस्मृति, 4.39

51. वनस्पतीम्–मातृका में प्राप्त पाठ।

52. मनुस्मृति, 4.46

53. मनुस्मृति, 4.130

54. वहीं, 8.248

55. वहीं, 9.280

56. हरिवंश पुराण, 2.74.52 (प्रकाशित ग्रन्थ में प्राप्त सन्दर्भ)

57. शुश्रूषयन्ति ये–हरिवंश में प्राप्त पाठ।

इति। तत्रैव चत्वारिंशदधिकशततमेऽध्याये[58]–

विधवा स्त्री तु या हि स्याद् दैवयोगात् सती सति।
तस्याः वक्ष्यामि यो धर्मः पुराणोक्तः सुमध्यमे॥

पतिं संकल्पयित्वा सा चित्रस्थं वाथ मृण्मयम्।
तस्य पूजां सदा कुर्यात्सतां धर्ममनुस्मरेद्[59]॥

इति गौरीं प्रति शिववाक्यम्। अतएव भ्राजभासेति सूत्रोक्तायावच्छतो भवन्ति। सन्ति पुराणेषु बहूनि प्रमाणनि। किं पल्लवितेन, एतदुपस्थितमर्थं विहायानुपस्थितार्थस्य कल्पना न कर्तव्या। तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्यव्यवस्थिताविति।

पुराणं मानवोधर्मः साङ्गो वेदश्चिकित्सितम्।
आज्ञासिद्धानि चत्वारि न हन्तव्यानि हेतुभिः॥

इति भारतीयवचनपर्यालोचनया तथा[60]–

कुरुक्षेत्रे च मत्स्याश्च पञ्चालाः शूरसेनकाः।
एष ब्रह्मर्षिदेशो वै ब्रह्मावर्तादनन्तरः॥

एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः।
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः॥

इति। मानवस्य अस्मादेतद्देशजानामग्रजानामाचारः सर्वैः शिक्षितव्यो भवतीति दिक् ।

❑❑

पुष्पिका–

एतेन समुदितेन पुराणप्रमाणसन्दर्भे सोयं मङ्गल्यादिध्येयो वासुदेवः पुराणपुरुषः प्रसीदतु इति मथुरानिवासिगौडोदयप्रकाशदेवपण्डितनिर्मितः पुराणप्रमाणसन्दर्भः समाप्तः।

❑❑

58. हरिवंश पुराण, 2.81.8, 9 (प्रकाशित ग्रन्थ में प्राप्त सन्दर्भ)

59. स्मरन्–वहीं प्राप्त पाठ।

60. मनुस्मृति, 2.19.20

हिन्दी अनुवाद

श्री रामानुज को प्रणाम। यह सन्दर्भ (पुराण प्रमाण सन्दर्भ संज्ञक ग्रन्थ) विद्वानों की सन्तुष्टि के लिये तथा (इस विषय में, मुग्धजनों, अल्पज्ञों) के संशय को नष्ट करने के लिये गौडोदय प्रकाश के द्वारा प्रकाशित किया जा रहा है।

तव पुराण के प्रमाण का निर्णय किया जा रहा है। यजुर्वेद के, माध्यन्दिन (शाखा) के, शतपथ ब्राह्मण के ग्यारहवें अध्याय में, तृतीय प्रपाठक में जैसा प्राप्त होता है-

जो ऋचायें हैं, ये देवों के लिये पय (दूध) की आहुतियाँ हैं। जो विद्वान् यह जानकर प्रतिदिन ऋचाओं से (ऋग्वेद के मन्त्रों से) स्वाध्याय करता है, वह दूध की आहुतियों से ही देवों को तृप्त करता है। वे देवता तृप्त होकर इसको (स्वाध्याय कर्ता को) योग-क्षेम के द्वारा, प्राण के द्वारा, रेतस् (वीर्य, शक्ति) के द्वारा, सब प्रकार से, सभी पुण्य सम्पत्तियों के द्वारा तृप्त करते हैं तथा पितरों को घृतकुल्या (घी की नदी) तथा मधुकुल्या द्वारा स्वधा प्रदान करते हैं। (अर्थात् पितर भी तृप्त होते हैं)।1।

जो यजुर्वेद के मन्त्र हैं वे देवों के लिये आज्य (घृत) की आहुतियाँ हैं। यह जो विद्वान् प्रतिदिन यजुर्वेद का (के मन्त्रों द्वारा) स्वाध्याय करता है, वह घृत की आहुतियों के ही द्वारा देवों को तृप्त करता है ।2।

जो सामवेद के मन्त्र हैं वे देवों के लिये सोम की आहुतियाँ है । यह जानते हुये जो विद्वान् प्रतिदिन सामवेद के मन्त्रों से स्वाध्याय करता है, वह सोमाहुतियों के ही द्वारा देवों को (तृप्त करता है) ।3।

जो अथर्वाङ्गिरस (अथर्ववेद) के मन्त्र हैं, वे देवताओं के लिये मेद की आहुतियाँ हैं। यह जानकर जो विद्वान् अथर्वाङ्गिरस का प्रतिदिन स्वाध्याय करता है, वह मेद की आहुतियों के ही द्वारा (देवों को तृप्त करता है)।4।

जो अनुशासन, विद्या, वाकोवाक्य, इतिहास-पुराण, गाथा, नाराशंसी आदि विद्यायें होती हैं वे देवों के लिये मधु की आहुतियाँ होती है। यह जानकर जो विद्वान् अनुशासन, विद्या, वाकोवाक्य इतिहास-पुराण, गाथा, नाराशंसी आदि विद्याओं का प्रतिदिन स्वाध्याय करता है, वह मधु की आहुति से ही (देवों को तृप्त करता है) ।5।

पुनः वहीं-

स्वाध्याय की प्रशंसा में-ऋचायें मधु हैं, साम घृत हैं, यजुः अमृत हैं। यह जो वाकोवाक्य का अध्ययन करता है, दोनों क्षीरौदन एवं मांसौदन है ।1।

जो विद्वान् जानते हुये प्रतिदिन स्वाध्याय में ऋचायें पढ़ता है, वह मधु से देवों को तृप्त करता हैं। वे तृप्त हुये देवता इसे (स्वाध्यायी को) सभी कामों (अभिलषित पदार्थों) एवं सभी भोगों से तृप्त करते हैं ।2।

जो विद्वान् यह जानते हुये प्रतिदिन साममन्त्रों का स्वाध्याय करता है, वह घृत के द्वारा देवताओं को

तृप्त करता है। वे तृप्त हुये (देव-गण स्वाध्यायी को तृप्त करते हैं)।3।

जो विद्वान् जानते हुये प्रतिदिन यजुर्वेद के मन्त्रों का स्वाध्याय करता है, वह अमृत से देवों को तृप्त करता है। वे तृप्त हुये (देवता स्वाध्यायी को तृप्त करते हैं)।4।

जो विद्वान् वाकोवाक्य, इतिहास-पुराण का अध्ययन प्रतिदिन स्वाध्याय में करता है, वह क्षीरौदन एवं मांसौदन के द्वारा देवों को तृप्त करता है। वे तृप्त हुये देवता इस (स्वाध्यायी को तृप्त करते हैं)।5।

वहीं शतपथपब्राह्मण के चौदहवें अध्याय में याज्ञवल्क्य ने मैत्रेयी से कहा-

जिस प्रकार काष्ठ पर अच्छी प्रकार से स्थापित आर्द्र समिधा वाली आग से धूम पृथक्-रूप से स्वयं ही निकलते हैं, अरे (मैत्रेयी), ऐसे ही इस महान् भूत (परमेश्वर के अस्तित्त्व) का यह उच्छ्वास है, जो ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, इतिहास-पुराण, विद्या (तत्त्व-ज्ञान), उपनिषद्, श्लोक, काव्य, सूत्र, अनुव्याख्यान एवं व्याख्यान (विस्तृत व्याख्यान) हैं। ये सब इस (परमेश्वर) के नि:श्वास ही हैं।

इसी प्रकार छान्दोग्य उपनिषद् के सप्तम प्रपाठक में सनत्कुमार के प्रति नारद-

वह (नारद) बोले-हे भगवन्, मैंने ऋग्वेद का अध्ययन किया है। (इसी प्रकार) यजुर्वेद, सामवेद, चौथे अथर्ववेद, पाँचवें इतिहास-पुराण, वेदों के वेद (व्याकरण), पितृकर्म, राशि (गणित), दैव (भाग्य विद्या), निधिज्ञान, वाकोवाक्य (तर्कशास्त्र), एकायन (नीतिशास्त्र), देव विद्या (देवविषयक ज्ञान) ब्रह्मविद्या, भूत (पञ्चतत्त्व) विद्या, क्षत्र विद्या (धनुर्वेद), नक्षत्रविद्या, (ज्योतिष), सर्प विद्या, एवं देवजन विद्या (गन्धर्व विद्या, संगीत शास्त्र) का मैं अध्ययन करता हूँ।

इसी प्रकार बृहदारण्यक उपनिषद् में याज्ञवल्क्य-जनक संवाद में-

वाणी ही उसका (शब्द ब्रह्म) स्थान है, आकाश उसकी प्रतिष्ठा है। प्रज्ञा ऐसा मानकर उस (शब्द ब्रह्म) की उपासना करनी चाहिये। (जनक ने प्रश्न किया-) याज्ञवल्क्य, प्रज्ञता क्या है? (याज्ञवल्क्य ने) कहा-हे राजन्, वाणी ही प्रज्ञा है। हे राजन्, वाणी से ही बन्धु जाना जाता हैं ऋग्वेद, यजुर्वेद सामवेद, अथर्ववेद, इतिहास-पुराण, विद्या, उपनिषद्, श्लोक, सूत्र, अनुव्याख्यान, व्याख्यान, यज्ञ, हवन, खान-पान, यह लोक, पर लोक और सभी जीव, हे राजन्, वाणी से ही जाने जाते हैं, इसी से हे राजन् वाणी ही परम ब्रह्म है-आदि (उद्धरणों) के द्वारा वेद रूप वेदार्थ का निर्णय इतिहासात्मक कहते हुये विद्वानों के द्वारा विचार किया जाना चाहिये। इसी प्रकार महाभारत के आदि पर्व में, उपक्रमणिका अध्याय में-

इतिहास एवं पुराण के द्वारा वेद का उपबृंहण (अर्थ-विस्तार) करना चाहिये। अल्प-श्रुत (इतिहास-पुराण आदि का ज्ञान न रखने वाला) से वेद डरता है कि यह मुझ पर प्रहार करेगा। (अर्थात् मेरी व्याख्या सही रीति से नहीं करेगा)।

इसी प्रकार महाभाष्य में -

सात द्वीपों वाली पृथिवी, तीनों लोक, चारों वेद अपने अङ्गों (वेदांगों) एवं बहुधा विभिन्न प्रकार के रहस्यों के साथ, अध्वर्यु की 101 शाखायें, सहस्र शाखाओं वाला सामवेद, 21 प्रकार की ऋचायें, 9 प्रकार के अथर्ववेद (की शाखायें), वाकोवाक्य, इतिहास, पुराण वैद्यक-ये सभी शब्द के ही प्रयोग विषय हैं।

इसी प्रकार क्रतूक्थादिसूत्र, पर 'आख्यानाख्यायिकेतिहासपुराणेभ्यश्च' वार्तिक है। यहाँ सभी स्थानों पर इतिहास शब्द से भारत आदि (महाभारत) का ग्रहण किया जाता है और पुराण शब्द से मार्कण्डेय आदि का ग्रहण किया जाता है।

मानव (मनुस्मृति) में-

श्राद्ध में स्वाध्याय (वेद), धर्मशास्त्र, आख्यान, इतिहास, पुराण तथा खिलों (श्री सूक्त आदि) को सुनाये।

यहाँ 'पुराणानि' पद आख्यान इसका विशेषण है या खिल-इसका। वहाँ (श्लोक में) 'इतिहासांश्च' (इस पद) में द्वितीय चकार से पुराणपद में निराकांक्षत्वबोधन से पदान्तरसम्बन्ध का वाचक है। किञ्च, श्राद्ध में धर्माख्यानों के ही श्रोतव्यता होने से (अर्थात्-श्राद्ध में धर्माख्यान सुनना चाहिये) ऐसा ऋषियों का मत होने से अन्तरङ्ग रूप से उपस्थित होने के कारण, चिरन्तनन्त (अत्यन्त प्राचीन काल से) प्रसिद्ध होने के कारण (उपर्युक्त मत विचारणीय है)। वहाँ विशेषण भाव की निरर्थकता होने के कारण इसी प्रकार पुराण शब्द व्याख्यान का पर्याय, यह भी नहीं संगत होता है-इतिहास, पुराण, व्याख्यान (इस प्रसंग में) बृहदारण्यक उपनिषद् इस श्रुति से विरोध होने के कारण। और भी, **'आख्यानायायिकेतिहासपुराणेभ्यश्च ठग्वक्तव्यम्'** इस वार्तिक के बल से पुराणपद से वाच्य ग्रन्थों को अवश्य स्वीकार करना चाहिये, इससे उनके न कहे जाने पर ग्रहण का अभाव (यह अर्थ प्राप्त होता है) किन्तु यहाँ अविनाभाव (सदैव साहचर्य) का सम्बन्ध है। किञ्च, आश्वलायन गृह्यसूत्र में, तृतीय अध्याय, पञ्चयज्ञ प्रकरण में स्वाध्याय यज्ञ के निरूपण के समय-

स्वाध्याय का अध्ययन करना चहिये। (स्वाध्याय के अन्तर्गत) ऋचायें (ऋग्वेद), यजुर्वेद, सामवेद, अथर्वाङ्गिरस वेद (अथर्ववेद), ब्राह्मण, कल्प (सूत्र-ग्रन्थ), गाथा (इन्द्रादि देवों की गाथा, यज्ञ-गाथा) नाराशंसी, इतिहास-पुराण (इनका अध्ययन आता है)।

जो ऋचाओं का अध्ययन (स्वाध्याय) करता है, दूध की आहुति से ही देवताओं को तृप्त करता है। जो यजुर्वेद के मन्त्रों का (स्वाध्याय करता है) घृत की आहुतियों से (देवों को तृप्त करता है), जो साम-मन्त्रों (का स्वाध्याय करता है) मधु की आहुतियों से (देवों को तृप्त करता है), जो अथर्वाङ्गिरस (का स्वाध्याय करता है) सोम की आहुतियों से (देवों को तृप्त करता है), जो ब्राह्मण, कल्प, गाथा, नाराशंसी, इतिहास-पुराण (आदि का स्वाध्याय करता है) अमृत की आहुतियों से देवों को तृप्त करता है।

(इन रहस्यों को जानकर) जो ऋग्वेद पढ़ता है, दूध का कुल्या (नहर, क्षुद्र नदी) उसके पितरों को स्वधा (पितरों का अन्न) प्रदान करती हैं। जो यजुर्वेद, घृत की कुल्या, जो साम-मन्त्र, मधु की कुल्या, जो अथर्वाङ्गिरस के मन्त्र, सोम की कुल्या, जो ब्राह्मण, कल्प, गाथा नाराशंसी, इतिहास पुराण हैं, वे अमृत की कुल्या हैं। जो जितने काल तक स्वाध्याय करने में अपने आप को समर्थ मानें उतनी देर तक स्वाध्याय करे। (अर्थात् सदैव समाहित चित्त से अध्ययन करना चाहिये।) इसके पश्चात् इस स्तुति से स्वाध्याय का समापन करना चाहिये -

ब्रह्म को प्रणाम अग्नि को प्रणाम, पृथिवी को प्रणाम, ओषधियों को प्रणाम, वाणी को प्रणाम, वाचस्पति को प्रणाम तथा महान् विष्णु को प्रणाम करता हूँ। (इस स्तुति का तीन बार पाठ करना चाहिये।)

पुराणों का स्वाध्याय में परिगणन होने से वेदाध्ययन के समान पुराणों के अध्ययन फल का श्रवण होने से, श्राद्ध में भी पुराणों का श्रवण पुण्य उत्पन्न करने वाला होने से, नमः सूक्त श्लोक में 'पुराणानि' इस पृथक् पद का ही न्यायत्व है, ऐसा विद्वज्जन विचार करते हैं। इस प्रकार वे जो इतिहास तथा पुराण अनुदिन भारत की संज्ञा है, वह भी असत् है। महाभाष्य और श्रुति (वेद) में इतिहास एवं पुराण इन पदों का दर्शन होता है। इसके निसरन हेतु सावयव **'इतिहासपुराणाभ्यां वेदं समुपबृंहयेत्'** इसमें **'इतिहासपुराणाभ्याम्'** इसमें द्विवचन संगत होता है। और वहीं भारत (महाभारत) के श्रेष्ठत्व वर्णन में-

जैसे दही से मक्खन, मनुष्यों में ब्राह्मण, वेदों से आरण्यक, ओषधियों से अमृत, जलाशयों से समुद्र श्रेष्ठ होता है, चतुष्पद पशुओं की वरिष्ठ गौ होती है, उसी प्रकार इतिहासों का श्रेष्ठ भारत (महाभारत) कहा गया है।

यहाँ भारत का इतिहास मात्र से अलग करने में इतिहास शब्द संगत होता है, न कि इतिहास-पुराण इस अर्थ में प्रयुक्त है। महाभाष्य के प्रथम आह्निक में पुराण को इतिहास का विशेषण कहा गया है। (इस सन्दर्भ में श्रीमद् भगवद् गीता की पंक्ति-) 'यतः प्रवृत्तिः प्रसृता पुराणी' भगवान् श्री कृष्ण की उक्ति के प्रामाण्य से चिरन्तन अर्थ वाले पुराण शब्द का लिङ्ग रूप से प्रकृति (मूल शब्द) इतिहास (का विशेषण होने के कारण) विशेष्यगत पुल्लिंग का अवरोध (पुराण शब्द के मूलतः नपुंसक लिंग होने पर भी नहीं हो पाता क्योंकि) उसका (इतिहास शब्द का) विशेषण होने से पुराण पद में भी पुल्लिंग के निर्देश का औचित्य है। इस औचित्य से तथा नपुंसक के प्रदर्शन (नपुंसक लिंग के प्रयोग की) असंगति प्राप्त होती है। तथा वैद्यक इस शब्द का विशेषण भी कहा नहीं गया है। विशेषण का अन्य से निवृत्ति रूप परिणाम होने के कारण ऐसा किया गया, क्योंकि प्राचीन वैद्यक ग्रन्थों से हटकर अन्य आधुनिक वैद्यक ग्रन्थ का भी शब्द विषयक होने के कारण भाष्य करना अभीष्ट है, इससे उसकी व्यावृति न हो। न कि, उस विशेषणभाव का अनौचित्य है। अतः पूर्वोक्त भाष्य में और श्रुति में पुराण पृथक् ही सिद्ध है।

इसी प्रकार, 'आख्यानाख्यायिका' इस वार्तिक के द्वारा महाभाष्य में दो उदाहरण ऐतिहासिक एवं पौराणिक यह भी सिद्ध हैं। अतः (महाभारत के) अनुशासनिक पर्व में दानधर्म, आयुष्यधर्मनिरूपण में 104 अध्याय में-

पुराण, इतिहास और आख्यान और जो महात्माओं के चरित हैं उनको नित्य ही सुनना चाहिये।

यहाँ पुराण से पृथक् इतिहास की उक्ति प्रतिपादित है। ग्रन्थ विशेष का वाचक पुराण शब्द नपुंसक लिंग है। 'यतः प्रवृत्तिः प्रसृता पुराणी' इत्यादि प्रामाण्य से विशेषणवाचक स्त्रीलिंग है। प्रत्यक्ष प्रमाण (महाभारत के) अनुशासन पर्व के दानधर्म में, 90 अध्याय में पाङ्क्तेय ब्राह्मण के निरूपण में-

जो भाष्य के ज्ञाता हैं, कुछ जो व्याकरण शास्त्र में संलग्न हैं, जो पुराणों तथा धर्मशास्त्रों का अध्ययन करते हैं। इसी प्रकार विराट पर्व (महाभारत) के 51 वें अध्याय में, उत्तरण ग्रह में-

हे राजन्, वेदान्त, पुराण, प्राचीन इतिहास (आदि विषयों में) जामदग्न्य को छोड़कर कौन द्रोण से अधिक हो सकता है ।

इसी प्रकार (महाभारत के) आदि पर्व में, उपक्रमणिका अध्याय में ब्रह्मा के प्रति व्यास (कहते हैं)-

मेरे द्वारा जो ब्रह्मवेद का रहस्य एवं अन्य जो कुछ ज्ञान स्थापित किया गया, वेदों और अङ्गों सहित उपनिषदों का विस्तार किया गया, इतिहास एवं पुराणों का जो उन्मेष (वर्गीकरण, व्याख्या, विस्तारादि) निर्मित हुआ तथा भूत, वर्तमान एवं भविष्य-तीन प्रकार के काल की संज्ञा दी गई है।

इसी प्रकार (महाभारत के) अनुशासनिक पर्व में-

हे राजन्, आपको युक्तिशास्त्र, शस्त्रशास्त्र, और गन्धर्वशास्त्र जानना चाहिये तथा कलायें जानने योग्य हैं।

इसी प्रकार वाल्मीकि रामायण के बाल काण्ड में-

इस रहस्य को जानकार सूत ने राजा से यह कहा-आप उस पुरावृत्त (प्राचीन घटना) को सुनिये जो

पुराण में मेरे द्वारा सुना गया है।

इस प्रकार वहुत से प्रमाण महाभाष्य, बृहदारण्यक उपनिषद्, छान्दोग्य उपनिषद्, आश्वलायन गृह्यसूत्र, मनुस्मृति, महाभारत तथा रामायण आदि ग्रन्थों में ही प्राप्त होते हैं। इस प्रकार केवल अपने मुख से निकली वाणी मात्र होने के कारण उनकी असत्यता नहीं (प्रमाणित) होगी। उनके सत्य होने पर उनके द्वारा प्रतिपादित देवप्रतिमादिकों की सत्यता और अधिक स्पष्ट है। सामवेद के अद्‌भुतशान्ति प्रसंग में जैसे प्रतिमायें हँसती हैं, रोती हैं, नृत्य करती हैं। जैसा कि निरुक्त में-

अब देवों के आकार पर विचार किया जाता है। एक (मत के अनुसार देवता) पुरुषों के समान होते हैं। उनकी स्तुतियाँ चेतना युक्त के सदृश होती हैं। अचेतनों की भी स्तुति इसी प्रकार होती है जैसे अक्ष (जुआ) आदि से ओषधि (वनस्पति) पर्यन्त की (स्तुति होती है)। इसी प्रकार ग्रावस्तुति (सोमाभिषव करने वाले प्रस्तर की स्तुति)। 'जीविकार्थे चापण्ये' इस सूत्र के भाष्य में 'अपण्य' कहा गया है। वहाँ यह नहीं सिद्ध होता-शिव, स्कन्द, विशाख। क्या कारण है? (महाभारत-)

सुवर्ण की इच्छा रखने वाले मौर्यों के द्वारा जो मूर्तियाँ निर्मित होती हैं, उनमें न हो बल्कि उनमें हो जो इस समय पूजा के निमित्त हैं, उनमें (ये मूर्तियाँ) होंगी।

इसी प्रकार सुश्रुत सँहिता, शरीरस्थान के तीसरे अध्याय में गर्भिणी-दोहद-विचार के प्रसंग में-

जिस स्त्री का दोहद (गर्भकालिक कामना) राजा को देखने की हो, वह स्त्री समृद्ध अत्यन्त भाग्यशाली कुमार (पुत्र) को जन्म देती है। जिसका दोहद देव प्रतिमा में हो, वह उत्तम देव-पार्षद को जन्म देती है। जिस स्त्री को सर्पों के दर्शन की लालसा होती है वह हिंसक प्रवृत्ति के सन्तान को जन्म देती है।

इसी प्रकार महाभारत के आदि पर्व 130 अध्याय (प्राप्त अध्याय 123) में एकलव्य के उपाख्यान में-

उस धर्मज्ञ (द्रोण) ने उसे (एकलव्य को) धनुर्विद्या हेतु शिष्य रूप में-निषाद है-ऐसा सोचते हुये स्वीकार नहीं किया। एकलव्य द्रोण के दोनों पैरों को पकड़कर अपने शिर से प्रणाम करते हुये वन में पहुँचें। वहाँ द्रोण की मृण्मयी मूर्ति बना कर, उस मूर्ति में आचार्य-भाव करते हुये एकाग्र चित्त हो गये। उन्होंने नियम पूर्वक बाणक्षेपण रूपी योग में अपने को स्थित किया। परम श्रद्धा से युक्त होकर तथा अपने परम योग से (एकाग्र भाव से शर-सन्धान करते हुये) बाणों के छोड़ने एवं शर-सन्धान में एकलव्य ने कुशलता प्राप्त की।

इसी प्रकार (महाभारत के) भीष्म पर्व, 112वें अध्याय में-

देवालयों में स्थित कौरव-राज के देवता काँपते हैं, हँसते हैं, नाचते हैं तथा रोते हैं।

इसी प्रकार वहीं, दूसरे अध्याय में-

देवताओं की प्रतिमायें काँपती हैं और हँसती हैं। मुख से रक्त का वमन करती हैं, पसीना-पसीना होती हैं एवं गिर पड़ती हैं।

इसी प्रकार, वहीं तीसरे अध्याय में-

काल से प्रेरित ये शिशु शस्त्रयुक्त प्रतिमायें बनाते हैं तथा हाथ में दण्ड लेकर एक दूसरे के पीछे दौड़ते हैं।

इसी प्रकार मनुस्मृति में-

मिट्टी, गौ, देवप्रतिमा, ब्राह्मण, घृत, मधु, चौराहा एवं प्रसिद्ध वृक्ष की प्रदक्षिणा करते हुये (इन्हें अपने से दाहिने करते हुये)चलना चाहिये। मनु की उक्ति-

जोते गये खेत, जल, ईंट के भट्टे, पर्वत, जीर्ण, देवालय एवं दीमक की बाँबी पर (कभी मल-मूत्र न त्यागे)।

पुनः वहीं-

देवता, गुरु, राजा, स्नातक, आचार्य, अग्नि और दीक्षित की छाया को नहीं लाँघना चाहिये।

पुनः वहीं-

(ग्रामादि के) सीमा-सन्धि के स्थान पर पोखरा, कूप, बावड़ी, नहर तथा देवालय का (निर्माण कराना चाहिये)।

पुनः वहीं-

कोष्ठागार, शस्त्रागार तथा देवालय को नष्ट करने वाले तथा गज, अश्व और रथ का हरण करने वाले, का राजा बिना सोच-विचार किये वध ही करे।

इत्यादि (वचनों से) प्रतिमायें स्पष्ट रूप से सिद्ध होती हैं। हम शब्द प्रमाण वाले हैं। जो शब्द कहता है, वही हमारा प्रमाण है। अत: खिलों में हरिवंश पुराण के 133 वें अध्याय (प्राप्त प्रसंग 2.74.52) में भगवान् का वाक्य-

जो भक्त भक्ति पूर्वक प्रस्तर की प्रतिमा बना कर नित्य उसकी सेवा (पूजा) करेंगे, वो मेरी गति (विष्णु लोक) को प्राप्त करेंगे।

वहीं 140 वें अध्याय में-


दैवयोग से जो सती स्त्री विधवा हो जाती है, उसका जो पुराणोक्त धर्म है, हे सुमध्यमे! मैं कहता हूँ। वह स्त्री पति की चित्र-प्रतिमा या मृण्मयी प्रतिमा बना कर उसकी सदा पूजा करे एवं सज्जनों के धर्म का स्मरण करे। यह गौरी के प्रति शिव का वाक्य है। अतएव, 'भ्राजभास' सूत्र में कहे गये के समान सैकड़ों (उदाहरण) हैं। पुराणों में बहुत से उदाहरण हैं। उनको पल्लवित करने (विस्तार करने से) क्या ? इस उपस्थित अर्थ को छोड़कर अनुपस्थित अर्थ की कल्पना नहीं करनी चाहिये। इसलिये शास्त्र ही प्रमाण है। उनसे करणीय तथा अकरणीय की व्यवस्था (समझनी चाहिये, उसी व्यवस्था के आधार पर) पुराण, मानव-धर्म एवं अङ्गों सहित वेद सुविचारित हैं। चार आज्ञा-सिद्ध हैं एवं किसी कारण से इनका हनन नहीं करना चाहिये ऐसा भारतीयवचन का पर्यालोचन है। जैसे-

कुरुक्षेत्र में मत्स्य, पञ्चाल और शूरसेनियों (मथुरा-क्षेत्र), इनमें ब्रह्मावर्त से कुछ अन्तर है। यह (ब्रह्मावर्त देश) ब्रह्मर्षि देश है। इस देश में उत्पन्न ब्राह्मणों से विश्व के सभी मनुष्यों को अपना-अपना चरित्र (सदाचार) सीखना चाहिये।

ऐसा (मनुस्मृति में कहा गया है। तात्पर्य यह है कि) मनुष्यों का अर्थात् इस देश में उत्पन्न ब्राह्मणों का आचार सभी के द्वारा सीखने योग्य है।

पुष्पिका-

पुराण-प्रमाण सन्दर्भ (ग्रन्थ में) इस वचन से वह (ब्रह्मरूप) मङ्गलादि के द्वारा ध्यान करने योग्य, यह पुराण पुरुष वासुदेव प्रसन्न हों। इस प्रकार मथुरा निवासी गौडोदय प्रकाश देव पण्डित द्वारा निर्मित पुराण-प्रमाण-सन्दर्भ समाप्त हुआ।



हस्तलेख में उद्धृत ग्रन्थों की सूची एवं प्रयुक्त ग्रन्थों के प्रकाशनादि विवरण

वैदिक ग्रन्थ-

आश्वलायन-गृह्यसूत्र - सम्पादक-नरेन्द्रनाथ शर्मा, प्रका.-ईस्टर्न बुक लिंकर्स, दिल्ली 1976।
उपनिषत्संग्रह - सम्पादक-जगदीश शास्त्री, प्रका. मोतीलाल बनारसी दास, दिल्ली, 1980
निरुक्त (खण्ड-2) - व्याख्याकार-सीताराम शास्त्री, प्रका. - परिमल पब्लिकेशन्स दिल्ली, 2002
शतपथब्राह्मण - सम्पा.-रामनाथ दीक्षित प्रका.-चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी-1984

पौराणिक ग्रन्थ


हरिवंश-पुराण - प्रका.-नाग पब्लिशर्स दिल्ली, 1985।
महाभारत - (1) सम्पा.-पी.पी.एस. शास्त्री प्रका.- वी. रामास्वामी शास्त्रूलु एण्ड सन्स, मद्रास, 1931
(2) सम्पा.-श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मंडल पारडी, बलसाड, गुजरात, 1978
वाल्मीकि-रामायण - सम्पा.-वासुदेव लक्ष्मण शास्त्री, इन्डोलॉजिकल बुक हाउस, दिल्ली, 1930

अन्य ग्रन्थ

मनुस्मृति (खंड 1-6)- सम्पा.-जे. एच. दवे प्रका.-भारतीय विद्या भवन वाम्बे, 1970-84
महाभाष्य (प्रथम खण्ड, प्रथम भाग)-व्याख्याकार -प्रो. भीमसिंह वेदालंकार प्रका.-विद्यानिधि शोध संस्थान कुरुक्षेत्र। 2006
सुश्रुतसंहिता (शरीरस्थानम्)
टीकाकार-डॉ. भासकर गोविन्द घाणेकर प्रका.-मेहरचन्द्र लछमन दास दिल्ली, 1975

सहायक-ग्रन्थ

1. पुराणविमर्श - पं. बलदेव उपाध्याय, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, 1965
2. पुराणपरिशीलन - पं. गिरिधार शर्मा चतुर्वेदी, बिहार राष्ट्र भाषा, पटना, 1970
3. पुराणपर्यालोचनम् - श्रीकृष्णमणि त्रिपाठी, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, 1975
4. पुराणों में सृष्टि और प्रलय - डॉ. कृष्ण चन्द्र सिंह, सत्यम् पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 2005



Under the Auspices of The Ministry of
Human Resource Development
Government of India



राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्
गङ्गानाथझापरिसरः
चन्द्रशेखर-आजादोद्यानम्,
प्रयागः - 211002